20 मार्च, 2025
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, षष्ठी
संवत 2081
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 149


चार अधिकारी किये गये हैं निलंबित : वित्त मंत्री



# पर्यटन हब के रूप में विकसित होंगे धार्मिक स्थल : हेमंत सोरेन

- मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने श्री बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव घोषित किया है

आजाद सिपाही संवाददाता

**गढ़वा।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि हर वर्ष यहां श्री बंशीधर महोत्सव मनाया जाता है, परंतु विगत कुछ वर्षों से इस महोत्सव को और अधिक भव्य बनाने एवं महोत्सव का पैमाना बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने संकल्प लिया है। अब श्री बंशीधर महोत्सव राजकीय महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है। देश-दुनिया में यह महोत्सव अपना अलग स्थान बनाये, इस निमित्त हमारी सरकार ने इस महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में आयोजित करने की घोषणा की थी। हम सभी इस महोत्सव के शुभारंभ कार्यक्रम में उपस्थित हुए हैं। इस पावन वेला पर आप सभी को राज्य सरकार की ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। मुख्यमंत्री बुधवार को गढ़वा जिला स्थित नगरऊंटारी में आयोजित राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव-2025 को संबोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लोगों ने बंशीधर महोत्सव को राजकीय महोत्सव बनाया। इसी तरह पलामू प्रमंडल में हम लोगों ने आदिवासी भाइयों के दुबिया खांड मेला को राजकीय महोत्सव का दर्जा दिया है। अब इस राज्य में ऐसे सभी धार्मिक स्थलों को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की भावी योजना बनाने की तैयारी चल रही है। सरकार गठन के बाद हम लोगों ने कलम चलाना प्रारंभ किया है। अभी इसे जमीन पर उतरना बाकी है। आप सभी का आशीर्वाद आप लोगों का सहयोग यूं ही बना रहा, तो विगत 5 साल में जो गति विकास को दिया गया है, उस गति को 100 गुना बढ़ाने का मैं वादा करता हूं।

**कुछ लोगों को अच्छे कार्य पसंद नहीं हैं:** मुख्यमंत्री ने कहा कि मुझे तकलीफ भी होती है कि इतना मन लगाकर कार्य करने के बावजूद कुछ असामाजिक तत्व किस्म के लोग हमारे कार्यों में व्यवधान डालते हैं। हमें कार्य करने से रोकते हैं एवं झूठा आरोप लगाकर हमें परेशान किया जाता है। इन लोगों को अच्छा कार्य पसंद नहीं है। इस अवसर पर विधायक अनंत प्रताप देव, कल्पना सोरेन और विधायक नरेश प्रसाद सिंह के अलावा पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर, आइजी पलामू सुनील भास्कर समेत अन्य गणामान्य लोग मौजूद थे।

(संबंधित खबर पेज-7 पर)




## विकासात्मक कार्यों की रूपरेखा हो रही तैयार

मुख्यमंत्री ने कहा कि आने वाले वर्षों में हम राज्यवासियों के उत्थान तथा उनके विकास के लिए क्या-क्या कार्य करेंगे, इसकी रूपरेखा तैयार हो रही है। इन कार्यों का बजटीय उपबंध विधानसभा सत्र के माध्यम से पारित कर राज्य सरकार अपना कार्य शुरू करेगी, इस निमित्त विधान सभा सत्र आहूत की गयी है।

## हम कहते नहीं हैं करके दिखाने वाले लोग हैं

हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य की आधी आबादी को उनके पैरों पर खड़ा करने हेतु ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए इस राज्य की सभी महिलाओं को हमने सम्मान राशि देने का काम किया है। देश के 28 राज्यों में नारी शक्ति को सबसे अधिक सम्मान देने का काम झारखंड में किया जाता है, वह भी राज्य सरकार के द्वारा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम कहते नहीं हैं। हम करके दिखाने वाले लोग हैं। हमने चुनाव से पहले जो वादा किया, सरकार बनते ही उस वादा को पूर्ण करने का काम किया है।

# नागपुर हिंसा: मास्टरमाइंड फहीम गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में औरंगजेब का पुतला जलाने पर 17 मार्च को हुई सांप्रदायिक हिंसा मामले में पुलिस ने बुधवार को मास्टरमाइंड फहीम शमीम खान को गिरफ्तार किया। उसे 21 मार्च तक पुलिस कस्टडी में भेजा गया है। फहीम खान ने 500 से ज्यादा दंगाइयों को इकट्ठा किया और हिंसा को बढ़ावा दिया था। दंगाइयों ने महिला पुलिसकर्मी के कपड़े उतारने और झड़प के दौरान उन्हें गलत तरीके से छूने की भी कोशिश की। यह जानकारी दर्ज एफआइआर से सामने आयी है। उधर, नागपुर में हिंसा वाली जगह पर लगातार दूसरे दिन कर्फ्यू लगा रहा। अब तक 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर जिले के खुल्ताबाद में औरंगजेब की कब्र को वाले इलाके को प्रशासन ने ड्रोन प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया है। फहीम खान अल्पसंख्यक डेमोक्रेटिक पार्टी (एमडीपी) का नगर अध्यक्ष है। नागपुर के यशोधरा नगर स्थित संजय बाग कॉलोनी में रहता है। पुलिस ने बताया कि सांप्रदायिक झड़पों के सिलसिले में दर्ज एफआइआर में फहीम खान का नाम प्रमुख आरोपियों में शामिल है। प्रारंभिक जांच में यह भी सामने आया है कि फहीम खान ने हिंसा भड़कने से कुछ समय पहले कथित तौर पर भड़काऊ भाषण दिया था, जिससे इलाके में तनाव बढ़ गया और हिंसा भड़क उठी। फहीम खान ने 2024 में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ लोकसभा चुनाव लड़ा था।


NATIONAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
National Programme for Control of Blindness

## मोतियाबिन्द

### मोतियाबिन्द के लक्षण, उपचार एवं रोकथाम

### मोतियाबिन्द के लक्षण

- दृष्टि में धुंधलापन या अस्पष्टता।
- बुजुर्गों में निकट दृष्टि दोष में निरंतर बढ़ोतरी।
- रंगों को देखने की क्षमता में बदलाव।
- रात में वाहन चलाने में दिक्कत आना।
- दिन के समय आँखें चौंधियाना।
- दोहरी दृष्टि (डबल विज़न)।
- चश्मे के नंबर में अचानक बदलाव आना।

### मोतियाबिन्द का उपचार

- मोतियाबिन्द का एक मात्र उपचार ऑपरेशन है।
- इस ऑपरेशन में आँख से धुंधला लेंस निकाल दिया जाता है और कृत्रिम लेंस लगाया जाता है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन सुरक्षित एवं सरल है।
- मोतियाबिन्द का ऑपरेशन किसी भी मौसम में करवा सकते हैं।

### मोतियाबिन्द की रोकथाम

- चालीस वर्ष के पश्चात नियमित रूप से आंखों की जांच कराएं।
- अपना वजन सामान्य बनाएं रखें।
- रंग-बिरंगे फलों और सब्जियों को अपने भोजन में शामिल करें।
- धूम्रपान छोड़ें और शराब का सेवन कम से कम करें।

सभी सरकारी अस्पतालों में **नेत्र जाँच एवं उपचार** की **निःशुल्क** सुविधा उपलब्ध है

P.R. 348569 (Health Med Edu and Family Welfare) 24-25

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखण्ड**
स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड सरकार
104 108



माह-ए-रमजान
इफ्तार 6:00 शाम गुरुवार
सेहरी 4:37 सुबह शुक्रवार
Sreeleathers
66 K-ROAD, BISTUPUR


# इडी के अधिकारियों ने राजद प्रमुख से पूछा ‘लालू जी, राबड़ी-मीसा को सस्ते में जमीन क्यों मिली’

लैंड फॉर जॉब मामले में चार घंटे हुई पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

**पटना।** लैंड फॉर जॉब मामले में राजद सुप्रीमो लालू यादव से प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने बुधवार को चार घंटे तक पूछताछ की। इडी के अधिकारियों ने पूछा कि राबड़ी देवी और मीसा भारती को सस्ते में जमीन क्यों बेची गयी। साथ ही ये भी पूछा कि रजिस्ट्री के बाद संजय राय और उसके परिवार को नौकरी मिली, ऐसा क्यों। सुबह करीब 11 बजे लालू यादव बेटी मीसा भारती के साथ इडी कार्यालय पहुंचे थे। इनसे करीब चार घंटे पूछताछ हुई। इस दौरान लगभग दो बजे लालू को खाना और दवा के लिए लंच ब्रेक दिया गया। वहीं, मीसा भारती और राजद समर्थक बाहर राजद सुप्रीमो का इंतजार करते दिखे।



सूत्रों के मुताबिक इडी ने लालू से पूछताछ के लिए सवालों की सूची पहले से तैयार कर रखी थी। उनसे एक दर्जन से अधिक सवाल पूछे। इडी ने पूछाः किशुन देव राय ने अपनी तीन हजार वर्ग फीट की जमीन मात्र 3.75 लाख रुपये में राबड़ी देवी को ही क्यों बेची? राज कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार और अजय कुमार से आप कब मिले थे? आप से मिलने और राबड़ी देवी को जमीन मिलने के बाद ही इन तीनों को मध्य रेलवे मुंबई में ग्रुप डी के पद पर नौकरी क्यों मिली। राबड़ी देवी के नाम जमीन रजिस्ट्री होने के बाद संजय राय और उसके परिवार के दो सदस्य को रेलवे में नौकरी मिली, ऐसा क्यों? किरण देवी ने अपनी 80 हजार 905 वर्ग फीट जमीन 3.70 लाख रुपये में आखिर आपकी बेटी मीसा भारती को ही क्यों बेची?सूत्रों के मुताबिक लालू यादव कई सवालों में उलझे और संतुष्टिपूर्ण जवाब नहीं दे पाये। इडी उन्हें फिर पूछताछ के लिए बुला सकती है।


FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nurshing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com


# मुस्कुरायी सुनीता विलियम्स तो खिलखिला उठी पूरी दुनिया

एजेंसी

**ह्यूस्टन/फ्लोरिडा।** सुनीता विलियम्स की सुरक्षित वापसी पर भारत समेत पूरी दुनिया में खुशी का माहौल है। नौ माह बाद अंतरिक्ष से वापस आनेवाली भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच बिल्मोर स्वस्थ हैं। इन दोनों के साथ दो और अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर स्पेसएक्स का कैप्सूल बुधवार तड़के फ्लोरिडा के समुद्र में उतरा था। नासा के कमर्शियल क्रू प्रोग्राम के मैनेजर स्टीव स्टिच ने मीडिया ब्रीफिंग में बताया कि धरती पर लौटने के बाद सुनीता विलियम्स समेत क्रू-9 और क्रू-10 के सभी अंतरिक्ष यात्री पूरी तरह सुरक्षित और स्वस्थ हैं। उन्होंने पुष्टि की कि सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्री रिकवरी शिप पर हैं, जहां पर उनकी मेडिकल जांच की रही है। इसके बाद इन सभी को देर रात तक ह्यूस्टन ले जाया जायेगा, जहां और विस्तृत जांच और सभी टेस्ट होंगे। स्टिच ने कहा कि लंबे समय तक अंतरिक्ष में रहने के कारण अंतरिक्ष यात्रियों को धरती पर लौटने पर गुरुत्वाकर्षण से तालमेल बैठाने में समय लगता है। इसके अलावा अंतरिक्ष में रहने के कारण हड्डियां सिकुड़ जाती हैं और पैर के तलवे नरम हो जाते हैं, जिन्हें बेबी फीट कहा जाता है। इस कारण उन्हें कुछ दिन जमीन पर सामान्य इंसान की तरह चलने में दिक्कत होंगी। ह्यूस्टन में रिकवरी के बाद डॉक्टरों की अनुमति मिलने के बाद सुनीता विलियम्स और बुच अपने घर जा सकेंगे।




**BABU DINESH SINGH UNIVERSITY**
FARATHIYA. GARHWA- 822114. JHARKHAND

**VACANCIES**

BDSU invites applications from accomplished academic Professional for the post of **Professor, Associate Professor and Assistant Professor** in the following subjects-

- *Hindi, English, Sanskrit, Economics, Psychology, Mathematics, Physics, Chemistry, Botany, Zoology, and Commerce for Undergraduate (UG) & Postgraduate (PG).*
- *M.Sc. in Microbiology, Physiology & Biochemistry*
- *M.Sc. (M.L.T.)*
- *B.Sc. Agriculture (Honours)*

*Interested Candidates may apply along with Resume /CV through email to* registrar.bdsu@gmail.com/ *using QR code/link latest by 20th April, 2025.*

https://forms.gle/TFcdXAycGFFP87C89
OR
registrar.bdsu@gmail.com / registrar@bdsu.ac.in
On or before 20th April, 2025
Ref. No.: BDSU/R/IC/56/2025 dated-19.03.2025

Shortlisted experienced candidates will be called for Interview. Salary will be paid as per UGC/BDSU norms
Eligibility: As per UGC norms
Contact No.: +91- 9241998498
Sd/- Registrar

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

सर्राफा
सोना (बिक्री) 82,500 रु./10 ग्राम
चांदी 104,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in


# धैर्य और साहस की जीवंत प्रतीक सुनीता विलियम्स

**भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर नासा के निक हैग और रूसी अंतरिक्ष यात्री अलेक्जेंडर गोर्बुनोव नौ महीने से अधिक के लंबे मिशन के बाद सफलतापूर्वक पृथ्वी पर लौट आये हैं। स्पेसएक्स के ड्रैगन अंतरिक्ष यान के जरिये उन्हें सुरक्षित रूप से फ्लोरिडा के तट के करीब समंदर में उतारा गया। इस ऐतिहासिक वापसी के दौरान एक दिलचस्प नजारा भी देखने को मिला, जब कैप्सूल के समुद्र में उतरते ही डॉल्फिन उसके आसपास तैरती नजर आयीं। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा का यह मिशन इसलिए भी ऐतिहासिक है, क्योंकि इसकी मदद से सुनीता विलियम्स ने खुद को इंसानी धैर्य और साहस की जीवंत प्रतीक बना लिया है। इसलिए उनकी वापसी पर जहां पूरी दुनिया खुश है, वहीं भारत में यह खुशी दोगुनी है, क्योंकि उनकी रगों में भारत का खून है। सुनीता विलियम्स को दुनिया भर से बधाई और शुभकामना संदेश मिले हैं, लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संदेश बेहद खास है, क्योंकि इसमें लिखा गया है, हमें तुम पर गर्व है भारत की बेटी। सुनीता विलियम्स ने अनंत अंतरिक्ष में नौ महीने गुजार कर एक तरफ जहां महिलाओं की हिम्मत का नया प्रतिमान गढ़ा है, वहीं उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान को भी नयी ऊंचाइयां दी हैं। खुद नासा ने उनके द्वारा किये गये डेढ़ सौ से अधिक प्रयोगों की मदद से अपने भावी अंतरिक्ष अभियानों को और अधिक निरापद बनाने की बात कही है और मानवता के हित के लिए उनके इस्तेमाल की घोषणा की है। बहरहाल, सुनीता विलियम्स की धरती पर वापसी के लिए उन्हें ढेर सारी बधाइयां और उनके जज्बे को सलाम। क्या है सुनीता विलियम्स की बापसी के मायने, बता रहे हैं आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

आजाद सिपाही विशेष


राकेश सिंह

भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी नौ महीने बाद इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से धरती पर मंगलवार देर रात 3:27 बजे लौट आयीं। गुजरात के मेहसाणा में पैदा हुए डॉ दीपक पांड्या की बेटी सुनीता ने इतने दिनों तक अंतरिक्ष में रह कर वह प्रतिमान कायम किया है, जिसके लिए बहुतों को उनसे ईर्ष्या हो रही होगी। इंसानी धैर्य और साहस की प्रतिमूर्ति बन कर धरती पर लौटीं सुनीता विलियम्स ने साबित कर दिया है कि इंसान के लिए कुछ भी असंभव नहीं है। यदि इंसान चाह ले, तो फिर वह अनंत अंतरिक्ष को भी मात दे सकता है। सुनीता की वापसी पर अमेरिका के साथ भारत में भी खुशी मनायी जा रही है। उनके वापस आने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके साहस की सराहना की है और भारत आने का न्योता भी दिया है।

## पीएम मोदी ने सुनीता विलियम्स की वापसी पर लिखा

पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा, आपका पुनः स्वागत है, क्रू 9! पृथ्वी को तुम्हारी याद आयी। यह उनके धैर्य, साहस और असीम मानवीय भावना की परीक्षा रही है। सुनीता विलियम्स और क्रू 9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर हमें दिखाया है कि दृढ़ता का वास्तविक अर्थ क्या है। विशाल अज्ञात के सामने उनका अडिग दृढ़ संकल्प लाखों लोगों को सदैव प्रेरित करेगा।

## सुनीता विलियम्स के पैतृक गांव में मना जश्न

सुनीता विलियम्स के धरती पर लौटने पर बुधवार सुबह गुजरात के मेहसाणा जिले में उनके पैतृक गांव में जश्न का माहौल रहा। झूलासन के सभी लोग टेलीविजन पर इस घटना का सीधा प्रसारण देखने के लिए गांव के मंदिर में एकत्र हुए। सभी की निगाहें सुनीता की सुरक्षित वापसी पर टिकी थीं। सुनीता विलियम्स और अन्य अंतरिक्ष यात्रियों को लेकर कैप्सूल रूपी यान जैसे ही उतरा, ग्रामीणों ने आतिशबाजी शुरू कर दी और हर हर महादेव के जयकारे लगाते हुए हर कोई झूमने लगा।

## क्यों ऐतिहासिक है सुनीता विलियम्स की वापसी

*साल 1967 में फिल्म आयी थी तकदीर। फिल्म में एक बड़ा ही मार्मिक और हृदयस्पर्शी गीत है,*
*सात समंदर पार से, गुड़ियों के बाजार से,*
*अच्छी सी गुड़िया लाना, गुड़िया चाहे न लाना*
*पापा जल्दी आ जाना।*

इस गीत को लता मंगेशकर ने अपने सुरों से सजाया था। गाने में सिचुएशन यह है कि एक छोटी बच्ची अपनी मां और भाई-बहनों के साथ मिलकर पापा के जल्दी आ जाने की प्रार्थना कर रही है। पहले वह कहती है कि मेरे लिए कोई गुड़िया ले आना, लेकिन अगले ही पल वह कहती है, गुड़िया चाहे न भी लाना, लेकिन पापा तुम जल्दी आ जाना। किसी का बहुत दूर चले जाना और फिर जल्दी न लौट पाना और यह नहीं जानना कि उसका लौट पाना कब संभव होगा, यह किसी के भी जीवन की सबसे त्रासद घटना है। बड़ी बात यह है कि ये त्रासदी दोनों ही ओर घटती है। एक तो उसमें जो ये सोचकर दिन बिता रहा है कि वह घर कब लौटेगा और दूसरी उनमें, जो इस इंतजार में हैं कि जो गये हैं, वो लौटेंगे कब। यह त्रासदी वहां अपने चरम पर होती है, जब सवाल कब लौटना होगा का नहीं, कैसे लौटना होगा का बन जाये। मन आशंका से घिर जाये कि लौटना होगा भी कि नहीं, भयभीत मन पल-पल ये सोचने लग जाये कि लगता है कि अब नहीं लौट पायेगा। सुनीता विलियम्स बीते नौ महीने इन्हीं सवालों के आवरण में रही हैं। इसलिए उनकी वापसी ऐतिहासिक भी है और खुशियां मनाने का अवसर भी।



## उनका घर लौटना नये जन्म की तरह

यूं तो सुनीता का घर टेक्सास के ह्यूस्टन में है, लेकिन नौ माह यानी 286 दिन अंतरिक्ष में बिताने के बाद सुनीता अक्सर सोचती होंगी कि घर कहां पर है? क्या इस निस्सार संसार में मनुष्य की अजनबी आत्मा का कोई घर है भी? ध्यान देने वाली बात है कि नौ माह यानी यही 280 दिन का दौर एक शिशु का गर्भ में पूर्ण विकसित होकर बाहरी दुनिया में जन्म लेने की तयशुदा अवधि है। और यह भी देखिए कि जब धरती पर इस देह की इहलीला समाप्त हो जाती है, तो हम उसके जाने की दिशा अंतरिक्ष ही बताते हैं। वही अनंत आकाश, जहां सब शून्य है। सवाल करते हैं कि आत्मा कहां गयी, उत्तर मिलता है कि वह तो स्वर्गवासी हो गयी। तो इसलिए सुनीता का घर लौटना नये जन्म की तरह है। वह फिर से चलेंगी, बोलेंगी और महसूस करेंगी, जैसे एक शिशु करता है। जब ड्रैगन कैप्सूल पृथ्वी के वायुमंडल में दाखिल हुआ, तो इसका तापमान 1,600 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। स्प्लैशडाउन के बाद सेफ्टी टीम ने रिकवरी शिप की मदद से चारों अंतरिक्षयात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। सबसे पहले निक हेग, फिर एलेक्जेंडर गोर्बुनोव, उसके बाद सुनीता विलियम्स और आखिर में बुच विल्मर को बाहर लाया गया। नौ महीने के अंतराल के बाद जब सुनीता ने पहली बार पृथ्वी की ग्रैविटी महसूस की, पहली सांस लेते ही उनके कदम तो डगमगाये, लेकिन उनके चेहरे पर खुशी झलक रही थी। उन्होंने हाथ हिलाकर सभी को अभिवादन किया।

## सुकून देने वाली है सुनीता विलियम्स की घर वापसी

वास्तव में सुनीता विलियम्स की यह वापसी एक सुकून देती है और उम्मीद जगाती है कि कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी घर लौट आने की एक गुंजाइश तो होती है। उनका घर लौट आना एक वैज्ञानिक घटना से कहीं अधिक बड़ा है। यह एक काव्य है, जो अंतरिक्ष के शून्य और धरती की माटी को जोड़ता है। यह एक नाद है, जो गीता के कर्मयोग और हिंदू दर्शन के पुनर्जन्म को प्रतिबिंबित करता है। जैसे कोई परिंदा थक कर अपने घोंसले में लौटता है, वैसे ही सुनीता धरती की गोद में विश्राम पा रही हैं। उनका शरीर अब नवजात की तरह कोमल है। हृदय संकुचित है और मस्तिष्क की नसें भी नवजात की ही तरह कुछ सिकुड़ी सी होंगी, लेकिन उनकी आंखों में चमक, उनके कदमों में थकान, और उनके हृदय में अपनों से मिलन की उत्कंठा होगी और यह सब एक ऐसी तस्वीर बनाता है, जिनसे आंखें नमी पाती हैं और आत्मा अपनी ऊंचाई।

## अंतरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला का रिकॉर्ड

नासा के अनुसार, सुनीता विलियम्स ने अंतरिक्ष में सबसे अधिक समय बिताने वाली महिला का नया रिकॉर्ड बनाया है। उन्होंने स्पेस स्टेशन के बाहर 62 घंटे और 9 मिनट तक काम किया और 9 बार स्पेसवॉक किया। उनके इस ऐतिहासिक मिशन ने अंतरिक्ष अनुसंधान में एक और मील का पत्थर जोड़ा है। इस सफल मिशन के बाद नासा और स्पेसएक्स दोनों ने सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्षयात्रियों की हिम्मत और समर्पण की सराहना की। उनकी सुरक्षित वापसी ने भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए नयी संभावनाओं के दरवाजे खोल दिये हैं।

# केंद्र-किसानों की 7वीं वार्ता भी बेनतीजा

**-केंद्रीय मंत्री शिवराज बोले, सकारात्मक और उद्देश्य पूर्ण चर्चा हुई, चार मई को फिर बैठक होगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**चंडीगढ़।** फसलों पर न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) समेत अन्य मांगों को लेकर बुधवार को केंद्र और किसानों के बीच सातवें दौर की वार्ता करीब चार घंटे चली। लेकिन, इसमें कोई नतीजा नहीं निकला। दोनों पक्षों के बीच वार्ता बेनतीजा रही। वार्ता के बाद केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि दोनों तरफ से हुई बातचीत सकारात्मक और उद्देश्य पूर्ण रही। चर्चा जारी रहेगी। अब अगली बैठक 4 मई को होगी।



बता दें कि किसानों की तरफ से संयुक्त किसान मोर्चा (गैर राजनीतिक) के नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल और किसान मजदूर मोर्चा (केएमएम) के संयोजक सरवन सिंह पंधेर की अगुआई में 28 किसान नेता पहुंचे थे।

वहीं, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रह्लाद जोशी और पीयूष गोयल के अलावा पंजाब सरकार की तरफ से कृषि मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां और वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा किसानों से बातचीत की। लेकिन, इसमें कोई नतीजा नहीं निकला।

# गृह मंत्री से मिले राज्यपाल, विधि-व्यवस्था पर की चर्चा

**राज भवन पत्रिका भेंट की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने बुधवार को नयी दिल्ली में केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से भेंट की। इस दौरान उन्होंने राज्य की विकास योजनाओं और वर्तमान विधि-व्यवस्था पर विस्तृत चर्चा की।

राज्यपाल ने इस अवसर पर राज भवन, रांची द्वारा प्रकाशित राज भवन पत्रिका की प्रति केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री को भेंट की। यह पत्रिका 31 जुलाई 2024 से 31 जनवरी 2025 की अवधि में राज भवन, झारखंड की विभिन्न गतिविधियों, महत्वपूर्ण आयोजनों और पहलों का संकलन है। इसके प्रधान संपादक राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी हैं।

**राज्यपाल की कार्यशैली और प्रतिबद्धता :** राज्यपाल न केवल जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशील हैं, बल्कि उनके समाधान के लिए ठोस पहल करने के लिए निरंतर सक्रिय रहते हैं। उन्होंने राज भवन को आम जनमानस से जोड़ने के लिए कई सार्थक पहल किये हैं। उनकी कार्यशैली में पारदर्शिता, संवाद और सहभागिता की स्पष्ट झलक मिलती है। वे राज्य के समग्र विकास के लिए विभिन्न प्रतिनिधिमंडलों, शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों, प्रशासनिक अधिकारियों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों से नियमित सुझाव लेते हैं, जिससे सुशासन को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके।



## शिक्षा और सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा

इस अंक में राज्यपाल द्वारा नागरिकों से संवाद, केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूकता बढ़ाने और जनकल्याण को साकार करने से संबंधित गतिविधियों को विशेष रूप से शामिल किया गया है। उन्होंने विभिन्न विश्वविद्यालयों और विद्यालयों का भ्रमण कर शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं का आकलन किया और छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। वे उच्च शिक्षा को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने हेतु निरंतर प्रयासरत हैं। वे अन्य राज्यों से आने वाले आगंतुकों को झारखंड की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराने और जनजातीय समाज के उत्थान एवं सशक्तिकरण के लिए विशेष पहल करने में अग्रसर रहते हैं। यह पत्रिका राज्यपाल की गतिशील कार्यशैली और झारखंड के सतत विकास की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता का दर्पण है।

## स्वर्णरेखा परियोजना में करोड़ों की अवैध निकासी का मामला

# चार अधिकारी किये गये हैं निलंबित : वित्त मंत्री

**प्रदीप यादव ने जांच पर सवाल उठाया और कार्रवाई की मांग की**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को स्वर्णरेखा परियोजना में करोड़ों रुपये की अवैध निकासी का मामला उठा। कांग्रेस के प्रदीप यादव ने पूरे मामले की जांच पर सवाल उठाया और कार्रवाई की मांग की। इस पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि चार अधिकारियों को निलंबित किया जा चुका है।

**प्रदीप यादव ने उठाया मामला**

पेयजल स्वच्छता विभाग की स्वर्णरेखा परियोजना में फर्जी खाता खोल कर करोड़ों रुपये की अवैध निकासी का यह मामला कांग्रेस के प्रदीप यादव ने अल्पसूचित प्रश्न के रूप में उठाया। इसके अलावा उन्होंने एक ही स्थान पर लिपिक संतोष कुमार के 15 साल तक पदस्थापित रहने का मामला भी उठाया। उन्होंने कहा कि रांची और लोहरदगा में एलएंडटी को होने वाला बिल भुगतान कंपनी को न कर रकम फर्जी खाते के माध्यम से मुख्य अभियंता, कार्यपालक अभियंता एवं अन्य कर्मियों ने मिल कर आपस में ही बंदरबांट कर ली। उन्होंने सरकार से इस घोटाले में शामिल सभी अभियंताओं एवं कर्मचारियों से रकम वापसी कराते हुए ठोस दंडात्मक कार्रवाई एक निश्चित समय सीमा के अंदर कराने की मांग की थी। साथ ही उन्होंने दोषियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की भी मांग की।

**मंत्री ने दिया जवाब :** जवाब में मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने बताया कि रांची में फर्जी खाते के माध्यम से राशि की निकासी कर स्वर्णरेखा शीर्ष कार्य प्रमंडल रांची के रोकड़पाल संतोष कुमार के खाते में रकम जमा की गयी थी। उक्त खाते को फ्रीज कराया जा चुका है। राशि की वापसी के लिए नीलाम पत्र वाद दायर किया जा चुका है। इसके अलावा एजी को विशेष ऑडिट के लिए अनुरोध किया गया है, ताकि वास्तविक राशि की गणना और राशि की वसूली हो सके।

मामला उजागर होते ही रोकड़पाल संतोष कुमार को निलंबित कर दिया गया और सदर थाना में मामला दर्ज किया गया। संतोष कुमार न्यायिक हिरासत में हैं। विभाग ने जांच के बाद तत्कालीन कार्यपालक अभियंता प्रभात कुमार सिंह, चंद्रशेखर, राधेश्याम रवि और निम्नवर्गीय लिपिक संजय कुमार के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही संचालित की गयी है।

मंत्री ने कहा कि वित्तीय अनियमितता मामले की विस्तृत जांच एसीबी से कराने के लिए मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग से अनुरोध किया गया है। जांच रिपोर्ट आने के बाद दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने भी इस मामले की जांच एसीबी और सीआइडी से कराने की अनुशंसा की थी।





## सीआइडी का नाम बदनाम रहा है : रामेश्वर उरांव

**इस पर पूर्व वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि उन्होंने 28 साल तक पुलिस विभाग की सेवा की है। संयुक्त बिहार में वह सीआइडी के प्रमुख भी थे। सीआइडी का नाम बदनाम रहा है। इस विभाग में किसी केस में 'फंसा दो, या धंसा दो या दूध का दूध और पानी का पानी कर दो' की नीति चलती है। यह सब निर्भर करता है कि इरादे क्या हैं और कैसे काम करना है।**



## वित्त मंत्री ने किया हस्तक्षेप

**मंत्री के जवाब से असंतुष्ट प्रदीप यादव ने कहा कि केवल कार्रवाई का दिखावा किया जा रहा है। सरकार भ्रष्टाचार पर ब्रेक लगाये, नहीं तो दूसरों का भी मनोबल बढ़ेगा। तब वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस पूरे प्रकरण में आरोपित रोकड़पाल संतोष कुमार पर केवल 2.71 करोड़ रुपये की अवैध निकासी की प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। बाकी के 17 करोड़ रुपये कहां गये, इसकी जांच वित्त विभाग ने करायी। जांच समिति की अनुशंसा के बाद वित्त विभाग के चार पदाधिकारियों को निलंबित किया गया है। इनमें मनोज कुमार सिन्हा, सुनील कुमार सिन्हा, सुबोध सिन्हा और मीरा कुमारी गुप्ता शामिल हैं। मीरा कुमार गुप्ता सेवानिवृत्त हो चुकी हैं। इन सबके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज होगी।**

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 31.2 °c | 19.4 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.59 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 05.54 बजे |



# सदन में मंत्री योगेंद्र से भिड़े विधायक प्रदीप यादव, सुदिव्य सोनू ने किया बीच-बचाव

## ग्रामीण स्वच्छता मिशन के तहत इ-रिक्शा खरीद में गड़बड़ी का मामला







**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13वें दिन बुधवार को कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव और हेमंत सरकार में मंत्री योगेंद्र महतो के बीच तीखी बहस हुई। प्रदीप यादव ने सदन में ग्रामीण स्वच्छता मिशन के तहत इ-रिक्शा खरीद-बिक्री में हुई गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि इ-रिक्शा खरीद-बिक्री में बड़े पैमाने पर घोटाला हुआ है। अंत में मंत्री सुदिव्य सोनू को मामले में बीच-बचाव करना पड़ा।

**योगेंद्र महतो बोले, कार्रवाई होगी :** विधायक प्रदीप यादव के सवालों का जवाब देते हुए योगेंद्र प्रसाद महतो ने स्वीकार किया कि इ-रिक्शा की खरीद में गड़बड़ी हुई है। उन्होंने कहा कि जेम पोर्टल के माध्यम से 43 पंचायतों के लिए 104 इ-रिक्शा खरीदी गयी थी। वित्तीय अनियमितता की सूचना मिलने पर सरकार उड़नदस्ता का गठन कर जांच करा रही है। जांच रिपोर्ट सामने आने के बाद सरकार दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी। इस पर प्रदीप यादव ने कहा कि जांच पूरी हो चुकी है। सरकार इस रिपोर्ट को सार्वजनकि करे और इसकी जांच मुख्य सचिव स्तर के पदाधिकारियों से कराये।

**मंत्री ने मांगा समय :** प्रदीप यादव का यह जवाब सुनकर मंत्री योगेंद्र प्रसाद महतो ने जांच रिपोर्ट का अवलोकन करने का समय मांगा। उन्होंने कहा कि रिपोर्ट के आधार पर कार्यवाही तय होगी। उन्होंने सदन को आश्वस्त करते हुए कहा कि सरकार विभागीय कार्यवाही के साथ-साथ हर तरह की कार्रवाई करेगी। इस पर कांग्रेस विधायक ने कहा कि उन्हें जांच रिपोर्ट सार्वजनकि करने में क्या दिक्कत आ रही है। मंत्री और विधायक के बीच हो रही बहस में मंत्री सुदिव्य सोनू ने हस्तक्षेप करते हुए उन्हें थोड़ा लचीलापन रखने के सलाह दी। उन्होंने कहा कि सदन में हठधर्मिता ठीक नहीं।

## ठेकेदार ने तीन पुल बनाये, दो धंस गये : अमित महतो

### मनोज यादव ने पूछा, तीसरा कब धंसेगा

**रांची (आजाद सिपाही)।** झामुमो के सिल्ली विधायक अमित महतो ने सदन में सिल्ली में बन रहे पुल का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि ठेकेदार मेसर्स एएन पांडेय को तीन पुल के निर्माण का जिम्मा मिला। पुल ऐसा बनाया गया कि



दो धंस गये। इस पर भाजपा के बरही विधायक मनोज यादव ने पूछा कि तीसरा कब धंसेगा। अमित महतो ने कहा कि 2021 में जांच कमेटी बनायी गयी, लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। पदाधिकारी संवेदक को संरक्षण दे रहे हैं। संवेदक को अब तक काली सूची (ब्लैक लिस्ट) में नहीं डाला गया है। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि सरकार संवेदक को बचाने का प्रयास नहीं कर रही हैं। इसी सत्र में वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया जायेगा। जांच का आदेश मुख्यमंत्री ने दिया है। संवेदक को डिबार किया गया है। जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जायेगी। इस पर अमित महतो ने कहा कि पदाधिकारी मंत्री को गुमराह कर रहे हैं। वहीं चतरा विधायक जनार्दन पासवान के कान्हाचट्टी प्रखंड मुख्यालय में पेजयलापूर्ति के सवाल पर प्रभारी मंत्री योगेंद्र प्रताप ने कहा कि वन विभाग से एनओसी मिलते ही जलापूर्ति शुरू कर दी जायेगी।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — कामकाज में अनपेक्षित परिस्थितियों के बावजूद कुछ तात्कालिक समस्याओं का समाधान हो सकेगा।
- **वृष** — मन में विचित्र आशंकाएं और दुर्भावनाएं पैदा होंगी, अप्रत्यक्ष शत्रुओं से मार्मिक पीड़ा होगी।
- **मिथुन** — हर्ष-विषाद की समानता, अनेक विपदाओं का सामना करना होगा, मानसिक चिंता बढ़ेगी।
- **कर्क** — आर्थिक स्थिति सुदृढ़, रोजी-रोजगार के क्षेत्र में विपदायें व मानसिक तनाव कम होगा।
- **सिंह** — नये लोगों से संपर्क, महिला मित्र के माध्यम से लाभ, शुभ समाचार मिलेगा।
- **कन्या** — विपरीत स्थितियों में सुधार, सामयिक-सामाजिक विकास, शत्रुओं पर विजय मिलेगी।
- **तुला** — सरकारी सेवा से जुड़े हैं तो आपको अनुकूल परिस्थितियों का लाभ मिलेगा।
- **वृश्चिक** — कर्मक्षेत्र में परिश्रम-संघर्ष अधिक करना पड़ेगा, हर काम में अड़चन आयेगी।
- **धनु** — सरकारी उच्चाधिकारियों पर निजी प्रभाव शक्ति बढ़ेगी, नवीन व्यापारिक योजना सफल।
- **मकर** — रोजगार की दिशा में कार्यों की अधिकता रहेगी, निराशा दूर होगी।
- **कुंभ** — धन एवं सुख की प्राप्ति होगी, थोड़े परिश्रम से ही अभीष्ट कार्य सिद्ध होंगे।
- **मीन** — भूले बिसरे प्रसंग पुनर्जीवित होंगे, परिश्रम से महत्वपूर्ण काम पूरा होगा।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.in

# जल संसाधन विभाग को सही जगह पर ले आयेंगे : हफीजुल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** जल संसाधन विभाग का 19 अरब 11 करोड़ 71 लाख छह हजार रुपये की अनुदान मांग पारित हो गया। इस अनुदान मांग पर भाजपा के विधायक अमित कुमार यादव ने कटौती का प्रस्ताव रखा था। झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के दौरान बुधवार को मंत्री हफीजुल हसन ने जल संसाधन विभाग के बजट पर अपनी बात रखते हुए कहा कि एकाध साल जल संसाधन विभाग को चलाने दीजिये। सही जगह पर ले आयेंगे। विपक्ष से कहा कि केंद्र में आपकी सरकार है। केंद्र मदद नहीं कर रहा। आपलोग भी सहयोग करें। आज आदमी हिंदू-मुसलमान नहीं सुनना चाहता। भाजपा के छह सांसद हैं। अभी नहीं किये, तो हाफ हो जायेंगे। रघुवर दास पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि राज्यपाल रहे हैं। मुख्यमंत्री भी रहे हैं। कितना मुस्लिम देश है, नाम गिनते जाइये। खत्म ही नहीं होगा। झारखंड ऐसे नहीं बना। हजारों लाखों शहीद हुए हैं।



**गिरिडीह का मामला दोपहर तक सुलझा लिया गया था :** मंत्री हफीजुल ने कहा कि गिरिडीह में हुई घटना का मामला दोपहर तक हिंदू और मुसलमान भाइयों ने सुलझा लिया था। तब तक रघुवर दास को पता चला। वे देवघर जा रहे थे। इस बीच उन्होंने गिरिडीह की ओर गाड़ी घुमा ली। पीछे-पीछे बाबूलाल भी चले गये। अब आप लोग 60 के ऊपर चले गये हैं। 65-70 साल हो रहा है। अब अगले 20 साल तक कोई वेकेंसी नहीं है।

**गांव में कमेटी बनाकर 40 से 50 एकड़ में सिंचाई की जायेगी :** मंत्री हफीजुल ने कहा कि माइनर लिफ्ट एरिगेशन सोलर से करेंगे। चेक डैम और इंटक वेल बनायेंगे। इसके लिए गांव में कमेटी बनाकर 40 से 50 एकड़ में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी।

# विधानसभा में विधायक शशिभूषण मेहता ने फाड़ा पेपर

### स्पीकर पर लगाया पक्षपात का आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को एक अजीबोगरीब ड्रामा देखने को मिला। सदन के अंदर पांकी से भाजपा विधायक शशिभूषण मेहता ने भरी सभा में स्पीकर के समक्ष पेपर पर लिखा प्रश्न फाड़कर फेंक दिया। सदस्य के इस व्यवहार से स्पीकर रवींद्रनाथ



महतो ने आहत होकर कहा कि आपका आचरण अच्छा नहीं है। विधायक के इस रवैये के बाद सदन में पक्ष और विपक्ष के बीच भी खूब कहासुनी हुई।

**पक्षपात का आरोप :** दरअसल, विधायक कुशवाहा शशिभूषण मेहता प्रश्नकाल के दौरान अपना प्रश्न पढ़ रहे थे। प्रश्न पढ़ने के दौरान वे कुछ सेकंड के लिए रुक गये। थोड़ा इंतजार करने के बाद स्पीकर ने कहा कि आपका प्रश्न ले लिया गया है। पूरी बात कहने का अवसर नहीं मिलने पर गुस्से में विधायक ने स्पीकर पर पक्षपात का आरोप लगाया। स्पीकर ने विधायक को अपनी बात पूरी करने का मौका दिया। लेकिन इससे पहले उन्होंने विधायक पर तंज कसते हुए कहा कि और कुछ आरोप लगाने हैं, तो वो भी लगा दीजिये। इस पर विधायक ने प्रश्न लिखे पेपर को ही फाड़ दिया और चिल्लाते हुए कहा, नहीं पढ़ेंगे। विधायक के इस रवैये को देख अन्य सदस्यों ने उन्हें समझाते हुए प्रश्न पढ़ने के लिए कहा। लेकिन विधायक ने किसी की एक न सुनी। इस पूरी घटना पर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी अपने वक्तव्य में कहा कि थोड़ी गलती हुई है।

**सार्वजनिक विज्ञप्ति**

**रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व क्षेत्र दिनांक 21.03.2025 को राँची मंडल के परबाटोनिया-ओड़गा स्टेशनों के बीच नव निर्मित दोहरी लाइन का निरीक्षण करेंगे**

एतद्द्वारा यह सूचित किया जाता है कि रेलवे सुरक्षा आयुक्त, दक्षिण पूर्व क्षेत्र, कोलकाता राँची मंडल के परबाटोनिया-ओड़गा स्टेशनों के बीच नव निर्मित दोहरी लाइन को खोलने के लिए **दिनांक 21.03.2025** को उसका निरीक्षण करेंगे। **दिनांक 21.03.2025** को इंस्पेक्शन स्पेशल, मोटर ट्रॉलियों, पुश ट्रॉलियों इत्यादि द्वारा आवश्यक निरीक्षण तथा इंस्पेक्शन स्पेशल द्वारा गति निरीक्षण किया जाएगा। सड़क प्रयोगकर्ताओं, स्थानीय जनता एवं अन्य प्रयोगकर्ताओं को एतद्द्वारा इस विज्ञप्ति को ध्यान में रखते हुए लाइन पार करते समय सुरक्षा संबंधी पर्याप्त सावधानी बरतने तथा अतिक्रमण से बचने की सलाह दी जाती है।

(PR-1250) मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), गार्डनरीच

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# पिछले साल से 30 करोड़ कम है जल संसाधन का बजट : अमित यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बुधवार को जल संसाधन विभाग के बजट पर अमित यादव ने सदन में कहा कि पिछले साल की तुलना में इस बार जल संसाधन का बजट 30 करोड़ कम है। जल संसाधन में नाकामी छिपाने के लिए बजट कम कर दिया गया। सत्ता में आने के बाद जन सुविधाओं से मुंह फेर लेते हैं। पिछले पांच साल में विभाग ने क्या काम किया, इसे भी बताना



चाहिए। जलाशय योजना कई दशकों से चल रही है। बंगाल की बाढ़ के पानी को रोकने के लिए तिलैया और मैथम डैम बना था। आज डीवीसी इससे बिजली उत्पादन कर रहा है। इससे राज्य को क्या फायदा हो रहा है। आज डैम से झारखंड को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध नहीं हो पाता है। खदानों में स्टोर पानी को किसानों तक पहुंचाने का प्रयास होना चाहिए।

**जजों की हो नियुक्ति :** अमित यादव ने कहा कि अदालतों में पांच लाख मामले लंबित हैं। 75 हजार मामले चल रहे हैं। इस पर त्वरित कार्रवाई के लिए जजों की नियुक्ति होनी चाहिए।

रजिस्ट्री सं.डी.एल.–33004/99

**भारत का राजपत्र**
**The Gazette of India**

सी.जी.–डी.एल.अ–15032025–261623
असाधारण
भाग II–खण्ड 3 – उप–खण्ड (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित

सं. 1155] नई दिल्ली, बुधवार, मार्च 12, 2025/फाल्गुन 21, 1946

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 12 मार्च, 2025

**का.आ. 1168 (अ).** – केन्द्रीय सरकार, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उप–धारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह समाधान हो जाने के पश्चात् कि झारखंड राज्य के गोड्डा जिले में NH 133 के कि.मी. 14.700 से कि.मी. 27.250 (एकचारी से महागामा सेक्शन) तक के भू–खण्ड के निर्माण (चौड़ीकरण/4–लेन का बनाना आदि), अनुरक्षण, प्रबन्धन और प्रचालन के लोक प्रयोजन के लिए वह भूमि अपेक्षित है जिसका संक्षिप्त वर्णन नीचे अनुसूची में दिया गया है, ऐसी भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा करती है।

कोई भी व्यक्ति, जो उक्त भूमि में हितबद्ध है, उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (1) के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए ऐसी भूमि के उपयोग पर राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से इक्कीस दिन के भीतर अपनी आपत्ति प्रकट कर सकेगा।

ऐसी प्रत्येक आपत्ति सक्षम प्राधिकारी अर्थात् जिला भू–अर्जन पदाधिकारी, गोड्डा को लिखित रूप में प्रस्तुत की जाएगी और उसमें उसके आधार अधिकथित किए जाएंगे और सक्षम प्राधिकारी, आपत्तिकर्ता को व्यक्तिगत रूप मे या किसी विधिक पेशेवर द्वारा सुने जाने का अवसर देगा और ऐसी आपत्तियों की सुनवाई के पश्चात् तथा ऐसी और जाँच करने के पश्चात, यदि कोई हो, जिसे सक्षम प्राधिकारी आवश्यक समझे, आदेश द्वारा या तो आपत्तियों को अनुज्ञात कर सकेगा या अननुज्ञात कर सकेगा।

उक्त अधिनियम की धारा 3ग की उप–धारा (2) के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा किया गया कोई भी आदेश अंतिम होगा।

इस अधिसूचना के अंतर्गत आने वाली भूमि के रेखांक और अन्य ब्यौरे सक्षम प्राधिकारी के उक्त कार्यालय में उपलब्ध हैं और उनका हितबद्ध व्यक्तियों द्वारा निरीक्षण किया जा सकता है।

अनुसूची

**झारखंड राज्य के गोड्डा जिले में NH 133 के कि.मी. 14.700 से कि.मी. 27.250 (एकचारी से महागामा सेक्शन) के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना रहित अथवा संरचना सहित भूमि का संक्षिप्त विवरण**

[फा.स. NHAI/PD/PIU/SBG/NH 133/LA/2023/3A]

जिला: गोड्डा
अभय जैन, निदेशक

प्रकाशन तिथि: 12 मार्च, 2025
https://egazette.gov.in/(S(eqbqvlecmu3kremqilivcfv0))/ViewPDF.aspx
https://bhoomirashi.gov.in/auth/revamp/Notification a gr.cshtml?project id=61043&notification_id=71397&EncHid=440289873&l=2

नोटः– इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

# पाठ्यक्रम में शामिल होगा सड़क सुरक्षा फीचर: दीपक बिरुआ

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ ने कहा है कि रोड सेफ्टी के फीचर को पाठ्यक्रम में शामिल किया जायेगा। सड़क दुर्घटना के आंकड़ों को कम करने का प्रयास किया जायेगा। जिला स्तर पर भी सुधार किया जायेगा। वह बुधवार को विधानसभा में कांग्रेस के प्रदीप यादव के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि शराब पीकर ड्राइव करने पर रोक के लिए ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट एवं प्रावधानित दंड को प्रभावी तरीके से लागू किये जाने हेतु राज्य के सभी जिलों के लिए कुल 303 ब्रेथ एनालाइजर उपलब्ध कराये गये हैं।

**2024 में 5191 सड़क दुर्घटना :** मंत्री ने कहा कि विगत तीन वर्षों, यथा वर्ष-2021 में 3871, वर्ष 2022 में 5174, वर्ष 2023 में 5315 एवं 2024 में 5191 सड़क दुर्घटना हुई है। राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए कृत संकल्पित है।



इसे न्यूनतम करने और पूर्णतया रोकथाम के लिए नियमित वाहन जांच अभियान के साथ-साथ सड़क दुर्घटनाओं के विस्तृत तकनीकी विश्लेषण करते हुए सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध मोटर यान अधिनियम, 1988 की धारा-185 के अनुसार प्रथम अपराध के लिए कारावास, जिसकी अवधि छह माह तक की हो सकेगी या 10 हजार रुपये जुर्माना या दोनों से दंडनीय होगा और दूसरी बार के अपराध के लिए कारावास, जिसकी अवधि दो वर्ष तक की हो सकेगी या 15 हजार रुपये का जुर्माना या दोनों से दंडनीय है। उक्त धारा के तहत अपेक्षित कार्रवाई करते हुए वर्ष 2023 में 411 एवं वर्ष 2024 में 377 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस को भी निलंबित किया गया है।

**हर राज्य में परिवहन निगम घाटा में चल रहा है :** मंत्री ने कहा कि हर राज्य में परिवहन निगम घाटा में चल रहा है। वस्तुस्थिति यह है कि राज्य सरकार हर नागरिक को परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए कृत संकल्पित है। वे सदन में राजेश कच्छप के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य परिवहन प्राधिकार के द्वारा अंतरराज्यीय एवं अन्य राज्यों के बीच तथा क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकार राज्य के अंदर यातायात की सुगमता हेतु निजी वाहन स्वामियों को सवारी गाड़ी के परिचालन के लिए परमिट निर्गमण किया जाता है, जिससे सरकार को राजस्व की प्राप्ति होती है।

**मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए 601 ग्रामीण मार्ग को अधिसूचित :** मंत्री ने कहा कि सुदूर ग्राम पंचायतों को प्रखंड स्तर से लेकर जिला मुख्यालय को जोड़ने के लिए झारखंड मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना, 2022 अधिसूचित की गयी है। इस योजना के अंतर्गत अब तक कुल 601 ग्रामीण मार्गों को अधिसूचित किया जा चुका है। इस योजना के तहत अधिसूचित ग्रामीण मार्गों पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों के लिए 37 बस, उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के जिलों के लिए 33 बस, कोल्हान प्रमंडल के जिलों के लिए 20 बस, पलामू प्रमंडल के जिलों के लिए 20 बस एवं संथाल परगना प्रमंडल के जिलों के लिए 17 बसों को परमिट निर्गत किया गया है।

## डीसी नहीं देते तवज्जो: नवीन जायसवाल

नवीन जायसवाल ने कहा कि हर जिला में ब्लैक स्पॉट होता है। डीसी की अध्यक्षता में कमेटी बनी हुई है। कई ब्लैक स्पॉट रांची में भी हैं। सेफ्टी फीचर के लिए रांची डीसी को कई बार चिट्ठी भी भेजी गयी, पर कोई तवज्जो नहीं मिला। हर जिले के डीसी को चिट्ठी लिख कर ब्लैक स्पॉट में सेफ्टी फीचर लगाने का निर्देश दें। भाजपा के नवीन जायसवाल ने कहा कि हरमू में हेल्थ सब सेंटर की जमीन पर जल मीनार बनायी जा रही है। यह जमीन हेल्थ सेंटर के लिए है। इसका विरोध करने पर प्रशासन ने झूठी एफआइआर कर दी। इसे दूसरे जगह हस्तांतरित किया जाये। सीपी सिंह ने कहा कि सरकारी बस डिपो में यात्रियों के साथ ड्राइवर-खलासी के लिए शौचालय, लाइट सहित बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करायी जाये।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
1 Channel
आजाद सिपाही Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# नामकुम हिंसा को लेकर यादव समाज के लोगों ने मंत्री से की निष्पक्ष जांच की मांग

**पुलिस की एकतरफा कारवाई से यादव समाज में रोष**

**श्रम मंत्री संजय यादव ने रांची एसएसपी से की बात**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राजद एवं यादव समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने झारखंड सरकार के श्रम मंत्री संजय यादव से विधानसभा मंत्री चेंबर में मुलाकात की। जहां उन्होंने विगत दिनों नामकुम खटाल के जोरार बस्ती में हुई हिंसक झड़प को लेकर विस्तार से चर्चा की। वार्ता के दौरान मंत्री संजय प्रसाद यादव को बताया गया कि नामकुम थाना प्रभारी मनोज कुमार और डीएसपी अमर पांडेय पुलिस टीम के साथ खटाल परिवार के निर्दोष लोगों को परेशान करने के दृष्टिकोण से उन्हें अपराधियों की तरह धड़-पकड़ कर धमकी दे रहे हैं। जिससे वहां के लोगों में दहशत का माहौल है।

विदित हो कि होलिका दहन के दिन जोरार बस्ती के आदिवासी समाज के लगभग 300 लोग नामकुम खटाल में घुसकर खटाल परिवार से मारपीट करने लगे और पथराव करने लगे। इस दौरान करीब दर्जनों यादव परिवार के लोगों का माथा फट गया और उन्हें गंभीर चोटें आयीं। मौके पर जोरार बस्ती के सोनू मुंडा नामक व्यक्ति को धक्का-मुक्की के दौरान गंभीर चोट आयी और इलाज के दौरान रिम्स अस्पताल में उसकी मौत हो गयी।

वार्ता में सभी बातें को सुनने के बाद श्रम मंत्री संजय यादव ने इस विषय पर रांची के सीनियर डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा से दूरभाष पर बात कर बेकसूर लोगों को परेशान नहीं करने की बात कही और पुलिसिया कार्रवाई एकतरफा न कर निष्पक्षतापूर्ण कार्य करने की बात कही। वहीं वार्ता के दौरान एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने आश्वस्त किया कि निर्दोष लोगों को तंग नहीं किया जायेगा और न ही गिरफ्तार किया जायेगा।

यादव समाज की ओर से मंत्री संजय यादव से कहा गया कि इस विषय पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से भी बात कर उन्हें इस स्थिति से अवगत कराया जाये। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन के द्वारा एकतरफा कार्रवाई करने पर बात होनी चाहिए क्योंकि राज्यभर में इस घटना से संपूर्ण यादव समाज में काफी रोष व्याप्त है।

वहीं राजद महासचिव कैलाश यादव ने कहा कि यह घटना दुर्भाग्यपूर्ण है। इसके साथ ही उन्होंने एक साथ वर्षों से रह रहे लोगों से शांति बनाने और आपसी सौहार्द्र बनाकर रहने की अपील की।

इस वार्ता के दौरान राजद और यादव समाज की ओर से कैलाश यादव, अनीता यादव, बबन यादव, रंजन यादव, मदन यादव, श्यामदास सिंह यादव, अभय सिंह, डॉ मनोज कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज का हुआ खड़ाऊ पूजन

**आज मारवाड़ी भवन में शंकराचार्य का नागरिक अभिनंदन, धर्म सभा और प्रवचन**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** बुधवार को महाराजा अग्रसेन भवन के सभागार में प्रातः 10 बजे द्वारिका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती महाराज को शंकराचार्य अभिनंदन समारोह समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी, संयोजक मंडली सदस्यों, धर्मलंबियों द्वारा शंकराचार्य को माला पहनाकर एवं अंग वस्त्र ओढ़ाकर अभिनंदन किया गया। प्रातः 11 बजे शंकराचार्य महाराज के चरण पादुका खड़ाऊ का पूजन मुख्य यजमान मनोज चौधरी सपत्नीक व परिवार द्वारा पूरे विधि-विधान से किया। शंकराचार्य जी ने सभी उपस्थित धर्म प्रेमियों को आशीर्वचन एवं प्रसाद दिया। अपराह्न 4 बजे शंकराचार्य महाराज समाजसेवी विनय सरावगी के प्रतिष्ठान में और शाम 6 बजे व्यवसायी कमल सिंघानिया के आवास में पधार कर उपस्थित सभी भक्तों को आशीर्वचन दिया। समिति के मुख्य संयोजक विनय सरावगी एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 20 मार्च दिन-बृहस्पतिवार को अपराह्न- 3 बजे से शंकराचार्य महाराज का हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन में रांची नगर के प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं के द्वारा नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। शंकराचार्य का धर्म सभा एवं प्रवचन का कार्यक्रम होगा। सभी धर्म प्रेमियों को शंकराचार्य आशीर्वचन देंगे। उन्होंने सभी धर्मलंबियों से धर्म सभा में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की। अग्रसेन भवन के कार्यक्रम में विनय सरावगी, बसंत मित्तल, मनोज बजाज, मनोज चौधरी, प्रमोद सारस्वत, प्रमोद अग्रवाल, पवन पोद्दार, रवि शंकर शर्मा, ललित कुमार पोद्दार, सुरेश चंद्र अग्रवाल, विनोद कुमार जैन, पवन शर्मा, संजय सर्राफ, डूंगर मल अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, रमेश शर्मा, प्रेम साहू, सौरभ सरावगी, ललित नारायण ओझा, संजय जयसवाल, नंदकिशोर चंदेल, अशोक पुरोहित सहित बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी उपस्थित थे।

# आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं: संजय सेठ

**एनसीसी के दीक्षांत परेड में शामिल हुए केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री**



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** ग्वालियर में आयोजित एनसीसी के ऐतिहासिक दीक्षांत परेड में देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ शामिल हुए। इस दीक्षांत समारोह में कुल 122 महिला कैडेट्स को एएनओ रैंक प्रदान की गयी। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट जनरल गुरवीर पाल सिंह, डीजी एनसीसी ब्रिगेडियर जितेंद्र शर्मा, कमांडेड एनसीसी गुवाहाटी, विशेष रूप से उपस्थित रहे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री श्री सेठ ने सभी महिला कैडेट्स को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और प्रेरणा का परिणाम है कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। पीएम ने राष्ट्र निर्माण में देश के हर वर्ग की भूमिका तय की है। श्री सेठ ने कहा आप सभी कैंडिडेट पास आउट होने के बाद आप सभी युवाओं को आकार देने और उन्हें हमारे महान राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक बनाने की बड़ी जिम्मेदारी आप पर है।

**सर्वश्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वालों को किया सम्मानित :** कनिष्ठ स्कंध में एनसीसी महानिदेशक का प्ले ऑफ ऑनर राजस्थान निदेशालय की केयरटेकर ऑफिसर पूजा को दिया गया। एएनओ का सर्विसेज पुरस्कार सुनीता हुड्डा को दिया गया। नेतृत्व विशेषता एवं प्रेरणा प्रदर्शन के लिए अंजलि तोमर को पुरस्कृत किया गया। परेड को कमान करने के लिए कमांडेंट का स्वर्ण पदक बियागथी आजम को दिया गया। चैंपियनशिप बैनर अहिल्याबाई कंपनी के प्रवीण को दिया गया।

# बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में अपोलो टायर्स का मेगा कैंपस ड्राइवः 105 छात्रों का चयन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** रांची स्थित बीआइटीटी पॉलिटेक्निक (बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) में प्लेसमेंट सेल के तहत अपोलो टायर्स का मेगा कैंपस ड्राइव सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। इस प्लेसमेंट ड्राइव में विभिन्न संस्थानों के 100 से अधिक छात्रों का चयन हुआ, जिससे छात्रों में उत्साह और आत्मविश्वास का माहौल देखने को मिला। बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के अलावा इस कैंपस ड्राइव में कई सरकारी, अर्ध-सरकारी एवं निजी संस्थानों के डिप्लोमा छात्रों ने भाग लिया। अपोलो टायर्स के एचआर प्रतिनिधियों ने दो चरणों में प्लेसमेंट प्रक्रिया संपन्न की, जिसमें छात्रों के तकनीकी कौशल और इंटरपर्सनल स्किल्स के आधार पर मूल्यांकन किया गया। फाइनल राउंड में कुल 105 छात्रों का चयन किया गया। इस मेगा कैंपस ड्राइव की सफलता में बीआइटीटी पॉलिटेक्निक के कई शिक्षकों और स्टाफ का अहम योगदान रहा, जिनमें प्रो. बिनय कुमार सिंह, प्रो. अमित कुमार, प्रो. ज्योति शंकर, प्रो. राहुल कुमार, महाबीर प्रसाद महतो, राजीब कुमार सिंह, प्रो. दीपक कुमार राज, प्रो. अमित वशिष्ठ, प्रो. नेहा रानी, प्रो. राम इश्वर राय, प्रो. सुरेंद्र सिंह, प्रो. अरुण कुमार सिन्हा, धीरज कुमार, राजू महतो सहित अन्य शिक्षाविद् एवं स्टाफ शामिल थे। संस्थान के प्राचार्य कृष्णा कुमार महली ने चयनित छात्रों को बधाई दी। बीआइटीटी की चेयरपर्सन डॉ वंदना कुमारी और बीआइटी ग्रुप के चेयरमैन डॉ रंजीत कुमार ने इस आयोजन की सराहना की।

## महत्वपूर्ण खबरें

### खरगपुर रेलवे स्टेशन का विकास अमृत भारत स्टेशन के रूप में होगा : रेल मंत्री

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सांसद जून मालियाह द्वारा खरगपुर रेलवे स्टेशन के आधुनिकीकरण योजना पर लोकसभा में उठाये गये प्रश्न के उत्तर में अश्विनी वैष्णव, रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, ने उत्तर दिया। पश्चिम बंगाल राज्य में स्थित खरगपुर रेलवे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकास के लिए चुना गया है। इस स्टेशन पर विकास कार्यों के लिए निविदाएं प्रदान कर दी गयी हैं, और प्लेटफॉर्म की सतह और प्लेटफॉर्म शेल्टर के सुधार का कार्य पूरा हो चुका है, और नए स्टेशन भवन का निर्माण, प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट और एस्केलेटर का प्रावधान, सकुर्लेटिंग क्षेत्र का सुधार आदि कार्य शुरू हो चुके हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना में दीर्घकालिक दृष्टिकोण के साथ लगातार आधार पर स्टेशनों का विकास शामिल है। इसमें मास्टर प्लान तैयार करना और स्टेशनों पर सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए चरणों में उनका कार्यान्वयन शामिल है, जैसे स्टेशन पहुंच में सुधार, सकुर्लेटिंग क्षेत्र, प्रतीक्षालय, शौचालय, आवश्यकतानुसार लिफ्ट/एस्केलेटर, प्लेटफॉर्म की सतह और प्लेटफॉर्म पर कवर, स्वच्छता, मुफ्त वाई-फाई, 'एक स्टेशन एक उत्पाद' जैसी योजनाओं के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के लिए कियोस्क, बेहतर यात्री सूचना प्रणाली, कार्यकारी लाउंज, व्यापार बैठकों के लिए नामित स्थान, लैंडस्केपिंग आदि, प्रत्येक स्टेशन पर आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए।

### सांसद ने तारकेश्वर-विष्णुपुर रेलवे लाइन का मामला उठाया

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** सांसद ज्योतिर्मय सिंह महतो द्वारा पश्चिम बंगाल में तारकेश्वर-विष्णुपुर रेलवे लाइन पर लोकसभा में उठाये गये प्रश्न के उत्तर में, अश्विनी वैष्णव, रेल, सूचना और प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, ने बताया कि एक अप्रैल 2024 तक, पश्चिम बंगाल राज्य में पूरी तरह या आंशिक रूप से पड़ने वाली कुल 4479 किलोमीटर लंबाई की 43 परियोजनाएं (13 नई लाइनें, 04 गेज परिवर्तन और 26 दोहरीकरण) हैं, जिनकी लागत 60,168 करोड़ है, जिनमें योजना/अनुमोदन/निर्माण चरण में शामिल हैं, जिनमें से 1655 किलोमीटर लंबाई चालू हो चुकी है और मार्च 2024 तक 20,434 करोड़ का व्यय किया गया है।

### वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों के लिए रेलवे ने बर्थ आवंटन के विशेष प्रावधान किये

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** लोकसभा में एक प्रश्न का उत्तर देते हुए, रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री, अश्विनी वैष्णव ने वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं और दिव्यांगजनों को निचले बर्थ आवास प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे के चल रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों, 45 वर्ष और उससे अधिक आयु की महिला यात्रियों और गर्भवती महिलाओं को उपलब्धता के अधीन स्वचालित रूप से निचले बर्थ आवंटित किये जाते हैं, भले ही बुकिंग के दौरान कोई विशिष्ट विकल्प इंगित न किया गया हो। शयनयान श्रेणी में प्रति कोच छह से सात निचले बर्थ का एक समर्पित कोटा। वातानुकूलित 3 टीयर (3एसी) में प्रति कोच चार से पांच निचले बर्थ। वातानुकूलित 2 टीयर (2एसी) में प्रति कोच तीन से चार निचले बर्थ। यह प्रावधान ट्रेन में कोचों की संख्या के आधार पर अधिकतम सुविधा सुनिश्चित करने के लिए उपलब्ध है। दिव्यांगजनों के लिए आरक्षण कोटा की सुविधा सभी मेल/ एक्सप्रेस ट्रेनों, जिनमें राजधानी और शताब्दी प्रकार की ट्रेनें शामिल हैं, में लागू है, भले ही रियायत सुविधाओं का लाभ उठाया गया हो या नहीं।

# हजारीबाग और रामगढ़ में रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण का मुद्दा सांसद ने उठाया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सांसद मनीष जयसवाल द्वारा हजारीबाग और रामगढ़ में रेलवे ट्रैक के दोहरीकरण पर लोकसभा में उठाये गये प्रश्न के उत्तर में, अश्विनी वैष्णव, रेल, सूचना और प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री जवाब देते हुए कहा कि रेलवे परियोजनाओं का सर्वेक्षण/ स्वीकृति/ क्रियान्वयन क्षेत्रीय रेलवे वार किया जाता है, न कि राज्य-वार/ जिला-वार/ संसदीय क्षेत्र-वार, क्योंकि रेलवे परियोजनाएं राज्य/ जिला/ संसदीय क्षेत्र की सीमाओं में फैली हो सकती हैं। रेलवे परियोजनाओं की स्वीकृति भारतीय रेलवे की एक सतत और गतिशील प्रक्रिया है। झारखंड राज्य में पूरी तरह या आंशिक रूप से पड़ने वाली रेलवे अवसंरचना परियोजनाएं भारतीय रेलवे के पूर्व मध्य रेलवे (इसीआर), पूर्वी रेलवे (इआर) और दक्षिण पूर्वी रेलवे (एसईआर) क्षेत्रों के अंतर्गत आती हैं। लागत, व्यय और परिव्यय सहित रेलवे परियोजनाओं का क्षेत्रीय रेलवेवार विवरण सार्वजनिक डोमेन में उपलब्ध है।

01.04.2024 तक, झारखंड राज्य में पूरी तरह या आंशिक रूप से पड़ने वाली कुल 3070 किलोमीटर लंबाई की 32 परियोजनाएं (11 नयी लाइनें, 01 गेज परिवर्तन और 20 दोहरीकरण) हैं, जिनकी लागत 52,885 करोड़ है, जिनमें योजना/अनुमोदन/निर्माण चरण में शामिल हैं, जिनमें से 744 किलोमीटर लंबाई चालू हो चुकी है और मार्च 2024 तक 15,986 करोड़ का व्यय किया गया है।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स की कार्यशाला कल

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स की कृषि बागवानी एवं कृषि ग्रामीण उद्योग समिति 21 मार्च को ह्यझारखंड कृषि निर्यात कार्यशाला का आयोजन कर रही है। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक चैंबर भवन में आयोजित होगा। बुधवार को आयोजित प्रेस कांफ्रेंस समिति के चेयरमैन आनंद कोठारी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य राज्य के किसानों की आय को चौगुना बढ़ाना और हजारों युवाओं, उद्यमियों एवं व्यापारियों के लिए रोजगार के अवसर सृजित करना है। कार्यशाला में एपीडा (भारत सरकार), निदेशक उद्योग, निदेशक कृषि, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिक और अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो निर्यात प्रक्रिया, गुणवत्ता मानकों और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करेंगे। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने बताया कि इस अवसर पर राज्य के तीन कृषि उत्पाद निर्यातकों-संजय अरोड़ा, कोवम बहल और शशि भूषण टोप्पो को सम्मानित किया जायेगा।

# आदित्य साहू ने राजधानी रांची में भी एम्स हॉस्पिटल खोलने की मांग की

## सांसद ने शून्यकाल के दौरान उठाया मामला

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** सांसद आदित्य साहू ने राज्यसभा में शून्यकाल के दौरान झारखंड की राजधानी रांची में भी एम्स हॉस्पिटल खोलने की मांग की। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी. नड्डा का आभार प्रकट किया। कहा कि झारखंड राज्य के देवघर में एम्स स्थापित करने और पांच-पांच नये मेडिकल कॉलेज खोलने का महत्वपूर्ण कार्य किया है।

झारखंड की राजधानी रांची एवं उसके आसपास के जिलों में घनी आबादी निवास करती है। इसके अतिरिक्त, यह क्षेत्र झारखंड की सीमाओं से लगे ओड़िशा, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल और बिहार की भी बहुत बड़ी आबादी रहती है, जिसमें आदिवासी, दलित, पिछड़ा एवं अन्य समाज के लोग आते हैं। यह संपूर्ण क्षेत्र जंगल, पहाड़ से घिरा हुआ है, जिससे यहां के निवासियों को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं प्राप्त करने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। प्रधानमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री झारखंड के प्रति हमेशा सेवा के भाव से निरंतर काम करते आ रहे हैं। आग्रह है कि झारखंड की राजधानी रांची में भी एक एम्स हॉस्पिटल खोला जाये, जिससे इस क्षेत्र में निवास करने वाले लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल सके।

# पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन ने 21 महिला रेल कर्मचारियों को सम्मानित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**हाजीपुर।** पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर द्वारा पाटलिपुत्र रेल परिसर, दीघा में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ पूर्व मध्य रेल महिला कल्याण संगठन, हाजीपुर की अध्यक्षा सुनीता सिंह एवं संगठन की अन्य सदस्याओं द्वारा दीप प्रज्जवलित करके किया गया। इस अवसर पर मुख्यालय हाजीपुर एवं विभिन्न मंडलों से आये कलाकारों द्वारा मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये जिसका सभागार में उपस्थित सभी लोगों में आनंद उठाया। इस अवसर पर संगठन की अध्यक्षा सुनीता सिंह द्वारा चयनित 21 महिला रेल कर्मचारियों को उनके द्वारा किये गये उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किये गये महिला कर्मचारियों में से पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल की पिंकी कुमारी/प्वांइट्समैन को विशिष्ट पुरस्कार से सम्मानित किया गया जिन्हें रेलवे महिला कल्याण केंद्रीय संगठन, नयी दिल्ली में आयोजित समारोह में भी पुरस्कृत किया गया था।

इस अवसर पर संगठन की उपाध्यक्षा रंजना कुमार, सचिव मिनाक्षी कुमार, कोषाध्यक्षा अर्चना चौधरी, संयुक्त सचिव प्रियंका सिंह और संगठन की अन्य सदस्याएं उपस्थित थीं।

# श्री सनातन महापंचायत के प्रतिनिधिमंडल ने रघुवर दास से भेंट कर मुख्य संरक्षक बनने का आग्रह किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** श्री सनातन महापंचायत के एक प्रतिनिधिमंडल ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओड़िशा के पूर्व राज्यपाल रघुवर दास से भेंट की और उन्हें श्री सनातन महापंचायत का मुख्य संरक्षक बनने का आग्रह किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। इस अवसर पर ग्यारह सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल में मुख्य रूप से मुख्य संयोजक ललित नारायण ओझा, संयोजक संजय कुमार जायसवाल, संजय मिनोचा, सत्यजीत सिंह, अमिताभ धीरज, रणधीर रजक, प्रशांत सहदेव, नीतू सिंह और प्रवीण कुमार उपस्थित थे। श्री सनातन महापंचायत के सदस्यों ने रामनवमी के अवसर पर राजधानी के सभी अखाड़ों का दौरा करने और शोभायात्रा को व्यवस्थित एवं भव्य रूप से निकालने का आह्वान किया। अखाड़ाधारी से मुलाकात कर आपसी भाइचारे के साथ रामनवमी जुलूस को भव्य रूप से मनाने की योजना बनायी गयी। इसके साथ ही, महापंचायत के सदस्यों ने गिरिडीह की हालिया घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की और निष्पक्ष जांच कर निर्दोषों की रिहाई की मांग की। आगामी बैठक में श्री सनातन महापंचायत विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करेगी, जिनमें सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार, अखाड़ाधारी को हो रही कठिनाइयों, जुलूस में अधिक से अधिक हनुमान जी के ध्वज शामिल करने, शोभायात्रा में पारंपरिक हथियारों के साथ सनातनियों की सहभागिता एवं गाजे-बाजे के साथ भव्य आयोजन सुनिश्चित करने जैसे विषय शामिल होंगे।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
198000 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 20 मार्च, 2025
www.azadsipahi.in



# एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक ने ओड़िशा के राज्यपाल से मुलाकात की



आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रो (डॉ) आशुतोष बिस्वास ने बुधवार को राजभवन में ओडिशा के राज्यपाल डॉ हरि बाबू कंभमपति से मुलाकात की।

मुलाकात के दौरान, डॉ बिस्वास ने राज्यपाल को एम्स भुवनेश्वर में रोगी देखभाल से संबंधित कई प्रमुख विकासात्मक मुद्दों के बारे में जानकारी दी। डॉ बिस्वास ने संस्थान में दी जाने वाली स्वास्थ्य सेवाओं को और बेहतर बनाने के लिए चल रही विभिन्न पहलों और रणनीतियों पर भी चर्चा की। राज्यपाल डॉ हरि बाबू कंभमपति ने स्वास्थ्य सेवा के प्रति एम्स भुवनेश्वर द्वारा अपनाये गये व्यापक और समग्र दृष्टिकोण और समाज पर इसके सकारात्मक प्रभाव की सराहना की। राज्यपाल ने राज्य में स्वास्थ्य सेवा वितरण को आगे बढ़ाने में ऐसे संस्थानों के महत्व पर प्रकाश डाला और शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा दोनों में योगदान के लिए एम्स भुवनेश्वर की प्रशंसा की। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक डॉ बिस्वास ने कहा, 'ओडिशा के राज्यपाल, जो एक प्रख्यात शिक्षाविद् भी हैं, के साथ यह एक ज्ञानवर्धक बैठक थी, जिसमें स्वास्थ्य सेवा और विकास से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गयी।' बैठक में एम्स भुवनेश्वर के डीडीए लेफ्टिनेंट कर्नल अभिजीत सरकार भी शामिल हुए।

# पूर्व मंत्री की पत्नी ने सीएम से मुलाकात की



**मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि असली दोषी को पकड़ा जायेगा और कानून के अनुसार कठोर सजा दी जायेगी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** पूर्व मंत्री स्वर्गीय नब दास की हत्या की उचित जांच की जायेगी और असली दोषी को कानून के मुताबिक सजा दी जायेगी। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बुधवार को पूर्व मंत्री स्वर्गीय नव दास के परिवार को यह आश्वासन दिया। स्वर्गीय दास की पत्नी मिनती दास ने बुधवार को लोक सेवा भवन में मुख्यमंत्री से मुलाकात की और अपने पति की हत्या की जांच पर चर्चा की। चर्चा के दौरान उनकी बेटी दीपाली दास और उनके बेटे विशाल दास भी मौजूद थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिस तरह से यह घटना घटी वह बेहद दुखद और निंदनीय है। इस मामले में सरकार एक बार फिर सभी पहलुओं की जांच कर असली दोषियों का पता लगायेगी। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि कानून के दायरे में आने वाले दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। मुख्यमंत्री ने श्रीमती दास को जांच एजेंसी के साथ सहयोग करने की सलाह देते हुए कहा कि वह इस संबंध में उन्हें व्यक्तिगत रूप से किसी भी समय सूचित कर सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह स्वयं और उनकी सरकार न्याय के पक्ष में है। श्रीमती दास ने मुख्यमंत्री को इस मुद्दे पर चर्चा करने और उन्हें न्याय का आश्वासन देने के लिए व्यक्तिगत रूप से मिलने के लिए धन्यवाद दिया।

## मंडल अध्यक्ष और बूथ प्रभारी के चुनाव को लेकर बैठक



**बोकारो (आजाद सिपाही)।** बुधवार को बोकारो में आयोजित बैठक में मंडल अध्यक्ष और बूथ प्रभारी के चुनाव संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गयी तथा संगठन को धरातल पर सुदृढ़ीकरण प्रदान करने हेतु विभिन्न रणनीतियों पर चर्चा किया गया। बैठक में उपस्थित पूर्व आइजी सह भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य (झारखंड) लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने उपस्थित पार्टी के समस्त जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अपील किया कि आप निरंतर क्षेत्र भ्रमण कर जनता के समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करते रहे तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में संचालित केंद्र प्रायोजित योजनाओं के बारे में लोगों को बतायें तथा उन्हें लाभ दिलवायें, इससे जनकल्याण तथा संगठन सुदृढ़ीकरण दोनों लक्ष्य की प्राप्ति होगी। बैठक में जिला अध्यक्ष जयदेव राय, ईश्वर चंद्र प्रजापति, वीरभद्र सिंह अनिल स्वर्णकार अर्चना सिंह, संजय सिंह, जिला प्रभारी चुनुकांत तथा सभी मंडल अध्यक्ष प्रभारी, मंत्री गण उपस्थित रहे।

## डोरंडा में लगा झारखंड का सबसे बड़ा ईद एक्सपो बाजार, खरीदारी के लिए उमड़ रही भीड़



**रांची (आजाद सिपाही)।** ईद के मौके पर झारखंड का सबसे बड़ा ईद एक्सपो बाजार डोरंडा रिसालदार शाह बाबा उर्स मैदान में 17 मार्च से 31 मार्च तक या चांद रात तक लगाया गया है। जिसमें 100 से अधिक स्टॉल लगाये गये हैं, जिसमें लेडीज, जेंट्स व बच्चों के कपड़े, फुटवेयर, घर के सजावट के समान, लेडीज पर्स बैग, बेडशीट, किचेन की जरूरत के समान, अचार, आदिवासी तेल, जड़ी बूटी, खाने पीने के कई प्रकार के व्यंजन, बच्चों के लिए खिलौने, क्रॉकरी, कारपेट सहित बच्चों के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले लगाये गये है। एक्सपो की शुरूआत मंगलवार को रिसालदार शाह बाबा के दरगाह मे खानकाह मजहरिया मुनअमिया फिरदौस नगर डोरंडा के सज्जादा नशी सह ईमाम जामा मस्जिद जैप 1 डोरंडा के पीरे तरीकत रहबरे शरीयत हजरत अल्लामा वा मौलाना सैयद शाह अलकमा शिबली कादरी, झारखंड सरकार के कृषि सचिव अबू बकर सिद्दीकी, दरगाह कमेटी के सदर अय्यूब गद्दी, सेकेट्री जावेद अनवर, उपाध्यक्ष मो रिजवान हुसैन, सह सचिव जुल्फीकार अली भुट्टो, कमिटी के खलीकुल गद्दी, अनीस गद्दी, सहित अन्य लोगों ने बाबा के दरगाह में चादर पोशी कर किया।

# यात्रियों की आवाजाही को सुचारू बनाने के लिए स्टेशनों पर व्यापक सुरक्षा व्यवस्था

**रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान उठाये गये सवाल का दिया जवाब**

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर/ नयी दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने लोकसभा में प्रश्न काल के दौरान एक सदस्य के प्रश्न का जवाब देते हुए बताया कि त्यौहारों के दौरान यात्रियों की अलग-अलग आवाजाही पैटर्न के कारण प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर विशिष्ट परिचालनिक चुनौतियां होती हैं। सुरक्षा व्यवस्था और यात्रियों की आवाजाही को सुव्यवस्थित करने के लिए, सभी हितधारकों को शामिल करके स्टेशन विशेष योजनाएं बनायी जाती हैं, जिनमें राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी), स्थानीय पुलिस और स्थानीय नागरिक प्रशासन शामिल होते हैं और तदनुसार यात्रियों के अंतः प्रवाह का प्रबंधन करने के लिए कार्रवाई की जाती है।

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 के दौरान यात्रियों की भीड़ को संभालने के लिए की गयी व्यवस्था की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि नयी अवसंरचना का निर्माण किया गया, जिसमें सात अतिरिक्त प्लेटफार्मों का निर्माण शामिल रहा जिससे प्रयागराज क्षेत्र में 9 स्टेशनों में कुल प्लेटफॉर्म 48 हो गये हैं।

रेल मंत्री ने कहा कि महाकुंभ के दौरान सुचारू परिवहन सुनिश्चित करने के लिए एक अच्छी तरह से समन्वित गाड़ी परिचालन योजना लागू की गयी। प्रत्येक स्टेशन पर स्वयं का नियंत्रण कक्ष था, जबकि प्रयागराज जंक्शन पर एक केंद्रीय मास्टर नियंत्रण कक्ष था। गाड़ी परिचालन और स्टेशनों पर भीड़ प्रबंधन के लिए मानक संचालन पद्धतियां विकसित की गयी थीं।

यात्रियों की भीड़-भाड़ को सुचारू बनाने के लिए व्यापक उपाय किये गये हैं, जिसमें प्रमुख स्नान दिनों पर स्टेशनों पर एक तरफ से प्रवेश और निकासी प्वाइंट तथा प्लेटफार्मों, पैदल पार पुलों और रैंप पर एकतरफा आवागमन शामिल है।

उन्होंने बताया कि रेलवे ने महाकुंभ-2025 के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध करायी जिसमें निगरानी और रियल टाइम मॉनिटरिंग पर जोर दिया गया था। रेलपथों और स्टेशनों के पहुंच मार्गों पर भीड़ प्रबंधन के लिए लगभग 1200 सीसीटीवी कैमरे, जिनमें 116 फेस रिकग्निशन सिस्टम कैमरे और ड्रोन कैमरे शामिल थे, तैनात किये गये थे।

इसके अलावा, अन्य भीड़ वाले संवेदनशील रेलवे स्टेशनों वाराणसी, अयोध्या, पडित दीनदयाल उपाध्याय दानापुर और नयी दिल्ली आदि पर भी अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की गयी थी।

# शहीद लक्ष्मण नायक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोरापुट को नालको ने 10.10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता दी

आजाद सिपाही संवाददाता



**कोरापुट/भुवनेश्वर।** अपने सीएसआर पहत और सतत विकास के प्रति प्रतिबद्धता के अंतर्गत नवरल सीपीएसई नेशनल एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (नालको) ने शहीद लक्ष्मण नायक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोरापुट को 10.10 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान की है। कंपनी की ओर से यह चेक निरंजन सामल, कार्यकारी निदेशक (खान एवं परिशोधन), नालकों ने, वी कीर्ति वासन आईएएस, कलेक्टर और जिला मजिस्ट्रेट कोरापुट को, आशुतोष रथ कार्यकारी निदेशक (मा'संग), नालको और प्रोफेसर (डॉ) सुशांत कुमार साहू, अधीक्षक-सह-ठीन और प्रधानाचार्य, एसएलएन मेडिकल कॉलेज और अस्पतात की उपस्थिति में बुधवार को कोरापुट कलेक्टोरेट में प्रदान किया। नालकों के सीएसआर शाखा नालको फाउंडेशन के माध्यम से दी गयी पह वित्तीय सहायता अस्पताल के विभिन्न विभागों में रोग देखभाल में सुधार के लिए आवश्यक और उन्नत विकल्प उपकरण और संसाधन उपकरण के लिए उपयोग की जायेगी। यह उल्लेखनीय है कि शहीद लक्ष्मण नायक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल, कोरापुट जिले के लोगों को, विशेष रूप से हाशिये पर स्थित आदिवासी समुदायों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नालको के इस योगदान से अस्पताल की क्षमता में महत्वपूर्ण रूप से बढ़ोतरी की उम्मीद है, जिससे इन कमजोर कम समूहों के लिए स्वास्थ्य समस्याओं की पूर्ति में सुधार होगा, जिन्हें भौगोलिक और संसाधन आधारित बाधाओं का सामना करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि दामनजोड़ी क्षेत्र में, जहां कंपनी का खनन और परिशोधन परिसर स्थित है, वहां नालको मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयों का संचालन करता है, जो 163 परिधीय गांवों और बस्तियों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती हैं। इसके अलावा, पोट्टांगी क्षेत्र में, नालको की मोबाइल स्वास्थ्य इकाइयां 48 गांवों के निवासियों को भी स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती हैं।

# जिंदल फाउंडेशन ने अंगुल में मुफ्त सामुदायिक नेत्र जांच कार्यक्रम शुरू किया

आजाद सिपाही संवाददाता







**भुवनेश्वर ।** अंगुल जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) ने अपनी सामाजिक शाखा जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से ग्रामीण समुदाय, विशेष रूप से जेएसपी के परिधीय गांवों में नेत्र स्वास्थ्य में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया। लेप्रा सोसायटी के साथ तकनीकी सहयोग के साथ, इस कार्यक्रम का शुभारंभ बुधवार को जामुनाली गांव में नीरज कल्ला, वीपी-माइंस, जेएसपी द्वारा जामुनाली की सरपंच शीला प्रधान सहित सामुदायिक नेताओं की उपस्थिति में किया गया। इस पहल का उद्देश्य दृष्टि से संबंधित मुद्दों का जल्द पता लगाना और उनका उपचार सुनिश्चित करना है। ओपी जिंदल ग्रुप की चेयरपर्सन एमेरिटस सावित्री जिंदल के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर एक विशेष स्वास्थ्य जागरूकता सत्र के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई, जिसके बाद एक उद्घाटन समारोह में अजय सिंह, एवीपी -सीएसआर माइंस, सुभाष रे डीजीएम -सीएसआर माइंस, जयंत कुमार महांति जीएम-सीएसआर, आशुतोष मिश्र, डीजीएम-सीएसआर और कुंदन कुमार, एजीए-सीसीडी शामिल हुए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में सुलभ स्वास्थ्य सेवा के महत्व पर जोर दिया। नेत्र जांच शिविर में सभी आयु वर्ग के ग्रामीणों, विशेष रूप से बुर्जुगों की जबरदस्त प्रतिक्रिया देखी गयी। 100 से अधिक ग्रामीणों ने अपनी आंखों की जांच की है और आवश्यक दवा और चश्मे से लाभान्वित हुए हैं। अनुभवी नेत्र रोग विशेषज्ञ मुफ्त जांच और परामर्श आयोजित किए, यह सुनिश्चित करते हुए कि समुदाय को आगे के उपचार के लिए आवश्यक नुस्खे और रेफरल प्राप्त हों। लिप्रा टीम ने, नेत्र देखभाल में अपनी विशेषज्ञता के साथ, संभावित दृष्टि समस्याओं का निदान करने और निवारक उपायों की सलाह देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सामाजिक जिम्मेदारी और समावेशी स्वास्थ्य देखभाल के अपने बड़े मिशन के हिस्से के रूप में, जिंदल फाउंडेशन कई समुदाय-केंद्रित कार्यक्रमों का नेतृत्व करना जारी रखता है। निःशुल्क नेत्र जांच शिविर की सफलता ने आस-पास के गांवों में इसी तरह की भविष्य की पहल का मार्ग प्रशस्त किया है, जिससे वंचित क्षेत्रों में स्वास्थ्य जागरूकता और पहुंच को बढ़ावा देने के लिए जेएसपी की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है। 'वी केयर योर आइज' जिंदल स्टील के सीएसआर के 'दृष्टि' कार्यक्रम का विषय है, जिसकी सामाजिक शाखा जिंदल फाउंडेशन की अध्यक्षा श्रीमती शालू जिंदल हैं। इस कार्यक्रम के तहत, जिंदल फाउंडेशन ने अब तक 10,000 से अधिक चालकों, वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न आयु वर्ग के व्यक्तियों को आवश्यकता के आधार पर नेत्र उपचार और चश्मा प्रदान करके सेवा प्रदान की है।

# ओड़िशा में मैट्रिक परीक्षा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता



**भुवनेश्वर।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (बीएसई) द्वारा आयोजित मैट्रिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कड़ी सुरक्षा व्यवस्थाओं के बीच बुधवार से शुरू हो गया। बीएसई ने सुचारू और निष्पक्ष मूल्यांकन प्रक्रिया सुनिश्चित करने के लिए कड़े कदम उठाये हैं। बोर्ड ने चेतावनी दी है कि मूल्यांकन प्रक्रिया के दौरान अनुचित व्यवहार में लिप्त किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। बीएसई के निर्देशों के अनुसार, मूल्यांकन प्रक्रिया हर सुबह 10 बजे शुरू होगी और शाम 5 बजे तक जारी रहेगी। मूल्यांकन प्रक्रिया में शामिल शिक्षकों, प्रशिक्षकों और अन्य कर्मचारियों को मूल्यांकन समय के दौरान परिसर से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी। इसके अलावा, मोबाइल फोन के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, मूल्यांकन प्रक्रिया के लिए 11,800 शिक्षकों को तैनात किया गया है। मूल्यांकन केंद्रों को किसी भी कदाचार को रोकने के लिए सीसीटीवी कैमरों सहित उन्नत सुरक्षा प्रणालियों से लैस किया गया है। बीएसई ने प्रत्येक मूल्यांकन केंद्र पर एक शिविर अधिकारी, एक मुख्य पर्यवेक्षक, दो उप पर्यवेक्षक और दो पर्यवेक्षक भी नियुक्त किए हैं। इसके अलावा, 300 से अधिक डेटा एंट्री ऑपरेटरों को मार्क ऑनलाइन अपलोड करने के लिए लगाया गया है। हर दिन मूल्यांकन के बाद मार्क ऑनलाइन अपलोड किए जायेंगे। गौरतलब है कि इस साल कुल 5,22,336 छात्रों ने मैट्रिक परीक्षा के लिए पंजीकरण कराया था, लेकिन 15,000 से अधिक छात्र अनुपस्थित रहे।

**परिसीमन का विरोध का मतलब बाबा अंबेडकर के संविधान का विरोध**

# मंत्री पहले इस्तीफा दें फिर करें परिसीमन का विरोध : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मूलवासी सदान मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने परिसीमन को लेकर झारखंड सरकार के कुछ मंत्रियों द्वारा विधानसभा में दिये गये बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। कहा कि सत्ता पक्ष के मंत्री और नेता बाबा डॉ भीमराव अंबेडकर के बनाये गये संविधान की दुहाई देते नहीं थकते हैं। लेकिन जब उनके पक्ष में निर्णय नहीं हो तो फिर विरोध में खड़े हो जाते हैं। चाहे बाबा डॉ भीमराव द्वारा बनाये गये संविधान ही क्यों ना हो। परिसीमन का विरोध करने का मतलब है कि संविधान का विरोध करना, ऐसे में पहले मंत्री इस्तीफा दें फिर करें परिसीमन का विरोध।

राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि परिसीमन कराना एक संवैधानिक प्रक्रिया है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि 2008 में परिसीमन नहीं कराना यह तुष्टीकरण और संविधान के खिलाफ था। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि मूलवासी सदानों के अधिकारों को झारखंड में चारों तरफ से छीना जा रहा है लेकिन सत्ता पक्ष और विपक्ष सदानों पर होने वाले अन्याय को लेकर चुप हैं। प्रसाद ने कहा कि 2026 में हर हाल में केंद्र सरकार से परिसीमन कराने की मांग की है।

प्रसाद ने कहा कि झारखंड में लोकसभा का क्षेत्र भी बहुत लंबा चौड़ा है, इसमें भी सुधार करने की जरूरत है। राजेंद्र प्रसाद ने कहा कि झारखंड में परिसीमन के बाद लोकसभा की सीट को 14 से बढ़कर 28 करना चाहिए और विधानसभा की सीट को 81 से बढ़कर 160 करने की जरूरत बतायी है। कहा कि झारखंड में विधानसभा की सीट को बढ़ाते हुए विधान परिषद का गठन करने की मांग की है। जिससे वैसे क्षेत्रों के लोगों को भी विधान परिषद में प्रतिनिधित्व करने का मौका मिलेगा जो आरक्षित सीटों के कारण विधानसभा और लोकसभा में कभी प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहे हैं।

## सरहुल पूजा : 31 मार्च को उपवास

**रांची (आजाद सिपाही)।** सरहुल पूजा धूमधाम से मनाने को लेकर केंद्रीय सरना समिति (फूलचंद तिर्की गुट) के केंद्रीय कार्यालय 13 आरआइटी बिल्डिंग कचहरी परिसर रांची में बुधवार को एक बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष फूलचंद तिर्की ने किया। फूलचंद तिर्की ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों का सबसे बड़ा त्योहार है। आदिवासी समाज बड़े ही हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाते हैं। इस वर्ष 31 मार्च 2025 को उपवास एवं केकड़ा मछली पकड़ना है एवं 1 अप्रैल 2025 को पूजा एवं सरहुल शोभायात्रा है। केंद्रीय सरना समिति के महासचिव संजय तिर्की ने कहा कि शोभायात्रा में लोग ढोल, नगाड़ा, मांदर महिलाएं लाल पाढ़ साड़ी, पुरुष धोती गंजी में निकलें। सरहुल की तैयारी में गांव, मोहल्ला, सरना अखड़ा कि साफ सफाई करें। अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के अध्यक्ष सत्यनारायण लकड़ा ने कहा कि शोभायात्रा समय से पहले निकलें ताकि शांतिपूर्वक शोभायात्रा संपन्न हो सके। इस मौके पर संरक्षक भुनेश्वर लोहार, विमल कच्छप, विनय उरांव, सहाय तिर्की, कंदना उरांव, बाना मुंडा सहित अन्य शामिल थे।

## तीन टर्म में पहली बार सदन में बोलने का मौका मिला : सुखराम उरांव

**रांची (आजाद सिपाही)।** चक्रधरपुर से झामुमो विधायक सुखराम उरांव को पहली बार बुधवार को विधानसभा में जल संसाधन विभाग की अनुदान मांगों पर हुई चर्चा में शामिल होने का मौका मिला। सुखराम उरांव ने जल संसाधन विभाग की अनुदान मांगों पर कुछ विशेष कहने की बजाय बहुत कुछ कह गये। रोचक ढंग से कई ऐसे जानकारी दी, जिसका सदन में बैठे विधायकों ने भी मजा लिया। सुखराम ने बताया कि वह तीसरी बार विधायक बने हैं, लेकिन दिलचस्प यह है कि तीन टर्म में उन्हें पहली बार सदन में आज बोलने का मौका मिला है। उन्होंने बताया कि हमारे क्षेत्र की कुछ खासियत भी रही है। यहां से कोई भी लगातार चुनाव नहीं जीता। तीन बार कोई विधायक भी नहीं बना, लेकिन वह पहले व्यक्ति हैं जो तीसरी बार विधायक बने। सुखराम उरांव ने बताया कि चक्रधरपुर अंडा के आकार का एक छोटा शहर है। अजूबा शहर है। एक ऐसा शहर है जहां मनोहरपुर सहित तीन तीन विधानसभा क्षेत्रों के विधायक यहीं रहते हैं। सांसद जोबा मांझी यहीं रहती हैं। पश्चिमी सिंहभूम जिले के सभी दलों के अध्यक्ष भी चक्रधरपुर में ही रहते हैं। सुबह घूमियेगा तो अयोध्या-काशी की तरह मंदिरों में घंटे बजते मिलेंगे। दोपहर में जाइयेगा तो गाली-गलौज और झंझट होते दृश्य मिलेंगे। शाम होगी तो लगेगा बॉर्डर पर आ गये। गोली चलते मिल जायेगी। चक्रधरपुर से पूरा कोल्हान संचालित होता है। इस अजूबे शहर में राजनीति और सामाजिक काम करना बहुत कठिन है। हजारीबाग और जमशेदपुर के बाद सबसे अधिक तनाव की स्थिति यहीं बनती है। सुखराम उरांव ने कहा कि सबसे अधिक माइनिंग कोल्हान में होता है। लेकिन माइनिंग और लोडिंग-अनलोडिंग में मशीनों के उपयोग से उसका लाभ स्थानीय लोगों को नहीं हो रहा। बेरोजगारी का सबसे बड़ा कारण यही है।

**शपथ पत्र**

**शपथ पत्र सं.: 817 दिनांक : 18/03/2025 के अनुसार मैं, सनारती डांग, पति श्री पावल डांग, निवास ग्राम - सरबो बड़का टोली, पो. -सारबो, थाना-रनियां, जिला खूंटी, झारखंड राज्य शपथ पूर्वक ब्यान करती हूं कि:-**

**1.यह कि मैं ग्राम-सारबो बड़का टोली, पो.- सारबो, थाना- रनियां, जिला-खूंटी झारखण्ड राज्य की स्थायी निवासी हूं। 2. यह कि मैं बैंक ऑफ बडौदा तोरपा शाखा में एक खाता खोली हूं, जिसका खाता सं. - 44358100002436 है जिसमें मेरा नाम सनारती डहंगा दर्ज है।**

**3. यह कि भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण द्वारा निर्गत आधार कार्ड सं. -242221655246 एवं भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्गत पत्र सं. -बी एक्स एल- 08581696 में मेरा नाम सनारती डांग दर्ज है।**

**4.यह कि सनारती डहंगा एवं सनारती डांग दोनो एक ही व्यक्ति का नाम है और दोनों मेरा ही नाम है मैं दोनों नामों से जानी वा पहचानी जाती हूं।**

**5. यह कि यह शपथ पत्र नाम सत्यापन हेतु दाखिल कर रही हूं।**

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक (इंजी), दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्ताव पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी (1) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-057, दिनांक 18.03.2025;** पाटासाहीः यार्ड को दोनों छोर पर शंटिंग नेक का विस्तार तथा पूरी लंबाई की अतिरिक्त लोडिंग लाइन का निर्माण; रु. 9,17,65,315.81; रु. 6,08,800; **(2) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-58, दिनांक 18.03.2025;** रांगराः यार्ड को दोनों छोर पर शंटिंग नेक का विस्तार तथा पूरी लंबाई की अतिरिक्त लोडिंग लाइन का निर्माण; रु. 11,32,88,018.08; रु. 7,16,500; **(3) सीकेपी-सेंट्रल-24-25-59, दिनांक 18.03.2025;** वरिष्ठ मंडल अभियंता/सेंट्रल/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन एलडब्ल्यूआर ट्रैक के रखरखाव के लिए विभिन्न रेल सेक्शन हेतु सिर्फ ऑटोमेटिक टेपिंग थिम्बलों द्वारा तीन-पीस मोल्ड सहित कम्प्रेस्ड एयर पेट्रोल/एलपीजी के प्रयोग द्वारा रेलवे ज्वाइंटों की फ्यूजन वेल्डिंग के लिए 6000 एटी वेल्डिंग पोर्सन की आपूर्ति कार्य का निष्पादन; रु. 1,48,87,971.40; रु. 2,24,400; **निविदा प्रपत्र की कीमतः** प्रत्येक के लिए रु. 0.00। **खुलने की तारीखः** क्रमांक 1 एवं 3 के लिए 11.04.2025 तथा क्रमांक 2 के लिए 15.04.2025; निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **टिप्पणी: सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकारी-रेलवे बोर्ड पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020).** (PR-1247)

# राजनेताओं की जिम्मेदारी

महाराष्ट्र का नागपुर शहर सोमवार को जिस तरह की हिंसा के दृश्यों का गवाह बना, वह इस बात का खतरनाक संकेत है कि अतीत से जुड़े द्वेषपूर्ण विमर्श देश को किस तरह की त्रासद स्थितियों में झोंक सकते हैं। प्रदेश में मुगल शासक औरंगजेब को लेकर पिछले कई दिनों से दिये जा रहे बयान न केवल गैरजरूरी, बल्कि लोकतांत्रिक, धर्मनिरपेक्ष और शांतिपूर्ण विकास की उस राह में रोड़े खड़े करने वाले हैं, जिस पर आजादी के बाद से देश ने लंबा सफर तय किया है।

**कानून-व्यवस्था :** इसमें दो राय नहीं कि नागपुर में हुई घटनाएं पहली नजर में कानून-व्यवस्था से जुड़े तंत्र की नाकामी की ओर इशारा करती हैं। जिस तनावपूर्ण माहौल में दक्षिणपंथी संगठनों ने औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर प्रदर्शन आयोजित किये, उसने मामले को भड़काने में अहम भूमिका निभायी। ऐसे माहौल में अफवाहों का बाजार गर्म हो ही जाता है। उनसे निपटने की जैसी तैयारी पुलिस और प्रशासन की होनी चाहिए थी, वह जाहिर तौर पर नहीं थी।

**राजनीति की गैरजिम्मेदारी :** यह सही है कि शांति व्यवस्था कायम रखने की जिम्मेदारी पुलिस-प्रशासन की होती है, लेकिन राजनीति उससे पूरी तरह पल्ला नहीं झाड़ सकती। ऐसा नहीं हो सकता कि आप आग लगाने वाले बयान जारी करते रहें और आग लगने के बाद सारा दोष प्रशासन के मत्थे मढ़ दें। मौजूदा मामले में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता समझदारी और संवेदनशीलता का परिचय नहीं दे सके।

**नागपुर में सोमवार की हिंसा से पता चलता है कि अतीत से जुड़े द्वेषपूर्ण विमर्श कैसे त्रासद स्थितियां पैदा कर सकते हैं। औरंगजेब पर दिये बयानों ने तनाव बढ़ाया और प्रशासन की तैयारी नाकाफी रही। नेताओं को समझदारी और संवेदनशीलता दिखानी चाहिए।**

**यह कैसा विमर्श :** वहीं, अतीत के सवालों को जिस आक्रामक तरीके से उठाया जा रहा है, उससे ऐसा लगता है कि इतिहास की कब्र में दफन मुर्दे उखाड़ना आज की राजनीति के लिए मौजूदा चुनौतियों से निपटने से ज्यादा जरूरी हो गया है। दरअसल, ऐतिहासिक प्रतीकों पर सरकारों को अपने संवैधानिक दायित्व का निर्वाह करना होगा। इस बात की परवाह किये बगैर कि उससे उनकी सियासत पर क्या असर होता है। यह बात भी याद रखनी चाहिए कि हिंसा-अस्थिरता के माहौल में निवेशक पीछे हट जाते हैं, जिससे विकास गतिविधियों पर बुरा असर पड़ता है।

**जनकल्याण की कसौटी :** राजनीतिक दलों को वक्त रहते इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए कि उनके तौर-तरीके देश और समाज को किस तरफ ले जा रहे हैं। वोट हासिल करना उनके अस्तित्व की सार्थकता का सिर्फ एक पहलू है। उन्हें जनकल्याण की ज्यादा बड़ी कसौटियों पर भी खुद को और अपनी नीतियों को कसना है।

अभिमत
आजाद सिपाही

**सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप-प्रत्यारोप लगाये, पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं, अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। प्लेसमेंट और पैकेज की जिस समस्या से आज का युवा वर्ग जूझ रहा है, वह भविष्य में बड़ी समस्या के रूप में सामने आ सकता है और तब इसके समाधान के तमाम रास्ते बंद हो चुके होंगे।**

# प्लेसमेंट और पैकेज की समस्या से जूझते आज के युवा

ज्ञानप्रकाश

**युवाओं** के लिए रोजगार के अवसर केवल एक देश की समस्या ना होकर अब वैश्विक समस्या होती जा रही है। रोजगार को लेकर अब तो यह भी बेमानी हो गया है कि आपने कहां से अध्ययन किया है। हालात ये होते जा रहे हैं कि दुनिया के श्रेष्ठतम अध्ययन केंद्रों के पासआउट युवा भी अच्छे पैकेज के रोजगार के लिए अलग तरह के तनावों से दो-चार हो रहे हैं। यह कल्पना या कपोल कल्पित नहीं, बल्कि वास्तविकता है कि हार्वर्ड, स्टैनफोर्ड, शिकागो, कोलंबिया, एमआइटी, पेंसिल्वेनिया, एमआइटी जैसे वैश्विक ख्यातनाम संस्थानों से एमबीए कर युवाओं को पासआउट के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलने की संख्या में तेजी से इजाफा होता जा रहा है। ब्लूमबर्ग ने अमेरिका के सात शीर्ष संस्थानों से एमबीए का अध्ययन कर निकले विद्यार्थियों के प्लेसमेंट को लेकर अध्ययन कर रिपोर्ट में तो यही खुलासा किया है। चौंकाने वाली बात यह है कि 2021 की तुलना में 2024 में यह प्रतिशत करीब-करीब चार गुणा बढ़ गया है। 2021 में केवल 4 प्रतिशत पासआउट छात्र ही ऐसे थे, जिन्हें पासआउट होने के तीन माह बाद तक ऑफर नहीं मिलता था। यह संख्या 2024 तक बढ़कर 15 प्रतिशत हो गयी है। अमेरिका के शीर्ष सात संस्थानों में कहीं-कहीं तो छह गुणा तक की बढ़ोतरी देखी गयी है। यह इसलिए भी चिंताजनक है कि जिन संस्थानों के अध्ययन का स्टैंडर्ड निर्विवाद रूप से समूचे विश्व में श्रेष्ठतम रहा है और जिनकी वैश्विक पहचान है, उनकी ही यह हालत है, तो आम संस्थानों की क्या होगी? यह अकल्पनीय है। हो सकता है कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट अतिशयोक्तिपूर्ण हो, पर हालात जिस तरह के सामने आ रहे हैं, उससे यह साफ हो जाता है कि प्लेसमेंट की समस्या दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है।

**सामान्य और मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है।**



**जहां तक हमारे देश की बात की जाये, तो यह साफ हो जाता है कि हमारे यहां एक तरह से अंधी दौड़ चलती है। एक समय था, जब कुकुरमुत्ते की तरह प्रबंधन संस्थान खुले और आज हालात यह है कि निजी क्षेत्र में खुले इस तरह के संस्थानों को क्षमता के अनुसार विद्यार्थी ही नहीं मिल रहे हैं। लगभग यही स्थिति इंजीनियरिंग कॉलेजों की होती जा रही है। गली-गली में फार्मेसी संस्थान खुलते जा रहे हैं। सौ टके का सवाल यह है कि अध्ययन संस्थान खोलने की अनुमति के साथ ही अध्ययन का स्तर भी बनाये रखने के लिए फैकल्टी को लेकर भी मान्यता देते समय सरकार को गंभीर होना होगा।**

सवाल केवल प्लेसमेंट तक ही सीमित नहीं है, अपितु पैकेज में भी लगातार कमी देखी जा रही है। कुछ चंद युवाओं को अच्छा पैकेज मिल जाना इस बात का प्रमाण नहीं हो सकता कि कंपनियों द्वारा युवाओं को अच्छा पैकेज दिया जा रहा है। दरअसल कोरोना के बाद से प्लेसमेंट और पैकेज को लेकर हालात बहुत हद तक बदल गये हैं। यदि हम भारत की ही बात करें, तो देश के शीर्ष प्रबंधन संस्थानों से पासआउट युवाओं को 2022 में औसत 29 लाख का पैकेज मिल रहा था, तो वह 2024 आते-आते 27 लाख पर आ गया है। यह सब तो देश दुनिया के शीर्ष अध्ययन संस्थानों से पासआउट युवाओं को लेकर है। सामान्य और मध्यस्तरीय संस्थानों से पासआउट युवाओं को मिलने वाला पैकेज तो बहुत ही कम होता जा रहा है। दूसरी ओर घर-बार छोड़कर 90 घंटे तक काम करने को लेकर बहस चल रही है। एक ओर पिकॉक कल्चर, हाइब्रिड सिस्टम और वर्क फ्रॉम होम से कार्यस्थल पर युवाओं को लाने की जद्दोजहद जारी है, तो दूसरी ओर कम होते अवसर चिंता का विषय बनते जा रहे हैं।

सरकारें लाख प्रयास करें या विपक्षी बेरोजगारी बढ़ने के लाख आरोप प्रत्यारोप लगायें, पर लगता है कि प्लेसमेंट, रोजगार और पैकेज का संकट किसी एक देश का नहीं, अपितु वैश्विक समस्या बनती जा रही है। इससे युवाओं में कहीं ना कहीं निराशा भी आती जा रही है। हांलाकि हार्वर्ड, शिकागो आदि के संदर्भ शिक्षा के स्तर को लेकर प्रश्न नहीं उठाया जा सकता, पर तस्वीर का दूसरा पक्ष यह भी है कि हार्वर्ड, शिकागो या इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं में अध्ययन करने वाले कितने युवा होते हैं, तो दूसरी और कितने लोगों के लिए इन संस्थाओं के अध्ययन का खर्च उठाने की क्षमता होती है। जब इस तरह की उच्च गुणवत्ता वाली संस्थाओं से अध्ययन प्राप्त कर निकले युवाओं के सामने ही प्लेसमेंट या पैकेज का संकट आ रहा है, तो अन्य संस्थानों से अध्ययन प्राप्त युवाओं की स्थिति क्या होगी, यह अपने आप में सोचनीय हो जाती है।

जहां तक हमारे देश की बात की जाये, तो यह साफ हो जाता है कि हमारे यहां एक तरह से अंधी दौड़ चलती है। एक समय था, जब कुकुरमुत्ते की तरह प्रबंधन संस्थान खुले और आज हालात यह है कि निजी क्षेत्र में खुले इस तरह के संस्थानों को क्षमता के अनुसार विद्यार्थी ही नहीं मिल रहे हैं। लगभग यही स्थिति इंजीनियरिंग कॉलेजों की होती जा रही है। गली-गली में फार्मेसी संस्थान खुलते जा रहे हैं। सौ टके का सवाल यह है कि अध्ययन संस्थान खोलने की अनुमति के साथ ही अध्ययन का स्तर भी बनाये रखने के लिए फैकल्टी को लेकर भी मान्यता देते समय सरकार को गंभीर होना होगा। जब तक स्तरीय अध्ययन उपलब्ध नहीं होगा, तब तक हम पास आउट तो करते रहेंगे, पर प्लेसमेंट या अच्छे पैकेज की बात करना बेमानी होगा। सरकार को शिकागो, हार्वर्ड कोलंबिया, पेंसिल्वेनिया या इसी तरह के संस्थानों से पासआउट के साथ जो हालात बन रहे हैं, उससे समय रहते सबक लेना होगा और अन्य संस्थानों में भी शिक्षण और शोध की गुणवत्ता सुनिश्चित करनी होगी, ताकि पासआउट की लंबी फौज नहीं बन सके। युवाओं में नैराश्य भी नहीं आये और देश को योग्य युवा मिल सकें।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं।)**

## जमशेदपुर की खबरें

# सैनिक को जेल भेजे जाने के मामले में डीजीपी ने कोल्हान डीआइजी को दिये जांच के आदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जुगसलाई थाने में बागबेड़ा के रहने वाले सैनिक सूरज राय और उनके चचेरे भाई विजय राय के साथ हुई अभद्रता, मारपीट और जेल भेजे जाने के मामले की उच्च स्तरीय जांच होगी। डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बुधवार को इस मामले में जांच के आदेश दिये हैं। डीजीपी ने कोल्हान डीआइजी मनोज रतन चौथे को आदेश दिया है कि वह मामले की जांच (अनुसंधान) करें। जांच के दौरान जो भी पुलिसकर्मी इस मामले में दोषी पाये जाते हैं। उन पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

**सैनिक कानून तोड़े तो आर्मी यूनिट को सौंपें**

डीजीपी ने सैनिक को जेल भेजने की घटना पर कहा कि देश का सैनिक जेल जाये यह दुख का विषय है। यह नहीं होना चाहिए।



अगर कोई फौजी कानून तोड़ता है तो पुलिस को चाहिए कि नजदीक के आर्मी यूनिट को इसकी सूचना दें और सैनिक को आर्मी यूनिट को सौंप दें। सेना अपने नियमों के अनुसार सैनिक पर कार्रवाई करेगी

**अखनूर में हवलदार के पद पर तैनात हैं सूरज राय**

सूरज राय कश्मीर के अखनूर में सेना के हवलदार के पद पर तैनात हैं। विजय राय उनके चचेरे भाई हैं। सूरज राय के परिजनों का आरोप है कि जुगसलाई थाने की गाड़ी चलाने वाले छोटू नाम के युवक से विजय राय का विवाद हुआ था। पुलिस ने 14 मार्च को विजय राय को जुगसलाई थाना बुलाया था। मामले की जानकारी लेने के लिए सूरज राय भी उनके साथ चले गये। सूरज राय को देखते ही पुलिसकर्मी आग बबूला हो गये। सूरज राय और विजय राय के साथ थाने में अभद्रता की गयी। परिजनों का आरोप है कि सूरज राय के साथ मारपीट भी की गयी। बाद में दोनों को जेल भेज दिया गया था। हालांकि मंगलवार को सूरज राय जमानत पर छूट गये हैं।

**पूर्व सैनिक संघ ने पुलिस की कार्रवाई पर उठाये सवाल**

इस मामले में अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने विरोध जताते हुए जुगसलाई थाना और उपायुक्त कार्यालय में प्रदर्शन किया था। संघ ने कहा कि 14 मार्च को जुगसलाई थाना के ड्राइवर छोटू बिल्ला से विवाद हुआ था। इसके बाद थाना प्रभारी ने फौजी को बुलाकर शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया और बिना उचित कानूनी प्रक्रिया के हथकड़ी लगाकर जेल भेज दिया। पूर्व सैनिकों ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि सेना के जवान को गिरफ्तार करने से पहले उसकी यूनिट (जम्मू) या स्थानीय सेना इकाई को सूचित करना होता है, लेकिन पुलिस ने नियम का उल्लघंन किया है।

**पूर्व सैनिकों ने की थी ये मांग**

पूर्व सैनिकों ने मांग की थी कि सूरज राय को बिना शर्त तत्काल रिहा किया जाये और मामले की न्यायिक जांच करायी जाये। इसके अलावा सेना के जवान पर लगे झूठे आरोप को हटाने और दोषी पुलिसकर्मियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की भी मांग की गयी थी। पूर्व सैनिकों ने भविष्य में सैन्य कर्मियों से जुड़े मामलों में उचित प्रोटोकॉल का पालन सुनिश्चित करने की मांग की थी।

### दिलीप गोराई हत्याकांड

# चांडिल पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हथियार किया बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**चांडिल।** बीते दिनों चांडिल बाजार स्थित कल्पना स्टूडियो के मालिक दिलीप गोराई हत्यानकांड मामले में पुलिस ने महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। बुधवार को चांडिल थाना प्रभारी डिल्सन बिरुआ ने बताया हत्याकांड में शामिल सुमित सोलंकी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गयी। उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त देसी पिस्तौल को बरामद कर लिया गया।बीते 13 जनवरी को स्टूडियो में घुसकर दिलीप गोराई की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए राकेश गोराई, सुमित सोलंकी और कैलाश कर्मकार को गिरफ्तार कर 18 जनवरी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। जांच में खुलासा



हुआ राकेश गोराई ने पारिवारिक विवाद के चलते अपने पिता दिलीप गोराई की हत्या के लिए 65 हजार रुपये की सुपारी अपने भांजे सुमित सोलंकी को दी थी। बीते18 मार्च को न्यायालय के आदेश पर सुमित सोलंकी को रिमांड पर लेकर पूछताछ की गई।उसके बाद हत्या में प्रयुक्त हथियार की बरामदगी संभव हो सकी। पूछताछ के बाद सुमित को पुनः न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।

# निर्मल नगर में पानी की किल्लत, समाधान के लिए नगर निगम की त्वरित कार्रवाई



**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** गर्मी का मौसम आते ही बीते कई दिनों से आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 15 स्थित निर्मल नगर में पानी की किल्लत दिखने लगी है। स्थानीय लोगों ने समाधान के लिए नगर निगम कार्यालय में सहायक नगर आयुक्त विपुल साहनी को एक ज्ञापन सौंपा।लोगो ने बताया पिछले 4-5 वर्षों से उनके घरों के बोरिंग सूख चुके हैं। जिससे उन्हें पानी की भारी कमी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नगर निगम से डीप बोरिंग के माध्यम से घरों तक पाइपलाइन कनेक्शन उपलब्ध कराने की मांग की। ताकि पानी की समस्या का स्थायी समाधान हो सके।जानकारी मिलते ही नगर निगम प्रशासक रवि प्रकाश ने तुरंत कार्रवाई का आश्वासन देते हुए कहा पानी की किल्लत को दूर करने के लिए टैंकरों से आपूर्ति शुरू की जायेगी। साथ ही सरकारी प्रक्रिया के तहत डीप बोरिंग करवाकर पानी उपलब्ध कराया जायेगा। जिससे नागरिकों को स्थायी सुविधा मिल सके। उधर नगर निगम की त्वरित प्रतिक्रिया से निर्मल नगर के लोगो ने खुशी जाहीर करते हुए जल्द ही राहत मिलने की उम्मीद जताया।

# हरिनाम संकीर्तन में शामिल हुए झामुमो नेता



**बहरागोड़ा (आजाद सिपाही)।** बहरागोड़ा प्रखंड के बामडोल और बड़ागरिया गांव में हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेताओं ने उपस्थित होकर श्रद्धापूर्वक राधा-गोबिंद की पूजा-अर्चना कर बहरागोड़ा वासियों के सुख, शांति और समृद्धि के लिए कामना की। हालांकि स्थानीय विधायक समीर कुमार मोहंती विधानसभा सत्र के चलते शामिल नहीं हो सके। उनके निर्देश पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष असित मिश्रा और वरिष्ठ नेता गोपन परिहारी ने गांववासियों के साथ भक्तिभाव से संकीर्तन में शामिल हुए। संकीर्तन के दौरान भक्तिमय माहौल बनी रही। सभी ने मिलकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव किया। मौके पर झामुमो नेताओं ने कहा पार्टी जन-जन से जुड़ी हुई है। हर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करेगी। इस अवसर पर झामुमो नेता बापी साव, मिथुन कर, राघव घोष, गोबिंद तराई, वरुण घोष सहित कई स्थानीय कार्यकर्ता सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित रहे।

# डीसी ने टाटा लीज, खेल एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का किया निरीक्षण

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जिला दंडाधिकारी सह डीसी अनन्य मित्तल ने टाटा लीज, खेल एवं सामाजिक सुरक्षा कार्यालय का निरीक्षण किया। बुधवार को निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालय की कार्य संस्कृति में सुधार, समय पर कार्य निष्पादन और दस्तावेजों के अद्यतन रखने पर जोर दिया। सभी कार्यालयों में बायोमीट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये। डीसी श्री मित्तल ने आगत-निर्गत पंजी, रोकड़ पंजी, संचिका, सी.एन.सी रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, इंडेक्स रजिस्टर सहित अन्य महत्वपूर्ण



रिकॉर्ड की जांच की। उन्होंने कार्यालय के लिपिक से संचिकाओं का अवलोकन करने पर गयी कमियों को अद्यतन करने, सरकार नियमावली के अनुरूप संचिकाओं का संधारण करने का निर्देश दियी। इसके अलावा सरकारी राशि से योजनाओं के क्रियान्वयन, व्यय एवं क्रय की गयी सामग्रियों का उचित तरीक से संचिका और भंडार पंजी में संधारण नियमित रूप से करने के निर्देश दिये। डीसी ने वित्त विभाग और सरकार द्वारा जारी गाइडलाइनों का पालन करने, महत्वपूर्ण संकल्पों को गार्ड फाइल में संधारित करने, मानव श्रम बल की उपलब्धता और कार्य विभाजन की समीक्षा, कार्यालय परिसर की समुचित साफ-सफाई, कार्याविधि का समुचित उपयोग और लोगों की समस्याओं के समाधान पर भी जोर दिया।निरीक्षण के दौरान परियोजना निदेशक आईटीडीए दीपांकर चौधरी, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर अनिकेत सचान,एडीसी भगीरथ प्रसाद, निदेशक एनईपी संतोष गर्ग, कार्यपालक दण्डाधिकारी चंद्रजीत सिंह, कार्यपालक दण्डाधिकारी मृत्युंजय कुमार, एडीएसएस श्रीमती नेहा संजना खलखो, जिला खेल पदाधिकारी अविनेश त्रिपाठी समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# विधायक के प्रयास से कैंसर पीड़ित परिवार को मिली राहत

**पोटका (आजाद सिपाही)।** पोटका विधानसभा क्षेत्र के कोकदा ग्राम निवासी निवारण भगत कैंसर के गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। विधायक संजीव सरदार को निवारण भगत के स्थिति की जानकारी मिली। उन्होंने तत्काल अपने कार्यालय को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। विधायक के निर्देश पर कार्यालय प्रभारी मनोज नहा ने तत्परता दिखाते हुए मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत जिला चयन समिति से पारित कराकर 1.87 की सहायता राशि स्वीकृत करायी। इस राशि से निवारण भगत को जमशेदपुर के ब्रह्मानंद नारायण हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

# हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से नहीं, गांवों से चलती है : हेमंत सोरेन








विजय प्रताप देव / प्रशांत सहाय

**बंशीधर नगर/गढ़वा (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार रांची हेडक्वार्टर से चलने वाली सरकार नहीं है। हमारी सरकार राज्य के गांव-गांव से चलने वाली सरकार है। यह जनता की सरकार है। जनता के दुःख, तकलीफ उनके आंसुओं को पोछने का हम हमेशा से प्रयास करते रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग पिछले दिनों आपके बीच आप सभी लोगों का आशीर्वाद पाने के लिए आये थे, तब मैंने कहा था हमने आप लोगों के लिए पूरे 5 साल मजदूरी की है, इसके लिए मुझे जेल भी जाना पड़ा है, इसलिए आप लोगों से हमें हमारी मजदूरी का हिस्सा मिलना चाहिए और आप सभी ने हमें हमारी मजदूरी का हिस्सा राज्य में एक मजबूत सरकार के गठन करने के रूप में दिया है। आप सभी का आशीर्वाद हमें सदैव प्राप्त होता रहा है, मुझे विश्वास है कि यही स्नेह और प्यार आने वाले समय में भी आप सभी लोग हमें देंगे। मुख्यमंत्री बुधवार को आयोजित दो दिवसीय श्री बंशीधर राजकीय महोत्सव 2025 के उद्घाटन मौके पर बोल रहे थे।

## जल संकट से उबरेगा पलामू प्रमंडल

मुख्यमंत्री ने कहा कि पलामू प्रमंडल पानी के लिए हमेशा तरसता रहा है। यह शैडो जोन में आता है, गर्मी यहां अधिक पड़ती है। किसान पानी की बूंद के लिए तरसते रहते है, लेकिन पानी की व्यवस्था नहीं हो पाती है, इसके लिए आप लोग चिंता ना करें। पूर्व के अपने शासनकाल में हमने इस क्षेत्र के गांव, खेत और किसानों तक पानी पहुंचाने के एक संकल्प लिया था, उसके तहत हम लोगों ने कनहर परियोजना का शुभारंभ किया था। लगभग 1200 करोड़ रुपये की यह योजना आने वाले 6 से 8 महीने में पूर्ण होने जा रहा है ,जो यहां के किसानों के खेतों में पानी पहुंचाने का कार्य करेगा।

**प्रत्येक सेक्टर में प्रतिबद्धता के साथ हो रहा है कार्य :** मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस प्रमंडल में बिजली नहीं मिल पाती थी। वर्ष 2013-14 में जब हम पहली बार मुख्यमंत्री बने थे, उस समय पलामू प्रमंडल को बिजली से किसी ने जोड़ने का काम किया था तो वह मेरे मुख्यमंत्रित्व काल में ही किया गया था। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज आधारभूत संरचना की बात करें तो हर ओर सड़क का निर्माण हो रहा है, उससे लोगों का आवागमन हो रहा है। कनेक्टिविटी तेजी से बढ़ रही है। विगत 5 वर्षों में यहां जो बदलाव देखने को मिला। वह राज्य अलग होने के 20 से 22 साल तक देखने को नहीं मिला था। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक सेक्टर में राज्य सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री ने 19 योजनाओं का उद्घाटन और 8 योजनाओं का किया शिलान्यास

गढ़वा (आजाद सिपाही)। दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के दौरान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 182 करोड़ 73 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले 27 योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। जिसमें विभिन्न विभागों के 136 करोड़ की लागत की 19 योजनाओं का उद्घाटन और 45 करोड़ 88 लाख की लागत से बनने वाली आठ योजनाओं का शिलान्यास किया। जिन योजनाओं का उद्घाटन किया गया है, उनमें पथ निर्माण विभाग से हूर मोड़ से डालटनगंज बॉर्डर भाया डुमरिया डंडा पथ का चौड़ीकरण व मजबूतीकरण, नगर उंटारी-भवनाथपुर खरौंधी डाला पथ का राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य, रंका प्रखंड अंतर्गत गोदरमाना आईबी पहुंच पथ का चौड़ीकरण, मजबूतीकरण और पुर्णनिर्माण कार्य, चिनियां-रणपुरा खुथुआ मोड़ पथ तक राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य के अलावा स्वास्थ विभाग अंतर्गत गढ़वा, मझिआंव, रमकंडा, रंका, भंडरिया, मेराल, नगर उंटारी, धुरकी, बरडीहा व भवनाथपुर में स्वास्थ्य उप केंद्र का उद्घाटन शामिल है। साथ ही पथ निर्माण विभाग अंतर्गत मझिआंव के खरसोता मोड़ से कसनप मोड़ पथ तक राईडिंग क्वालिटी में सुधार कार्य, ग्रामीण कार्य विभाग अंतर्गत भवनाथपुर मुख्य पथ से पुलिस थाना तक सड़क के चैनेज दो स्पैन के बॉक्स कलवर्ट का निर्माण कार्य, भवन निर्माण विभाग अंतर्गत गढ़वा के सुरत पांडेय डिग्री कॉलेज में कक्षा और कंपोजिट लैब के साथ लाईब्रेरी ब्लौक का निर्माण, मल्टीपपर्स इंडोर स्टेडियम, कांडी के चटनिया में पंडी नदी पर पुल निर्माण, बड़गड़ प्रखंड के काला खजुरी गांव के उरेटांड़ टोला जाने वाले पतरस उरांव पथ से सिलास मियांया और कृष्णा बाखला के घर के बीच बीरहा नदी पर उच्च स्तरीय पुल निर्माण शामिल है।

## श्री बंशीधर मंदिर से राजा पहाड़ी तक रोपवे निर्माण से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : अनंत प्रताप देव

महोत्सव के दौरान भवनाथपुर के विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि बंशीधर मंदिर से राजा पहाड़ी तक रोप वे का निर्माण कराने से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा। इसके लिए पर्याप्त जगह भी है। इसके अलावा विधायक ने मुख्यमंत्री से कई मांगें की। उन्होंने कहा कि भवनाथपुर विधान सभा सबसे पिछड़ा विधान सभा है। यहां के अधिकांश लोग रोजगार के लिए अन्यंत्र पलायन करते हैं। जबकि तुलसीदामर माईंस है। जो बंद पड़ा है। अगर इसे चालू किया जाए तो मजदूरों को स्थानीय स्तर पर ही रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि बंशीधर नगर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश के सीमावर्ती प्रखंड है। मगर यहां बस स्टैंड नहीं है। टाउन हॉल नहीं है, खेल स्टेडियम नहीं है। इन सभी का निर्माण कराने की मांग किया है। ताकि बंशीधर नगर का और भी विकास हो सकें।

## बंशीधर मंदिर के अलावा अन्य पर्यटन स्थलों पर भी ध्यान दिया जाये : नरेश प्रसाद सिंह

विश्रामपुर के विधायक नरेश प्रसाद सिंह ने कहा कि जिले में पर्यटन की असीम संभावनाएं हैं। बंशीधर मंदिर के अलावा अन्य पर्यटन स्थलों पर भी ध्यान दिया जाये, तो जिले के विकास में चार चांद लग जायेगा।

## मुख्यमंत्री ने श्री बंशीधर मंदिर में पूजा कर प्रदेश में अमन-चैन और सुख-समृद्धि की कामना की




बंशीधर नगर। श्री बंशीधर महोत्सव को लेकर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को श्री बंशीधर मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधिवत पूजा अर्चना कर प्रदेश में अमन चैन और सुख समृद्धि की कामना की। राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव के उदघाटन के पूर्व सीएम ने श्री राधावंशीधर जी युगल सरकाए विधिवत दर्शन पूजन किया। मंदिर में दो दिवसीय विशेष पूजन और अनुष्ठान के लिये काशी व देश विभिन्न स्थानों से पधारे विद्वान आचार्यों की टीम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पंचोपचार विधि से पूजन संपन्न कराया। विशेष पूजन और अनुष्ठान के आचार्य श्रीकांत मिश्र ने सीएम हेमंत सोरेन, झारखंड के पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव, विश्रामपुर विधायक नरेश सिंह, राजपरिवार के सदस्य पूर्व विधायक राज राजेंद्र प्रताप देव उर्फ राजा बच्चा का पट्टाभिषेक कर बहुमान किया। दर्शन के उपरांत मुख्यमंत्री को ट्रस्टी के संरक्षक सह विधायक अनंत प्रताप देव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अंगवस्त्र देकर और भगवान श्री बंशीधर की तस्वीर प्रदान कर किया। दर्शन के बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मंदिर परिसर से सटे बाबा भीम राव आंबेडकर और रविदास के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। दर्शन पूजन के बाद श्री देव ने सीएम को श्री बंशीधर जी की तस्वीर प्रदान कर स्वागत किया। इस मौके पर आईजी सुनील भाष्कर, डीआइजी वाईएस रमेश, डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक कुमार पांडेय, एसडीओ प्रभाकर मिर्धा, गढ़वा एसडीपीओ नीरज कुमार, मंदिर के पुजारी चंद्रशेखर तिवारी, आचार्य श्रीकांत मिश्र, सत्यनारायण मिश्र, मंदिर ट्रस्ट राजेश प्रताप देव, राजपाल प्रताप देव, युवराज प्रताप देव समेत कई अन्य लोग उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री पहुंचे विधायक अनंत के आवास

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और गांडेय विधायक कल्पना सोरेन श्री बंशीधर महोत्सव में बंशीधर नगर पहुंचने से पूर्व हैलीपेड से सीधा स्थानीय विधायक अनंत प्रताप देव के आवास पर पहुंचे। विधायक आवास पर पहुंचने पर राज्य के मुख्य मंत्री हेमंत सोरेन और उनके पत्नी कल्पना सोरेन का भव्य स्वागत किया। जलपान के बाद मुख्यमंत्री श्री बंशीधर मंदिर पहुंच कर पूजन अर्चन किया।

## डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल भवनाथपुर में नि:शुल्क स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट 23 को



भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। प्रखंड में स्थित सेल के टाउनशिप में संचालित डीएवी शताब्दी पब्लिक स्कूल के प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने शिक्षकों के साथ बैठक की। प्राचार्य राजेंद्र सचदेवा ने बताया कि यह विद्यालय सीबीएसई बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त एकमात्र इंग्लिश मीडियम का स्कूल है, जिसमें सभी विषयों के सुयोग्य शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा बच्चों को कक्षा एलकेजी से 12वीं तक की शिक्षा दी जाती है। नये सत्र के विषय में प्राचार्य ने बताया कि 26 मार्च 2025 से 25-26 के नये सत्र का शुभारंभ होने जा रहा है। इससे पूर्व विभिन्न कक्षाओं में प्रवेश हेतु नि:शुल्क स्कॉलरशिप कम एडमिशन टेस्ट 23 मार्च रविवार को प्रातः 10:00 बजे से 12:00 बजे तक विद्यालय में रखा गया है। इस परीक्षा में मानक के अनुसार अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को छात्रवृत्ति की भी सुविधा विद्यालय प्रबंधन की ओर से दी जायेगी। इस विषय पर पूछने पर प्राचार्य ने बताया कि सभी कक्षाओं में स्थान सीमित है। अत:पहले आओ पहले स्थान पाओ की नीति हम लोग रखे हैं।

## महायज्ञ को लेकर कलश यात्रा निकाली गयी



सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित सगमा गांव के तेजवा पहाड़ के प्रांगण में इलाहाबाद के संगम तट स्थित श्री चक्र माधव गदा माधव मंदिर के महंत अवधेश दास महाराज के नेतृत्व में आयोजित पंच कुंडलीय श्री विष्णु रुद्र महायज्ञ को लेकर बुधवार को कलश यात्रा निकाली गयी। इसकी जानकारी देते हुए यज्ञ कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र यादव ने बताया कि 19 मार्च को कलशयात्रा के साथ पंच कुंडलीय श्री विष्णु महायज्ञ आरंभ हुआ, जो प्रत्येक दिन दोपहर दो बजे से शाम 5 बजे तक कथा वाचक द्वारा प्रवचन का आयोजन किया जायेगा, जबकि शाम 8 बजे से 12 बजे तक वृंदावन से चलकर आये कलाकारों द्वारा रासलीला का कार्यक्रम दिखाया जायेगा। 27 मार्च को पूर्णाहुति हवन के साथ महाप्रसाद का वितरण कर यज्ञ का पूर्णाहुति किया जायेगा। जल यात्रा में मुख्य रूप से जनार्दन प्रसाद यादव, रवि प्रकाश जायसवाल, सत्येंद्र साह, राजू रंजन कुमार, रामेश्वर मेहता, भगवान दास यादव आदि उपस्थित थे।

## अवैध बालू लदे तीन ट्रैक्टर जब्त, चालक फरार



मेराल (आजाद सिपाही)। सीओ यशवंत नायक ने थाना प्रभारी विष्णु कांत के साथ मंगलवार की मध्य रात्रि में छापामारी कर अवैध रूप से बालू लदा तीन ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि में हासनदाग उरिया नदी से अवैध रूप से बालू लोड कर सोहबरिया गांव ले जाने के दौरान पुलिस ने रास्ते से बालू लदा तीनों ट्रैक्टर को जब्त किया। इस संबंध में थाना प्रभारी विष्णु कांत ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि यूरिया नदी से अवैध रूप से बालू का उठाव कर बाहर ले जाया जा रहा है। सूचना के बाद सीओ के साथ छापामारी किया गया। छापेमारी के दौरान पुलिस को आते देख तीनों ट्रैक्टर का ड्राइवर गाड़ी छोड़कर भाग खड़े हुए, बालू लदा तीनों ट्रैक्टर जिसमें जॉनडियर, स्वराज और महिंद्रा ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लाया गया। पकड़े गये दो ट्रैक्टर रेजो गांव के दुनुखाड़ टोला निवासी विनोद चौधरी, रमेशी चौधरी तथा एक ट्रैक्टर हासनदाग गांव के राजेंद्र चौधरी का बताया जा रहा है। जब्त तीनों ट्रैक्टर पर कानूनी कार्रवाई किया जायेगा।

## विद्यार्थियों की सफलता उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है : निदेशक




गढ़वा (आजाद सिपाही)। बुधवार को बीएसकेडी विद्यालय में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने हिस्सा लिया। इस आयोजन में विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन को विद्यालय ने सराहा और अभिभावकों को उनके बच्चों की शैक्षणिक प्रगति से अवगत कराया गया। समारोह के दौरान प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर अंकित छात्रों को प्रमाण पत्र एवं मेडल से सम्मानित किया गया। विद्यालय प्रशासन ने घोषणा की कि विद्यालय को चार ग्रुपों में विभाजित किया गया है। किड्स गार्डन (प्ले ग्रुप) किड्स जोन जूनियर (कक्षा 2 से 5), सीनियर (कक्षा 6 से 10), इन सभी ग्रुपों के स्कूल टॉपर को आगामी 23 मार्च को आयोजित वार्षिकोत्सव में विशेष सम्मानित किया जायेगा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक संजय सोनी ने कहा कि विद्यार्थियों की सफलता केवल अंकों तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह उनकी मेहनत, अनुशासन और निरंतर प्रयास का परिणाम है। हमारा लक्ष्य है कि हर बच्चा अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर उज्ज्वल भविष्य की ओर अग्रसर हो।

## पांच लाख रुपये की लकड़ी जब्त



भंडरिया(आजाद सिपाही)। भंडरिया वन क्षेत्र के कुशवार गांव में अर्द्ध रात्रि के जंगल से एक ट्रक अवैध रूप से खैर का लकड़ी इकट्ठा कर गाडी नंबर HR 74 B3901 पर लोड कर ले जाने के फिराक में था, जिसकी सूचना भंडरिया वन क्षेत्र पदाधिकारी अजय कुमार टोप्पो और वन पदाधिकारी ने टीम गठित कर कुशवार गांव में छापामारी अभियान चलाया। वन विभाग के लागों को देखते ही लकड़ी माफिया लकड़ी लदे ट्रक को छोड़ कर भाग गये। भंडरिया वन क्षेत्र पदाधिकारी अजय कुमार टोप्पो ने बताया कि लकड़ी की कीमत करीब 5 लाख रुपये है। पकड़े गये गाड़ी पर हरियाणा का नंबर प्लेट लगा है। इस मौके पर वनपाल कमलेश कुमार, तुषार कुमार, शुभम दुबे, उपेंद्र कुमार और रंका व भंडरिया के वन क्षेत्र पदाधिकारी बनपाल उपस्थित थे।

कार्यालय जिला परिषद, हजारीबाग।

-: आम सूचना :-

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला परिषद, निजी बस पड़ाव में लगने वाले वाहनों से चुंगी वसूली हेतु बन्दोबस्ती वर्ष 2025–26 के लिए दिनांक 27/03/2025 को 3:00 बजे अपराह्न् में उप विकास आयुक्त–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जिला परिषद, हजारीबाग के सभागार में अद्योहस्ताक्षरी द्वारा या प्राधिकृत पदाधिकारी द्वारा की जायगी। नियम एवं शर्ते तथा अन्य जानकारी कार्यालय के सूचना पट्ट अथवा Web Site- www.hazaribag.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप विकास आयुक्त,
–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
जिला परिषद, हजारीबाग।

PR 348720 District(24-25)D

उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, हजारीबाग
(सामान्य शाखा)

-: आवश्यक सूचना :-

हजारीबाग जिला अन्तर्गत चौकीदार के रिक्त पदों पर सीधी नियुक्ति हेतु प्रकाशित विज्ञापन संख्या– 01/2024 के आलोक में चौकीदार के पद पर चयनित कुल 182 (एक सौ बिरासी) अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण दिनांक– **22/03/2025** को **10:00** बजे पूर्वाह्न से टाउन हॉल, हजारीबाग में किया जाना है।

अतः सभी चयनित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि ससमय कार्यक्रम आयोजित स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

ह0/–
उपायुक्त, हजारीबाग।

PR.NO.348806 District(24-25):D

## सोन नदी में डूबने से युवक की मौत



केतार (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के लोहड़गड़ा पंचायत अंतर्गत शंभू चौधरी का 26 वर्षीय पुत्र श्रवण चौधरी की मौत सोन नदी में डूबने से हो गया। प्राप्त सूचना के अनुसार युवक एक छोटा बच्चा के साथ सोन नदी में मछली मारने गया हुआ था, तभी असंतुलित होकर नदी की गहरायी में चला गया, जिससे डूबने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गया। इसकी सूचना पाकर समाजसेवी पंकज कुमार सिंह मृतक के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए परिजनों को ढाढ़स बढ़ाया। पुलिस घटना स्थल पर पहुंचकर पंचनामा कर अंत्य परीक्षण के लिए गढ़वा भेज दिया है।

## भक्तों ने निकाली भगवान श्रीकृष्ण की पालकी शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता



**श्री बंशीधर नगर।** बुधवार को श्रीकृष्ण की भव्य पालकी शोभायात्रा निकाली गयी, जिसने पूरे नगर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। 'आलकी के पालकी जय कन्हैयालाल की' जैसे जयकारों से नगर गूंज उठा और भक्तों का उत्साह देखने लायक था। पलामू चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर इकाई द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। पालकी पर विराजमान बाल कृष्ण के दिव्य स्वरूप को देखकर लोग भावविभोर हो उठे।

**शंखनाद और चंदन तिलक से हुआ शुभारंभ :** शोभायात्रा का शुभारंभ गायत्री शक्तिपीठ परिसर से विधिवत पूजा-अर्चना और शंखनाद के साथ हुआ। गायत्री परिवार द्वारा सभी श्रद्धालुओं का चंदन तिलक लगाकर भव्य स्वागत किया गया।

**नगर में गूंजे भक्ति गीत, सजी अद्भुत झांकियां :** शोभायात्रा के दौरान राधा-कृष्ण, सिंहवाहिनी मां दुर्गा, भगवान शंकर सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र बनीं.बैंड-बाजे, डीजे और भांगड़ा की धुन पर श्रद्धालुओं ने झूमते हुए भगवान का गुणगान किया। पालकी को कंधा लगाने के लिए भक्तों में होड़ मच गयी, जिससे पूरा माहौल भक्तिरस में डूब गया।

शोभायात्रा के दौरान भक्तों ने फूलों की होली खेली और भजन-कीर्तन गाते हुए नगर को भक्तिमय बना दिया। 'राधे-राधे जपा करो, कृष्ण नाम रस पिया करो' जैसे भक्ति गीतों पर श्रद्धालु झूमते नजर आये। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक अनंत प्रताप देव उर्फ छोटे राजा, पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य ताहिर अंसारी, पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष लता देवी, चेंबर अध्यक्ष शंभू नाथ सौदागर, सचिव गोपाल प्रसाद जायसवाल, प्रतिष्ठित व्यवसाय वीरेंद्र कमलापुरी, मनदीप कमलापुरी, अशोक कमलापुरी शैलेंद्र, रजनीकांत मधुर उर्फ भोलू, सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

कार्यालय, जिला परिषद, कोडरमा।
अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 10/2024–25
(Second Call)

वित्तीय वर्ष 2023–24 में 15वें वित्त आयोग आबद्ध/अनाबद्ध निधि के अंतर्गत प्राप्त आवंटन के तहत् स्वीकृत क्रमांक– 07 में वर्णित कार्य के लिए झारखण्ड सरकार के समुचित श्रेणी में निविदा की शर्त–1 के अनुसार निबंधित संवेदकों से $F_2$ प्रपत्र पर मुहर बंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिशद, कोडरमा।
2. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि :– दिनांक–27.03.2025(कार्यालय कार्य दिवस एवं समयावधि तक)
3. निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक–28.03.2025 (अपराह्न 03:00 बजे तक)
4. निविदा खुलने की तिथि :– दिनांक–28.03.2025 (अपराह्न 04:00 बजे)
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– जिला परिशद् कार्यालय, डी0आर0डी0ए0 भवन, कोडरमा।
6. निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– डी0आर0डी0ए0 सभागार, कोडरमा।
7. कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप संख्या | एक्टिविटि क्रमांक | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 07 | 97237525 | प्रखण्ड जयनगर पंचायत खरियोडीह में विवाह भवन की मरम्मति डीप बोरिंग एवं पेवर ब्लॉक का कार्य | 1580000.00 | 32000.00 | 5000 | 03 माह |

निविदा की शर्ते www.koderma.nic.in एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखें।

जिला अभियंता,
जिला परिषद, कोडरमा।

PR 348809 Panchayati Raj(24-25)D

## मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन के रैयतों को जल्द मिले नौकरी : शिवनारायण



**मैकलुस्कीगंज (आजाद सिपाही)।** मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन के रैयत की नौकरी मिलने में हो रही देरी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए आंदोलन की चेतावनी दी है। रैयत विस्थापित मोर्चा रोहिणी करकट्टा ओसीपी शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा ने एक बयान जारी कर कहा है कि मैकलुस्कीगंज पिपरवार रेल लाइन फेज वन के रैयतो का काफी वर्षों से नौकरी मुआवजा लंबित है और इसको लेकर रैयतो के द्वारा काफी वर्षों से आंदोलन भी करते आ रहे हैं, लेकिन सीसीएल पिपरवार प्रबंधन और अंचल एवं रांची जिला के भूमि राजस्व विभाग के द्वारा उदासीनता के कारण नौकरी के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। जबकि अक्टूबर में ही आंदोलन के दौरान सीसीएल पिपरवार प्रबंधन के द्वारा पहल करते हुए रैयतो को नौकरी दिलाने के लिए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन पांच माह के बाद भी नौकरी के लिए कार्यालयों के चक्कर लगाना पड़ रहा है। लोहरा ने कहा कि रैयत अब कार्यालयों के चक्कर लगाकर तक चुके हैं और अब किसी झूठे आश्वासन में नहीं आयेंगे और इस बार फिर से आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं। रैयतो ने पिपरवार प्रबंधन और जिला प्रशासन से आग्रह किया है कि रैयतो को जल्द से जल्द नौकरी दिया जाये नहीं तो एक बार फिर रेल लाइन फेज वन का काम बाधित किया जायेगा। जिसकी जिम्मेदारी सीसीएल एवं विभागीय अधिकारियों की होगी।

## उप विकास आयुक्त ने की विकास योजनाओं की समीक्षा



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** समाहरणालय के कार्यालय कक्ष में बुधवार को उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पुनरीक्षण समिति (डीएलआरसी) और जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति (ढीएलसीसी) की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में जिले के सभी बैंकों के प्रबंधक और प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी और बैंकों के कार्यों का मूल्यांकन किया गया। इस दौरान दिसंबर 2024 की तिमाही में केसीसी योजना, पीएमइजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, सिडी रेशियो, एनपीए, स्वयं सहायता समूहों को सहायता सहित अन्य कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं किसान क्रेडिट कार्ड, महिला स्वयं सहायता समूह की क्रेडिट लिंकेज, पीएमइजीपी की उपलब्धि, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना आदि की गहन समीक्षा की गयी। उप विकास आयुक्त ने बैंकों को समयबद्ध तरीके से लक्ष्य पूरे करने और जिले में वित्तीय सेवाओं को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से मत्स्य, केसीसी, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, कृषि ऋण जैसी योजनाओं पर ध्यान केंद्रित करने का निर्देश दिया। आरसेटी के तहत बाइक रिपेरिंग, स्वीट कॉर्न पैकेजिंग समेत अन्य नये-नये विषयों पर प्रशिक्षण देने के संबंध में चर्चा की गयी। बैठक में राजीव रंजन जीएम डीआइसी, डीडीएम नाबार्ड, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी अन्य संबंधित पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

## सरहुल महोत्सव को लेकर हुई समीक्षा बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** एनके एरिया सरना समिति की बैठक चुरी उत्तरी पंचायत भवन में सरहुल महोत्सव को लेकर दीपक टाना भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में सरहुल महोत्सव का आयोजन भव्य और ऐतिहासिक हो इस पर विशेष रूप से चर्चा की गयी। साथ ही सरना समिति के लोगों को आयोजन के प्रति विशेष रूप से जिम्मेवारियों का बंटवारा किया गया। सर्वसम्मति से महोत्सव में सफल बनाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक का संचालन लालचंद विश्वकर्मा ने किया। बैठक में मुख्य रूप से रंथु उरांव, कन्हाई पासी, शंभूनाथ गझू, रामजतन गझू, राजकुमार मुणडा अमित लकड़ा, सूरज मुंडा, कमलेश उरांव, अमर भोक्ता, अशोक उरांव, शुकरा उरांव सहित तमाम सरना समिति डकरा के सरना प्रेमी मौजूद थे।

## अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करायें अधिकारी: डीडीसी



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर डीआरडीए स्थित सभागार में बुधवार को ग्रामीण विकास विभाग, विकास शाखा एवं अन्य विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम ने की। बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत संचालित योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गयी। कर्रा में बहुद्देश्यीय भवन, इंडोर स्टेडियम, स्वास्थ्य केंद्र अड़की सहित अन्य निमार्णाधीन परियोजनाओं को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिये गये। संबंधित अभियंता को प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूरा कराने का निर्देश दिया गया। विशेष शाखा द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा के दौरान अभियंता को निर्देश दिया गया कि वे निमार्णाधीन परियोजनाओं का जमीनी निरीक्षण कर कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराये। अभियंता ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कर्रा का जीर्णोद्धार कार्य पूरा कर लिया गया है। एनआरइपी विभाग द्वारा पेरवाघाघ में चल रहे विकास कार्यों को भी शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। जल छाजन विभाग की समीक्षा में बाउंड्री प्लांटेशन, अमृत सरोवर में घाट निर्माण एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गयी। मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष में न्यूनतम 100 दिन रोजगार गारंटी, प्रधानमंत्री आवास योजना एवं अबुआ आवास योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि सभी लंबित आवास निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण किये जाये। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, परियोजना निदेशक आइटीडीए, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, कनीय अभियंता, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर आदि उपस्थित थे।

## चैती नवरात्र उत्सव को लेकर देवी मंडप में बैठक



**खलारी (आजाद सिपाही)।** करकट्टा देवी मंडप के प्रांगण में चैती नवरात्र उत्सव को लेकर ग्राम प्रधान गणेश पाहन की अध्यक्षता में बैठक किया गया। वही चैती नवरात्र उत्सव के लिए कोषाध्यक्ष किशुन मुंडा, सह कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह और उपाध्यक्ष पंकज मुंडा को बनाया गया एवं सभी उपस्थित लोग कार्यकारणी सदस्य रहेंगे। बैठक में वांस्तिक नवरात्रि धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य रूप से गणेश पाहन, किशुन मुंडा, रंजीत रजक सहित कई लोग उपस्थित थे।

# 72.45 लाख रुपये का डोडा जब्त, दो सगे भाई गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अवैध अफीम की खेती और अफीम और डोडा के अवैध कारोबार के विरुद्ध खूंटी पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई के दौरान मुरहू थानांतर्गत ग्राम हेठगोवा में हॉकी मैदान के पास जंगल झाड़ी से पुलिस ने मंगलवार की रात छापामारी अभियान चलाकर डोडा की पिसाई कर रहे दो आरोपी को धर दबोचा। मौके पर पुलिस ने 483.6 किलोग्राम अवैध डोडा, डोडा की पिसाई करने वाली एक मशीन, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, 22 हजार रुपये नकद और दो मोबाइल फोन बरामद किये गये। जब्त किये गये डोडा का एनसीबी द्वारा अनुमानित मूल्य 72 लाख 45 हजार 90 रुपये बताया गया। मौके पर पकड़े गए आरोपितों में हेठगोवा गांव के विपिन मुंडा और रवि मुंडा दोनों सगे भाई हैं, जिन्हें गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ वरूण रजक ने बुधवार को अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में दी। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि मुरहू थानांतर्गत हेठगोवा गांव स्थित हॉकी मैदान के पास डोडा की पिसाइ कर उसका पाउडर बनाया जा रहा है। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए खूंटी एसडीपीओ के नेतृत्व में छापामार टीम का गठन किया गया। छापामार टीम द्वारा बताये गये स्थान पर छापामारी कर जब सघन तलाशी की जा रही थी, तो पुलिस को झाड़ियां से घिरे गड्ढे नुमा जगह पर एक झोपड़ी नजर आयी। पुलिस ने जब झोपड़ी में छापामारी की, तो वहां उक्त दोनों आरोपित मशीन से डोडा की पिसाई कर रहे थे। मौके पर ही पुलिस ने दोनों को धर दबोचा और लगभग 34 किलो पिसा हुआ डोडा पाउडर के साथ ही 33 बोरों में छिपा कर रखे गये 483.6 किलोग्राम डोडा बरामद किया।



### गिरफ्तार आरोपी का रहा है आपराधिक इतिहास

एसडीपीओ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों का अफीम एवं डोडा के अवैध कारोबार से संबंधित आपराधिक इतिहास रहा है। आरोपित विपिन मुंडा के खिलाफ मुरहू थाने में वर्ष 2020 से 2024 तक एनडीपीएस एक्ट से जुड़े पांच मामले दर्ज है, वहीं रवि मुंडा के खिलाफ भी मुरहू थाने में वर्ष 2020 से 2023 तक एनडीपीएस एक्ट से जुड़े तीन मामले दर्ज हैं। दोनों आरोपित फरार चल रहे थे। छापामार टीम में खूंटी एसडीपीओ के अलावा मुरहू थाना प्रभारी रामदेव कुमार यादव, मुरहू थाना के एसआई विमल, एसआई कंचन कुमार कुशवाहा समेत सीडीपीओ के अंगरक्षक और जैप-चार के जवान शामिल थे।

# सामूहिक दुष्कर्म के मामले का त्वरित उद्भेदन करने वाले पुलिस अधिकारियों को मिला प्रशस्ति पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** रनिया थाना क्षेत्र में पांच नाबालिग लड़कियों के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म की घटना का त्वरित उदभेदन कर इसमें शामिल सभी आरोपितों को 12 घंटे के अंदर निरुद्ध करने में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को एसपी अमन कुमार ने बुधवार को प्रशस्ति पत्र देकर उन्हें सम्मानित किया। प्रशस्ति पत्र पानेवालों में तोरपा के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी एएसपी क्रिस्तोफर केरकेट्टा, तोरपा सर्किल के पुलिस इंस्पेक्टर अशोक कुमार सिंह, रनिया के थाना प्रभारी विकास कुमार जयसवाल, सब इंस्पेक्टर अमरजीत सिंकू और टीनू कुमार शामिल है। इसके अलावा महिला सब इंस्पेक्टर निशा कुमारी और फूलमनी टोप्पो को भी एसपी द्वारा रिवार्ड दिया गया।

**क्या है मामला**

रनिया थाना क्षेत्र में 21 फरवरी की रात को पांच नाबालिग लड़कियों के साथ घटना घटी थी। तीन नाबालिग लड़कियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया गया था। घटना को अंजाम देनेवाले भी सभी नाबालिग हैं। घटना की सूचना रनिया पुलिस को मिलने के बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के अंदर घटना में शामिल सभी लड़कों को निरुद्ध कर ससमय कानूनी कार्रवाई की गयी। इसी मामले के उदभेदन में शामिल पुलिस पदाधिकारियों को एसपी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

**विधानसभा में भी उठा था मामला**

गैंग रेप की इस घटना ने लोगों को झकझोर कर रख दिया था। यह मामला विधानसभा में भी उठा था। जमशेदपुर पूर्वी की विधायक पूर्णिमा साहू ने यह मामला विधानसभा में उठाया था। घटना को बाल संरक्षण आयोग की टीम ने भी संज्ञान में लिया था। राज्य बाल संरक्षण आयोग की टीम ने गांव का दौरा कर पीड़ित लड़कियों से मुलाकात की थी।

## सुदीप गुड़िया ने सदन में उठाया तोरपा में जल संकट का मामला



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया ने बुधवार को शून्यकाल के दौरान तोरपा विधानसभा क्षेत्र में व्याप्त जल संकट का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि तोरपा विधान सभा क्षेत्र के ग्रामीण इलाकों में जनता पेयजल के लिए जलमीनार और चापानल पर आश्रित रहती हैं। वर्तमान में तोरपा, कर्रा, रनिया और बानो प्रखंड की जलमीनार और चापानल खराब स्थिति में हैं। गर्मी के पहले से ही पानी की किल्लत हो रही है, जिससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विधायक ने सदन के माध्यम से मांग की कि कि खराब पड़ी जलमीनार और चापानलों को यथाशीघ्र ठीक कराया जाये।

## कांग्रेस ने भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से की पदयात्रा की शुरूआत



**खूंटी (आजाद सिपाही)।** पहाड़, पानी, पौधा, पंचायतीराज और पेशा कानून को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बुधवार को भगवान बिरसा मुंडा की जन्मस्थली उलिहातू से पदयात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा के पूर्व कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर पूजा-अर्चना कर माल्यार्पण किया। कांग्रेस नेताओं ने बिरसा मुंडा के वंशजों से मुलाकात कर स्वराज पदयात्रा की शुरूआत की। पदयात्रा में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व मंत्री बंधु तिर्की, रविंद्र सिंह, सतीश पौल मुंजनी, गजेंद्र सिंह, शांतनु मिश्रा, पंचायती राज संगठन के संयोजक सुमित शर्मा, कांग्रेस के खूंटी जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, पूर्व जिलाध्यक्ष रामकृष्ण चौधरी, आदिवासी कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष विल्सन टोपनो, सांसद प्रतिनिधि पांडेया मुंडा, नइमुद्दीन खान, सुनिता गोप, सुषमा भेंगरा, हेलन होरो, धर्मदास कंडीर, अजय गुप्ता, जॉन कंडुलना आदि शामिल थे।

## 31 मार्च से पूर्व सभी कार्डधारी अपना इ-केवाइसी जरूर करा लें: एसडीओ



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** उपायुक्त के निर्देश पर समाहरणालय के सभा कक्ष में बुधवार को अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में राशन आपूर्ति, ग्रीन कार्ड, आधार सीडिंग, धान अधिप्राप्ति, लैप्स पैक्स समेत अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की गयी। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में धान अधिप्राप्ति की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित किया जाये और खरीदे गये धान का समय पर उठाव सुनिश्चित किया जाये। माइग्रेंट लेबर की वेरिफिकेशन की समीक्षा पर भी चर्चा की गयी। एनएफएसए एवं जेएसएफएसएस योजना के तहत विभिन्न श्रेणी के राशन कार्डधारियों को दिये जा रहे राशन की समीक्षा करते हुए अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि सभी पीडीएस डीलरों का नियमित निरीक्षण किया जाये, ताकि पात्र लाभुकों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में राशन प्राप्त हो सके। उन्होंने निर्देश दिया कि नमक, चीनी, चना दाल वितरण तथा धोती, साड़ी एवं लुंगी वितरण पर विशेष ध्यान दिया जाये। जेएसएफएसएस योजना के तहत ग्रीन कार्ड की समीक्षा के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने निर्देशित किया कि सभी योग्य लाभुकों का चयन कर उन्हें नया राशन कार्ड जारी किया जाये और ग्रीन कार्ड की रिक्तियों को शत-प्रतिशत भरें। राशन कार्ड में आधार एवं मोबाइल सीडिंग की प्रगति की समीक्षा करते हुए इस कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिये गये। साथ हीं राशन कार्डधारी लाभुकों से अपील की गयी कि वह अनिवार्य रूप से 31 मार्च 2025 से पूर्व अपना इ-केवाइसी जरूर करवा लें। बैठक में मुख्य रूप से जिला आपूर्ति पदाधिकारी, सभी एमओ, मिलर समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक ने सदन में किया कुकड़ू थाना को चालू करने और मिलनचौक में टीओपी निर्माण की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता



**ईचागढ़।** ईचागढ़ के विधायक सविता महतो ने झारखंड विधानसभा के शून्यकाल की सूचना में कुकड़ू थाना को चालू करने और मिलन चौक में टीओपी भवन निर्माण का मांग किया। इस दौरान उन्होंने कहा ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुकड़ू में नया थाना भवन लगभग 10 वर्ष पूर्व से बनकर तैयार है परंतु आज तक उक्त थाना को चालू नहीं किया गया है। जबकि 16 जून 2019 को कुकड़ू हाट में पूर्व में हुए हमले में दो एसआई सहित पांच पुलिस जवानों की निर्मम हत्या भी हो चुकीं है। साथ ही ईचागढ़ के मिलन चौक में कई बार घटनायें और बैंक डकैती और असामाजिक घटनाएं होती रहती है। ऐसी स्थिति में वहां टीओपी के निर्माण की आवश्यकता है। उन्होंने आसन के माध्यम से सरकार से मांग किया कि लोकहित में कुकड़ू में बने थाना भवन को सुचारु करने तथा मिलन चौक में नयें टीओपी भवन का निर्माण करने का मांग किया।

## पर्यटन स्थल बनाये जाने को लेकर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू को सौंपा ज्ञापन



**ईचागढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पातकुम प्रक्षेत्र को पर्यटन के रुप में विकसित करने और वोट उपलब्धता, पौधा रोपण, गेस्ट हाउस आदि निर्माण के लिए बुधवार को झामुमो का एक प्रतिनिधिमंडल ईचागढ़ विधायक सबिता महतो के नेतृत्व में मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू से मिल कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि स्वर्णरेखा बहुउद्देश्य परियोजना अंतर्गत चांडिल डैम से 116 गांव विस्थापित हुआ है। ईचागढ़ प्रखंड अंतर्गत पातकुम, ईचागढ़ आदि गांव पूर्ण लगभग 20-25 ग्राम के विस्थापितों के द्वारा रोजगार के सृजन के लिए विक्रम आदित्य मत्स्य पालन, स्वावलंबी सहकारी समिति का गठन किया जा रहा है। जिसमें इस क्षेत्र पर्यटन कि असीम संभावनाओं के मद्देनजर विकास का कार्य किया जा सके। पर्यटन क्षेत्र के लिए पातकुम, ईचागढ़ बाकोलतोड़िया पुल के समीप नदी किनारे का स्थल, रास्ता सुरक्षा आदि दृष्टिकोण से सर्वदा उपयुक्त है। यह स्थान पर पूर्व से 300-400 की संख्या में मत्स्य पालन किया जा रहा है। मौके पर ईचागढ़ विधायक सबिता महतो, झामुमो जिला संयोजक मंडली काबलु महतो, झामुमो प्रखंड संयोजक मंडली निताई उरांव, पशुपति बागची, अमित सिन्हा, स्वपन आदित्यदेव आदि उपस्थित थे।

## 23 मार्च को राधारानी मंदिर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा

**बुंडू (आजाद सिपाही)।** शहीद ए आजम भगत सिंह के शहादत दिवस पर आगामी 23 मार्च को राधारानी मंदिर परिसर बुंडू में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जायेगा। संगठन के अध्यक्ष जीत मोहन ठाकुर ने पांच परगना क्षेत्र के युवाओं से शिविर में शामिल होकर रक्तदान की अपील की है।

## हरिकीर्तन में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** मरधान पंचायत के बारेडीह गांव में हरिकीर्तन का तीसरा और अंतिम दिन श्रद्धालुओं की उमड़ीभीड़। बारेडीह गांव में तीन दिवसीय हरिकीर्तन कार्यक्रम चल रहा है। महिला, पुरुष, बच्चें और बुढ़े कार्यक्रम में डटे हुए नजर आ रहे थे। कार्यक्रम में कई कीर्तन करने वाले दल शामिल होकर कार्यक्रम में हरिनाम से पूरे गांव को भक्ति मय बना दिया है। तीन दिवसीय हरिकीर्तन कार्यक्रम के तीसरे दिन भाजपा के जिला उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण सिंह मुंडा अपने लोगों के साथ शामिल हुए।

## सम्मान समारोह कर तमाड़ में नये बीइओ का स्वागत और पुराने की हुई विदाई



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** बुधवार को प्रखंड मुख्यालय तमाड़ स्थित बीआरसी भवन परिसर में एक दिवसीय सम्मान समारोह आयोजित कर नये बीइओ का स्वागत और पुराने का विदाई किया गया। समारोह का उद्घाटन पदस्थापित निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संतोष कुमार महतो ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी मुमताज आलम ने किया। माला पहनाकर नव पदस्थापित बीइओ शांति मुनी तिर्की का स्वागत किया गया। वहीं पूर्व बीइओ जय मंगल लोहार को अभिनंदन पत्र समर्पित किया गया। प्रखंड कार्यक्रम अधिकारी आलम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी नौकरी में तबादला निश्चित है, लेकिन अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी हमेशा जनता के दिलों दिमाग पर राज करते हैं। साथ ही पूर्व बीइओ जय मंगल ने कहा कि यहां के लोगों और शिक्षकों का जो स्नेह, प्यार, साथ और आशीर्वाद मुझे मिला है उसे आजीवन नहीं भुला पाऊंगा। वहीं वर्तमान बीइओ शांति मुनी तिर्की ने कही कि मै लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करूंगी और प्रखंड की शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने का हरसंभव प्रयास करूंगी। इस मौके पर सुमित कुमार, अनिमेष कुमार, कंचन कुमारी, विलकन हंस, सोनाराम मुंडा, सीता देवी और बीआरपी आनंद महतो, संजीव कुमार, भवानी देवी, सीआरपी बासुदेव प्रियदर्शी, अशोक कुमार महतो, उषा कुमारी, वीरेन्द्र महतो, उमपद हजाम, विभूति भूषण कपूर, अर्जुन महतो, विजय कुमार, रामदयाल महतो और काफी संख्या में हेडमास्टर एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## विधायक प्रतिनिधि ने किया आवासीय विद्यालय का निरीक्षण



**खलारी (आजाद सिपाही)।** खलारी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक, जिला परिषद सरस्वती देवी, खलारी मुखिया तेजी किस्पोट्टा पंचायत समिति बुकबुका सह युवा प्रखंड अध्यक्ष धीरज बहादुर ने झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय भ्रमण कर विद्यालय द्वारा प्रदत्त छात्राओं की सुविधाओं भोजन, वस्त्र, आवास, लाइब्रेरी, प्रयोगशाला इत्यादि का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय के प्राचार्या से नामांकन और नामांकित छात्राओं का डेटा मांगा गया एवं छात्राओं से बारी बारी वातालर्प कर सुविधाओं भोजन के प्रकार,शिक्षकों के व्यवहार, उपलब्ध यूनिफॉर्म वस्त्र इत्यादि की जानकारी ली गयी। उसके बाद विद्यालय परिवार ने समस्याओं के संबंध में बताया कि वर्तमान में 302 बालिका अध्ययनरत हैं जिनके लिए बनाये गये शौचालय का सेफ्टी टैंक छोटा हो जा रहा जिसके लिए सेफ्टी टैंक और सोखता का एक आवेदन सौंपा। इस मौके पर बीपीओ सर्वरीनाथ चौरसिया, जावेद अंसारी एवं विद्यालय की शिक्षक मौजूद थी।

## हाथियों ने तोड़ा घर, दबकर नौ दिन के बच्चे की मौत

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** क्षेत्र के बड़का रेगरे बगीचा टोली निवासी विष्णु कुमार सिंह के मकान को जंगली हाथियों ने मंगलवार की रात को ताड़ दिया। मकान के मलवे में दब कर विष्णु सिंह ने नौ दिन के बच्चे करण सिंह की मौत हो गयी। जरियागढ़ पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल खूंटी भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही तोरपा के झामुमो विधायक सुदीप गुड़िया बुधवार को ड़का रेगरे पहुंचे और शोक संतप्त परिवार को डाड़स बंधाया। विधायक ने कहा कि यह बहुत बड़ी घटना है, इसकी पूर्ति तो नहीं की जा सकती, लेकिन दुःख की इस घड़ी में वे परिवार के साथ हैं। उन्होंने वन विभाग को तत्काल मुआवजा राशि देने का निर्देश दिया। विधायक ने तत्काल कर्रा के प्रखंड विकास पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जल्द से जल्द पीड़ित परिवार के घर की मरम्त कराया जाये और उनको मुआवजा राशि उपलब्ध कराई जाये। मौके पर बक्सपुर पंचायत की मुखियां पूनम बारला, राहुल केशरी, अरमान तोपनो, सिपरियन बारला आदि उपस्थित थे।

## प्लांडु अनुसंधान केंद्र में किसान समृद्धि मेला और कृषक संगोष्ठी का आयोजन

# सिंचाई को लेकर राज्य सरकार चला रही कई योजनाएं, किसान लाभ उठायें : कृषि सचिव

आजाद सिपाही संवाददाता



किसान समृद्धि मेला एवं कृषक संगोष्ठी में उपस्थित बिहार-झारखंड के वैज्ञानिक एवं अन्य गणमान्य लोग।

**नामकुम।** भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर, कृषि प्रणाली का पहाड़ी एवं पठारी अनुसंधान केंद्र प्लांडु में बुधवार को किसान समृद्धि मेला एवं कृषक संगोष्ठी का भव्य आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता रांची बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ सुनील चंद्र दुबे ने की। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पशुपालन एवं सहकारिता विभाग के कृषि सचिव अबुबक्कर सिद्दीख भी मौजूद रहे। इनके अलावा भारतीय कृषि जैव-प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ सुजय रक्षित, राष्ट्रीय कृषि उच्चतर प्रसंस्करण संस्थान के निदेशक डॉ अभिजीत कर और झारखंड सरकार के विशेष सचिव सह कृषि सलाहकार प्रदीप हजारी भी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम 'सुरक्षित भविष्य के लिए स्मार्ट खेती' थीम पर आधारित था, जिसका उद्देश्य 'विकसित भारत@2047' के लक्ष्य को साकार करना है। समारोह के दौरान कृषि प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया, जिसमें किसानों को नवीनतम कृषि तकनीकों और उन्नत बीजों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में आइसीएआर पूर्वी अनुसंधान परिसर पटना के निदेशक डॉ अनुप दास ने सभी अतिथियों का स्वागत किया और संस्थान की गतिविधियों का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया। वहीं, डॉ अभिजीत कर ने किसानों को लाह की खेती में उच्च मूल्य वाली फसलों को शामिल करने और कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण पर ध्यान देने की सलाह दी। डॉ सुजय रक्षित ने किसानों से 'वेस्ट टू वेल्थ' की नीति अपनाकर आय बढ़ाने की अपील की और झारखंड सरकार द्वारा आइसीएआर संस्थानों को दिए जा रहे सहयोग की सराहना की। इसस अवसर पर अबुबक्कर सिद्दीख ने कहा कि भोजन हमारे अस्तित्व के लिए आवश्यक है। इसमें किसानों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने झारखंड में वर्षा आधारित खेती की चुनौतियों को स्वीकारते हुए कहा कि सरकार सिंचाई की समस्या के समाधान के लिए कई योजनाएं चला रही है। किसानों को समय के साथ जागरूक होकर इन योजनाओं का लाभ उठाना चाहिए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में डॉ सुनील चंद्र दुबे ने कहा कि झारखंड में स्मार्ट फार्मिंग और फसल विविधीकरण अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने मत्स्यपालन, नर्सरी एवं मशरूम उत्पादन को किसानों के लिए सालभर आय का स्रोत बताया और स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से कृषि उत्पादों के विपणन एवं प्रसंस्करण को बढ़ावा देने पर बल दिया। इस संस्थान की ओर से विकसित सब्जियों और फसलों की उन्नत किस्मों की जानकारी दी गई। इसके तहत सोयाबीन, फ्रेंच बीन, बैंगन, मटर, स्नो पी, टमाटर, मिर्च, लाल साग, लोबिया, लौकी, करेला जैसी फसलों के उन्नत बीज किसानों को उपलब्ध कराए गए। इसके अलावा, ग्लाफ्टेड टमाटर की मुरझा रोग प्रतिरोधी किस्मों के पौधे, टेफरोसिया बायोमास, मोरिंगा पत्तों का उत्पादन, मशरूम उत्पादन एवं प्रसंस्करण तकनीकों से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। किसानों के लाभ के लिए 6 संस्थानों के साथ सहमति पत्र पर हस्ताक्षर किए गए। इसस दौरान कई कृषि विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इनमें भारतीय कृषि जैव-प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक (रिसर्च) डॉ विजय पाल भड़ाना, पटना अनुसंधान परामर्श समिति के सदस्य डॉ शिवेंद्र कुमार, खूंटी हॉर्टिकल्चर कॉलेज के डीन डॉ अरुण कुमार सिंह, केंद्रीय वर्षाश्रित उपराऊं भूमि चावल अनुसंधान केंद्र हजारीबाग के प्रधान डॉ एनके मंडल, पटना सामुदायिक कृषि विकास प्रभाग के प्रधान डॉ उज्ज्वल कुमार, झारखंड नाबार्ड के उप महाप्रबंधक गौरव कुमार आदि नेशामिल रहे। इस आयोजन में बिहार और झारखंड के विभिन्न जिलों से आए 500 से अधिक किसानों ने भाग लिया। इनमें मांदर, खूंटी, गुमला, रामगढ़, लोहरदगा, मल्टी, तेतरी, पिंडारकोम, खरसीदाग, प्लाण्डु सहित अन्य क्षेत्रों के किसान थे।

# जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व : विस अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता



विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो के साथ स्कूली बच्चे।

**बेड़ो।** विनय बागीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल के नौवीं कक्षा के 40 बच्चों एवं शिक्षकों का समूह शैक्षणिक भ्रमण पर बुधवार को झारखंड विधानसभा पहुंचा। इस दौरान छात्रों ने विधानसभा की कार्यवाही को नजदीक से देखा और संसदीय प्रक्रिया की जानकारी प्राप्त की। बच्चों ने विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो से मुलाकात की और उनसे बातें की। विधानसभा अध्यक्ष रवीन्द्रनाथ महतो ने बच्चों को अपने कक्ष में बुलाकर संसदीय प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही कहा कि जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व है। जिस प्रकार मुझे विधानसभा को सुचारू रूप से चलाने के लिए अनुशासन बनाए रखना पड़ता है। जीवन में किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करना है तो अनुशासित होकर अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए लगातार मेहनत करें। उन्होंने छात्रों को पढ़ाई के साथ ही समाज और देश के प्रति जिम्मेदारी निभाने की प्रेरणा दी। उन्होंने स्कूल के मैनेजमेंट और शिक्षकों की भी सराहना किया। कहा कि बच्चों को पिकनिक और मूवी ना ले जाकर विधानसभा लेकर आए। यह एक सराहनीय कदम है। बच्चे इससे बहुत कुछ सीखेंगे । बच्चों ने डुमरी विधायक जयराम महतो,स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी व पूर्व मंत्री रामेश्वर उरांव से मिले और बात की। स्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि यह भ्रमण छात्रों के लिए सीखने और अनुभव प्राप्त करने का अनूठा अवसर था। इससे उन्हें राज्य की राजनीतिक संरचना और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को गहराई से समझने में मदद मिलेगी। छात्रों ने विधानसभा भ्रमण और विधानसभा अध्यक्ष से मुलाकात को बेहद प्रेरणादायक और सुखद बताया। साथ ही भविष्य में ऐसी और भी शैक्षणिक यात्राओं की इच्छा जतायी। मौके पर स्कूल के प्रधानाचार्य कैलाश कुमार शिक्षक प्रियंका सिंह ,संदीप सिंह और गुलशन कुमार आदि मौजूद थे ।

# मंईयां सम्मान योजना की राशि के लिए चक्कर काट रहीं महिलाएं

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्र की सैकड़ों महिलाएं मंइयां सम्मान योजना की राशि के लाभ से वंचित हो गई हैं। जिससे महिलाओं में भारी आक्रोश है। इधर, योजना की राशि पाने के लिए प्रतिदिन दर्जनों महिलाएं प्रखंड कार्यालय का चक्कर लगा रही हैं। मंइयां सम्मान योजना के लाभ के लिए दूसरे दिन बुधवार को भी सैकड़ों महिलाएं बेड़ो प्रखंड कार्यालय पहुंचीं। महिलाएं समाज कल्याण विभाग के ऑपरेटर से भी मिलीं और बेबाकी से अपनी बातें रखीं। वहीं राशि नहीं मिलने से योजना के लाभ से वंचित महिलाओं में नाराजगी भी जताई। इस दिन प्रखंड के अम्बा टोली, डूमर टोली, करंज टोली, ईंटा, सेरो, हरहंजी केशा, खुरहा टोली, बैरटोली, असरो, जामटोली, चनकोपी, कुदारखो, खत्री खटंगा, लमकाना, तुको, चचकोपी, कैरो और चनगनी सहित दर्जनों गांवों की महिलाएं मंइयां सम्मान योजना मद की राशि से वंचित होने के बाद प्रखंड कार्यालय पहुंची थीं। उक्त लाभुकों ने बताया कि उन्हें इसकी जानकारी दी जाए कि आखिर उन्हें मंइयां सम्मान योजना का लाभ क्यों नहीं मिल रहा है। महिलाओं का कहना है कि हमें पहले एक हजार और ढाई हजार रुपये मिल चुके है। लेकिन इस बार 7500 रुपये नहीं मिले है। पहले हमें मंइयां योजना की राशि मिलने के बावजूद इसका लाभ हमलोगों को क्यों नहीं मिल रहा है। महिलाओं का कहना है कि यदि सरकार उन्हें मंइयां सम्मान योजना का लाभ देना चाहती है तो उन्हें बिना परेशान किए यह लाभ पहुंचाया जाना चाहिए। महिलाओं ने प्रखंड प्रशासन से अपील की कि हमारे फार्म भरने या कोई भी त्रुटि है, तो इसमें यथाशीघ्र सुधार कर दिया जाए। जिससे उन्हें समय पर योजना का लाभ मिल सके।

# मेहनत ही सफलता की कुंजी : सुशांति भगत

**उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ छात्राओं को दी विदाई**

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय में बुधवार को विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ भावपूर्ण विदाई दी गई। दशम वर्ग के छात्राओं पर नवम वर्ग के छात्राओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। साथ ही परंपरा के अनुसार तिलक लगाकर सम्मानित किया। वहीं दशम वर्ग के छात्रों के सम्मान में नवम वर्ग की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मन मोह लिया। वहीं 10वीं की छात्रा अणिमा ने अपने अनुभव को साझा किया और शिक्षक द्वारा बताए गए सुझाव को हमेशा याद रखने की बात कही। इस अवसर पर मुखिया सुशांति भगत ने छात्राओं से कहा कि मेहनत ही सफलता की कुंजी है। बच्चे ईमानदारी पूर्वक मेहनत के साथ पढ़ाई करते हुए आगे बढ़ते रहें। जीवन में सफलता अवश्य मिलेगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने उज्जवल भविष्य के लिए परिश्रम और पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जीवन में अच्छा काम करते हुए अपने लक्ष्य की प्राप्ति करें। वहीं प्रधानाध्यापक करम सिंह महतो ने कहा कि आप अपने जीवन में हमेशा आगे बढ़ें और अपने माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन करें। कार्यक्रम का संचालन छात्रा मिसवा परवीन, खुशी कुमारी एवं रितिका कुमारी ने किया। मौके पर शिक्षिका श्वेता कुमारी, ममता कुमारी, रोज मेरी मिंज, अंजली कुमारी, मंजू कुमारी, राजश्री कच्छप, सुनील कुमार दास और भूतेश ठाकुर आदि मौजूद थे।

# दोनों पक्ष संयम बरतें और तनाव खत्म करने का प्रयास करें : मुस्तफा अंसारी



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** सपा के झारखंड प्रमुख महासचिव सह सामाजिक कार्यकर्ता मुस्तफा अंसारी ने कहा कि नामकुम जोरार में विगत दिनों दो पक्षों के बीच हिसंक झड़प में सोनू मुंडा की हुई मौत के बाद क्षेत्र का माहौल तनावपूर्ण हो गया है। उन्होंने क्षेत्र में शांति व्यवस्था के लिए दोनों पक्षों से संयम बरतने और आपसी सौहार्द को कायम रखने की अपील की। मुस्तफा अंसारी ने कुछ दलों द्वारा मामले का राजनीतिकरण किए जाने के प्रयासों की निंदा की। कहा कि इस तरह के संवेदनशील मामले में राजनीति नहीं किया जाना चाहिए। बल्कि राजनीति से उपर उठकर तमाम शांति प्रिय लोग आगे आकर निष्पक्ष तरीके से माहौल को शांत कराने का प्रयास करें। उन्होंने कहा कि कुछ असामाजिक तत्त्व हमेशा माहौल को बिगाड़ने की फिराक में रहते हैं। ऐसे तत्वों को चिन्हित कर पुलिस प्रशासन की मदद से उनपर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

# सरहुल मनाने को लेकर की गयी बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**ओरमांझी।** सरहुल मनाने को लेकर झारखंड आदिवासी सरना पड़हा समाज मुन्ना पतरा चकला ओरमांझी की बैठक बुधवार को मुन्ना पतरा में हुई, जिसकी अध्यक्षता अध्यक्षता समुंदर पाहन ने की। इस दौरान सरहुल पर्व एक, दो और तीन अप्रैल को मनाने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि एक अप्रैल को आदिवासी समुदाय के लोग अपने गांव के पाहन के नेतृत्व में सरना स्थल में पूजा करेंगे। जबकि दो अप्रैल को फूलखोंशी और तीन अप्रैल को मुन्ना पतरा चकला में मेला लगाया जाएगा। जिसमें पूरे प्रखंड के आदिवासी समुदाय के लोग पारंपरिक वेशभूषा और पारंपरिक ढोल मांदर, थापर, नगाड़ा के साथ नाचते गाते शामिल होंगे। इस बैठक में मुख्य संरक्षक रमेश उरांव, जग मोहन मुंडा, नील मोहन पाहन, महा सचिव, कोषाध्यक्ष अघनु मुंडा, पाहन पुजारी दिल रंजन पाहन, उपाध्यक्ष काशी नाथ पाहन, मंगल उरांव, अशोक मुंडा, सोमर उरांव, कैलाश पाहन, भीम मुंडा, महेन्द्र पाहन, मनी मुंडा, सुखराम पाहन, दिनेश उरांव, बलराम बेदिया, गोपाल बेदिया आदि उपस्थित थे

# बेड़ो में आठवें दिन भी पेयजल आपूर्ति ठप, पानी के लिए परेशान हुए ग्रामीण

आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय स्थित पीएचईडी के मोटर में खराबी आने के कारण पिछले आठ दिनों से पेयजल आपूर्ति ठप है। इससे बेड़ो के उपभोक्ताओं के सामने पीने के पानी की भीषण समस्या उत्पन्न हो गई है। लोग पानी के लिए त्राहिमाम कर रहे हैं। वहीं, बड़े-बड़े वायदे करने वाले जिम्मेदारों को भी इसकी कोई चिंता नहीं है। जिससे बेड़ो के लोगों को पेयजल को लेकर भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञात हो कि बेड़ो पानी टंकी को पेयजल आपूर्ति करने वाला मोटर वन विभाग के समीप लगा हुआ है। उसमें आये दिन अज्ञात लोगों द्वारा छेड़छाड़ किया जाता है । इसी कारण से यह खराब होते रहता है। इधर, विभाग के बड़ा बाबू निर्मल एक्का ने कहा कि मोटर बनाने के लिए भेजा गया है। शीघ्र ही मोटर की मरम्मति कराकर पेयजल सप्लाई बहाल कर दी जाएगी।

## बिल जमा नहीं करना भी समस्या

बेड़ो पीएचडी का निर्माण लगभग 45 वर्ष पूर्व हुआ था। शुरूआत में बहुत कम घरों में कनेक्शन था। अभी कनेक्शन बढ़ाकर सैंकड़ों घरों को दे दिया गया है। लेकिन बहुत से लोग अभी भी पैसा नहीं देते हैं। जबकि बिल लेने के लिए एक समिति का भी गठन किया गया है। समय पर बिल जमा नहीं होने के कारण प्लांट में खराबी होने पर निर्माण कराने में आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऑपरेटर बुधवा उरांव को पिछले छह साल से वेतन नहीं मिल पाया है।

# मोबाइल टावर में चोरी के आरोप में युवक गिरफ्तार

**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** अनगड़ा पुलिस ने बेड़वारी में एयरटेल टॉवर से चोरी के एक आरोपी अकलम अंसारी उर्फ गुड्डु को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया है। आरोपी अकलम अंसारी नगड़ी थाना क्षेत्र के बैंक मुहल्ला का रहने वाला है। थाना प्रभारी हीरालाल शाह ने बताया कि टॉवर में चोरी के मामले में अकलम की तलाश थी। इससे पहले भी आरोपी चोरी के मामले में गुमला नगर थाना से जेल जाने की बात स्वीकार कर चुका है।

## श्रीश्री महावीर मंडल पिठोरिया के अध्यक्ष बने कृष्णा चौरसिया



**पिठोरिया (आजाद सिपाही)।** श्रीश्री महावीर मंडल की बैठक विनोद कुमार रजक संरक्षक की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सर्वसम्मति से कृष्ण कुमार चौरसिया को पुनः अध्यक्ष चुना गया। गौरतलब है कि कृष्ण कुमार चौरसिया पिछले साल भी महावीर मंडल के अध्यक्ष थे। वे महावीर मंडल के कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते रहे हैं। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी भी रामनवमी त्योहार के दौरान अष्टमी, नवमी और दसवीं का जुलूस और अस्त्र-शास्त्र चैनल प्रतियोगिता के आयोजन धूमधाम से किया जाएगा। बैठक में संरक्षक अनिल कुमार केशरी, दीपक कुमार चौरसिया, धनुषधारी स्वर्णकार, राजेश गोप, पूरन गोप, बबलू महतो, विकास मुंडा, रामप्रसाद गोप, ओम प्रकाश रजक, बसंत चौरसिया, राहुल साहू, श्रवण गोप, सिकंदर नायक, विक्की महतो, रतन गोप, टार्जन गोप , बादल गोप, संजीत स्वर्णकार, मंटू गुप्ता, प्रकाश ठाकुर, नागेश्वर गोप, रमेश वर्मा, संतोष साहू, अनिल साहू, ब्रजकिशोर साहू, बलराम मुंडा, छोटू नायक, कृष्ण नायक, सूरज महली, माधव महली, ऋषभ मिश्रा आदि उपस्थित थे।

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर में एसेसमेंट

**मांडर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के करकरा एवं महुआजाड़ी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बुधवार को नेशनल क्वालिटी इक्रेडिशन स्टैंडर्ड के तहत एनएचएसआरसी दिल्ली की ओर से असेसमेंट किया गया। इसमें गर्भवती माता एवं प्रसव-नवजात शिशु की देखभाल, परिवार नियोजन, साधारण बीमारियों की देखभाल, संचारी एवं गैर संचारी रोगों की देखभाल को सुनिश्चित करना है। इस असेसमेंट में कर्करा आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 85 पीसदी अंक मिले, जबकि महुआ झरे आयुष्मान आरोग्य मंदिर को 91 फीसदी अंक मिले। मार्च महीने में मांडर प्रखंड के सुरसा, हेस्मी, करगे, चरकी तथा झिंझरी पांच आयुष्मान आरोग्य मंदिर का असेसमेंट किया जाना है।

## निर्देश : प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक में विकास योजनाओं की हुई समीक्षा

# गर्मी से पहले खराब चापाकलों की सूची तैयार करें : प्रखंड प्रमुख



आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** प्रखंड सभागार में बुधवार को प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप की अध्यक्षता में समीक्षात्मक सह कार्यकारिणी की बैठक हुई। जिसमें प्रखंड स्तरीय सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इसमें विभिन्न विकास योजनाओं की स्थिति पर चर्चा की गई। प्रखंड प्रमुख आशा कच्छप ने बैठक में गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए पंचायत समिति सदस्यों को अपने-अपने पंचायत में खराब पड़े चापाकलों की सूची पेयजल एवं स्वच्छता विभाग को तुरंत उपलब्ध कराने का निर्देश दिया, ताकि समय पर मरम्मत हो सके। अंचल कार्यालय को जाति, आय और आवासीय प्रमाण पत्र के लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का आदेश दिया गया। वहीं चिकित्सा विभाग द्वारा संचालित 108 एंबुलेंस सेवा की शिकायतें भी सामने आईं। पंचायत समिति सदस्यों ने आरोप लगाया कि कई बार एंबुलेंस सेवा फोन नहीं उठाती या समय पर नहीं पहुंचती। इस पर प्रखंड प्रमुख ने सिविल सर्जन को पत्र भेजकर इस मामले में संज्ञान लेने का आदेश दिया। वहीं, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी द्वारा आंगनबाड़ी केंद्रों में बर्तन एवं बच्चों के बीच स्वेटर वितरण की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को न देने पर नाराजगी जताई गई। प्रखंड प्रमुख ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए परियोजना पदाधिकारी को पारदर्शिता बरतने का निर्देश दिया।

### चोरी की घटनाओं पर चिंता, पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग

तुपुदाना थाना प्रभारी और खरसीदाग के समक्ष क्षेत्र में चोरी की बढ़ती घटनाओं पर चिंता जताई गई। जनप्रतिनिधियों ने पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग की, ताकि अपराधों पर अंकुश लगाया जा सके। बैठक में महिला प्रसार पदाधिकारी रेणु कुमारी, सांसद प्रतिनिधि मनोज सिंह, चिकित्सा पदाधिकारी नीलम माइकल, पंचायती राज पदाधिकारी वीरेंद्र राम, कृषि पदाधिकारी तपन प्रसाद साहू, सहायक अभियंता मनोज कुमार, बीपीओ मनरेगा मरियम बानो आदि उपस्थित रहे।

### शिक्षा और कल्याण विभाग पर भी सवाल

उपप्रमुख वीणा देवी ने शिक्षा विभाग और कल्याण विभाग की योजनाओं पर असंतोष व्यक्त किया। कहा कि छात्र-छात्राओं के लिए साइकिल वितरण जैसी योजनाओं की जानकारी पंचायत प्रतिनिधियों को नहीं दी जाती, जो सही नहीं है। उन्होंने पत्र के माध्यम से सभी जनप्रतिनिधियों को सूचना देने की मांग की। वहीं, बीडीओ विजय कुमार ने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को केसीसी ऋण वितरण तेज करने का निर्देश दिया, ताकि इस वित्तीय वर्ष का लक्ष्य पूरा किया जा सके। कृषि विभाग ने जानकारी दी कि किसानों को 90 फीसदी अनुदान पर पंपसेट वितरित किए जा रहे हैं और पंचायत समिति सदस्यों से इच्छुक लाभुकों के आवेदन जमा कराने की अपील की। जनप्रतिनिधियों से योग्य लाभुकों को आम बागवानी योजना का लाभ दिलाने और प्रत्येक गांव में खेल मैदान जैसी योजनाओं का चयन करने का अनुरोध किया गया।

## जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन सह सीएचओ सम्मान समारोह

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वास्थ्य कर्मी सम्मानित

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बुधवार को जिला मुख्यालय स्थित ललीत उरांव नगर भवन में जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन, सीएचओ सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में जिले के सभी प्रखंडों से सहिया, सहिया साथी, प्रखंड सहिया सहजकर्ता (बीएएफ), समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) और ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (भीएचएसएनसी) के अध्यक्ष और सचिव सहित सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार, विशिष्ट अतिथि अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जिला



कार्यक्रम प्रबंधक जया रेशमा खाखा, जिला लेखा प्रबंधक प्रमोद साहू, जिला कार्यक्रम समन्वयक (सहिया) अभिनित आनंद, जिला कार्यक्रम समन्वयक (आयुष्मान) मोनिका बाला आदि थे।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन अतिथियों द्वारा सामूहिक रूप से द्वीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों का स्वागत पारम्परिक सखुआ से बने पत्ते की टोपी, माला और पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

**सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है : सिविल सर्जन**

सम्मेलन में मुख्य अतिथि पद से बोलते हुए सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार कहा कि आज यहाँ एकत्र होकर हम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के महत्व को समझने और इसके लिए हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करने का अवसर प्राप्त कर रहे हैं। यह मिशन हमारे देश के लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारे देश में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच और गुणवत्ता में सुधार करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस मिशन के तहत, हम स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ, सस्ती, और गुणवत्तायुक्त बनाने का प्रयास कर रहे हैं।

सहिया स्वास्थ्य विभाग की पहिया है और यह गांव और स्वास्थ्य विभाग को जोड़ने की महत्वपूर्ण कड़ी है। सहिया की भूमिका इस मिशन में बहुत महत्वपूर्ण है। आप सभी स्वास्थ्य सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। आपके प्रयासों से हमारे देश के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिल रही है।

जिले के सभी समुदाय स्वास्थ्य केंद्र में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाले एक-एक ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण समिति (भीएचएसएनसी), एक-एक समुदाय स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), एक-एक प्रखंड सहिया सहजकर्ता (बीएएफ), एक-एक सहिया साथी और पांच - पांच सहिया को पुरस्कार और प्रस्शती पत्र देकर अतिथियों ने किया सम्मानित।

नगर भवन में आयोजित सम्मेलन में घाघरा प्रखंड की सहिया बहनों द्वारा आयोजित नुक्कड़ नाटक, रायडीह प्रखंड की सहिया बहनों द्वारा आयोजित सामूहिक नृत्य था मुख्य आकर्षण का केंद्र।

# प्रधान जिला जज ने जेल का किया निरीक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** नालसा एवं झालसा के निर्देश पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्र ने मंडल कारा गुमला का निरीक्षण किया। उन्होंने मंडल कारा में महिला और पुरुष वार्ड सभी का निरीक्षण किया। मंडल कारा के जेलर लवकुश कुमार के द्वारा बताया गया कि बंदी महिलाओं एवं पुरुषों सबके लिए अलग-अलग शिक्षक हैं जो उन्हें पढ़ाते हैं। न्यायधीश ने सभी वार्डों को निरीक्षण किया तथा कैदियों से किसी प्रकार का दिक्कत या खानपान संबंधित शिकायत की जानकारी ली। कैदियों ने कहा कि किसी तरह का किसी को कोई शिकायत नहीं है। खाना पीना सही मिलता है। प्रधान जिला जज ने भोजन बन रहे स्थान का भी निरीक्षण किया। उन्होंने बंदियों से पूछा कि सभी के वकील हैं या नहीं। आगे उन्होंने कहा कि किसी बंदी को यदि वकील की आवश्यकता है और वह वकील नहीं रख पा रहा है, वैसी स्थिति में वह जिला विधिक सेवा प्राधिकार को इसकी सूचना देंगें। उसे तुरंत डीएलएसए के द्वारा वकील मुहैया कराया जायेगा ताकि वह अपना केस को ढंग से लड़ सके और न्याय पा सके। उन्होंने कारा के जेलर से सभी सुविधाओं की जानकारी ली। प्रधान जिला जज महोदय ने कारा अधीक्षक को निर्देश दिया की बंदियों का पढ़ाई जारी रखा जाना चाहिए। उन्हें समय-समय पर मेडिकल सुविधा मिलनी चाहिए साथ ही योग पर भी विशेष ध्यान दिया जाये। जिला जज ने जेल लीगल एंड क्लिनिक का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा अधिकार राम कुमार लाल गुप्ता, मंडल कारा जेलर लवकुश कुमार, एलएडीसी के डीएन ओहदार, बुंदेश्वर गोप, जितेंद्र सिंह ,इंदु पांडे, डीएलएसए के प्रकाश पांडे उपस्थित थे।



# भाजपा नेता सह व्यवसायी के खाते से एक लाख रुपये की ठगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी सह भाजपा नेता से साइबर अपराधियों ने 12 और 14 मार्च को सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया शाखा गुमला के खाते से 1 लाख रुपया उड़ा लेने का मामला प्रकाश में आया है। मामले को लेकर बुधवार दिन के 2 बजे भाजपा नेता सह व्यवसायी मंगल सिंह भोगता ने गुमला थाना पहुंचकर साइबर अपराधियों के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराया है। मामले की जानकारी देते हुए मंगल सिंह भोगता ने बताया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया गुमला में उनका बचत खाता चलता है। बीते 12 और 14 मार्च को 50-50 हजार रुपये दो अलग-अलग किस्तों में कट गया। जिसका मोबाइल में मैसेज भी आया। 12 तारीख को बैंक बंद होने के कारण पैसा कटने पर बैंक नहीं जा पाया। यह भी पता नहीं चल पाया कि पैसा क्यों कटा है चूंकि व्यवसायी होने के कारण हमेशा चेक के माध्यम से



कई जगह लेनदेन होता है। इधर होली की छुट्टी और व्यस्तता होने के कारण बैंक से संपर्क नहीं कर पाया। घटना के बाद साइबर क्राइम नंबर 1930 में दिनभर कॉल लगाया लेकिन बिजी बताया और कॉल नहीं लगा। बुधवार को बैंक जाकर डिटेल्स निकाला तो पता चला कि मुंबई के दो खातों में पैसा गया है। उन्होंने बताया 12 तारीख को एक ओटीपी आया था लेकिन उस ओटीपी को ओपन नहीं किया साथ ही कहीं शेयर भी नहीं किया था। शायद साइबर अपराधियों ने मोबाइल हैक कर घटना को अंजाम दिया है। इसके बाद अपने खाता को बंद करवाया। गुमला थाना को आवेदन देते हुए व्यवसायी ने आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।

## गुमला बार एसोसिएशन की बैठक

# कोर्ट से संबंधित सभी कार्य बहिष्कार करने का निर्णय



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला बार एसोसिएशन की बैठक का हुआ आयोजन जहां पर उपायुक्त अपार समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी सभी का कार्य कोर्ट से संबंधित बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया। साथ बताया गया की रजिस्ट्री ऑफिस का कार्य 1 फरवरी से ही काम बंद है अनिश्चित कार्य के लिए। बार सचिव ओमप्रकाश में बताया कि रजिस्ट्री ऑफिस का चंदाली जाने से पूरे गुमला के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है ।लोग गुमला में हर एक कोने से सबसे पहले कोर्ट आते हैं उसके बाद करीब 6 किलोमीटर दूर रजिस्ट्री ऑफिस जाते हैं जाने आने के दौरान लोगों को मानसिक और शारीरिक ही नहीं आर्थिक रूप से हानि पहुंच रही है। इससे वकील एवं आम लोगों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जो कि पूरे गुमला जिले की समस्या है। उन्होंने कहा कि जब तक पुराने रजिस्ट्री ऑफिस में सारे कार्य प्रारंभ नहीं होगी तब तक हड़ताल जारी रहेगी।

# बाइकों की टक्कर में दो युवक घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला सिसई रोड स्थित विधायक आवास के समीप बुलेट और बाइक में सीधी भिड़ंत हो गयी। घटना बुधवार की अपराह्व 4:30 बजे की है। घटना में पालकोट थाना क्षेत्र के बिलिंगबिरा गांव निवासी अनिल वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी ओर बुलेट में दो लोग सवार थे जिसमें बुलेट चालक आजाद बस्ती गुमला निवासी 20 वर्षीय मोहम्मद फैजान को हाथ में चोट लगी। उसका एक हाथ फैक्चर हो गया जबकि पीछे बैठे युवक को हल्की चोट लगी। वही बाइक सवार अनिल वर्मा को सिर में गंभीर चोट लगी घटना के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ लग गयी लेकिन घायल को अस्पताल पहुंचाने के लिए कोई भी सामने नहीं आया। वहीं टोंका टोली घाघरा निवासी अशोक उरांव रांची जाने के लिए पैदल बस स्टैंड की ओर जा रहा था। घटना के बाद रांची की ओर से आ रहे एक एंबुलेंस को रोककर घायल को साथ लेकर सदर अस्पताल में भर्ती कराया। इसके बाद गुड सेमेरिटन के तहत उसका नाम अस्पताल के रजिस्टर में एंट्री किया गया। उसे गुड सेमेरिटन के तहत 2000 से लेकर 5000 के बीच प्रोत्साहन राशि जिला परिवहन विभाग द्वारा दिया जायेगा। बता दें कि सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल की मदद करने पर और उसे अस्पताल पहुंचाने पर गुड सेमेरिटन के तहत प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। घटना में अनिल वर्मा को सिर में गंभीर चोट लगी थी इसके बाद डॉक्टर ने उसे रिम्स रेफर कर दिया। अनिल वर्मा दाउदनगर में किराये के एक मकान में रहता है और शहर से दाउदनगर की ओर जा रहा था। वहीं बुलेट सवार दोनों युवक हवाई अड्डा की ओर से गुमला जा रहे थे। इसी क्रम में अनिल के सामने से एक बाइक सवार उसे टच करते हुए तेजी से पार हो रहा था।

# डोल पूजा को लेकर निकली कलश यात्रा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**घाघरा।** प्रखंड के बड़काडीह गांव में डोल पूजा को लेकर राधे कृष्ण मंदिर से कलश यात्रा निकाला गया। कलश यात्रा में सैकड़ो की संख्या में महिलाएं और बच्चिया शामिल हुई। कलश यात्रा राधे कृष्ण मंदिर से शुरू होकर चौक होते कस्पोडिया मोड़ स्थित गुड़गुड़ चुवा पहुंचा। जहां आचार्य द्वारा वैदिक मंत्र उच्चार के साथ कलश में जल भरायी करायी गयी। वही कलश यात्रा पुनः बड़काडीह स्थित राधे कृष्ण मंदिर पहुंचा। जहां पूजन पाठ विधि विधान के साथ कराया गया। वहीं पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रत्येक वर्ष डोल पूजा का आयोजन किया जाता है। इस क्रम में कलश यात्रा के साथ-साथ रात्रि में भव्य भंडारा का आयोजन भी किया जायेगा। वही उक्त कार्यक्रम अधिक से अधिक संख्या में लोगों को शामिल होने की अपील भी किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष दशरथ बैठा, सचिव संजय गुप्ता, नरेंद्र साहू, अमित गुप्ता, देवंत कुमार, संतोष यादव उत्तम बैठा, टिंकू गुप्ता सुधीर लाल, सौरभ गुप्ता, सुमित महतो, शिवनारायण साहू, रेखा देवी, पुष्पा देवी, काजल देवी, रेणु देवी सहित श्रद्धालु शामिल हुए।

# मुख्तार आलम ने जरूरतमंद किसान की मदद की

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** मुख्तार आलम ने बताया कि गुमला जिला, प्रखंड भरनो के रहने वाले किसान चंदर मुंडा पूरी तरह बेबस और लाचार है, वह किसी तरह छोटी मोटी खेती कर-के अपना गुजारा किया करता है। चंदर मुंडा के पास 8 एकड़ खेत है परंतु खेती करने हेतु कोई आर्थिक व्यवस्था नहीं है, आये दिन बड़ी समस्याओं से जूझ रहा है।

इन सब समस्याओं को लेकर चंदर मुंडा ने कांग्रेस नेता मुख्तार आलम से आकर मिला और अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया है ।

मुख्तार आलम ने कहा कि झारखंड सरकार की कार्यकारिणी योजना चलायी जा रही है परंतु योजना की जानकारी नहीं होने के कारण जरूरतमंद लोग योजना लेने से वंचित रह जा रहे हैं।

मुख्तार आलम ने अपने टीम



के सदस्यों के साथ किसान चंदर मुंडा को लेकर मत्स्य विभाग गया और मत्स्य पालन करने हेतु योजना से जुड़ने के लिए सभी प्रक्रिया प्रारंभ करवाया।

मुख्तार आलम ने कहा कि ढाई एकड़ भूमि में तालाब बनवाना है जिसका लंबाई 330 फीट होगी और चौड़ाई भी 330 फीट की होगी या योजना 7 लाख का है, 90% अनुदान राशि के साथ। तालाब तैयार होने के बाद इसी तालाब में मछली पालन करना है, मछली की बीज एवं सभी सामग्री विभाग के द्वारा दी जायेगी।

किसान चंदर मुंडा ने कहा कि मैं इस योजना का लाभ लेकर व्यवसाय से जुडूंगा और अपने सपने को साकार करते हुए अपने बच्चियों को उच्च शिक्षा दिलवाउंगा।

मुख्तार आलम ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता यह है कि सरकार के द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं से किसान और हर एक जरूरतमंद व्यक्ति को जोड़ा जाये।

मौके पर कामगार नगर अध्यक्ष इनायत साह, जिला उपाध्यक्ष बिलियन लुगुन, जिला सचिव छोटू साहू आदि उपस्थित थे।

# पोलपोलपाठ में लगे डोल जतरा का समापन




**हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है : बिमलचंद असुर**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखंड के अती सुदूरवर्ती पोलपोलपाठ में मंगलवार को आदिम जनजाति विलुप्तप्राय जनजाति डोल जतरा सह विकास मेला का बुधवार को समापन हो गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष केडी सिंह, हाफिजुल रहमान सामाजिक कार्यकर्ता, श्यामा प्रसाद यूनिवर्सिटी असिस्टेंट प्रोफेसर अभय सागर मिंज मनीष कुमार मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जहां पर आदिम जनजाति समुदाय के द्वारा पारंपरिक रीति रिवाज के साथ उनका स्वागत किया गया। इस मौके पर आदिम जनजाति नेता विमल चंद असुर ने बताया कि हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है। आज भी हमारा समाज पारंपरिक रीति रिवाज को बरकरार रखे हुए है। मगर अब तक सरकार इस और ध्यान नहीं दे रही है। हमारे इलाके में बड़े पैमाने पर बॉक्साइट पत्थरों का खनन हो रही है। फिर भी आदिम जनजातियों की स्थिति जस की तस बनी हुई है। लेकिन हमारे सदियों से चली आ रही परंपरा को हमारे ग्रामीणों ने जिंदा रखा है, यही हमारी पहचान है। उन्होंने बताया कि आदिम जनजाति के द्वारा परंपरागत तौर से लोहा गलने का काम किया जाता है। जिस लोहा में आज भी जंग नहीं लगता है। इस मौके पर मुख्य रूप से विजय कुमार पुष्पा, चौराट, अशोक उरांव, गुलाब असुर, गणेश्वर असुर, विजय कुमार सहित बड़ी संख्या में डोल यात्रा में आये ग्रामीण उपस्थित थे।

# 12 एकड़ में लगी मिर्च और पानी मशीन को किया गया क्षतिग्रस्त



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**जारी।** जारी प्रखंड के गोविंदपुर गांव में मंगलवार की रात अज्ञात लोगों ने 12 एकड़ में लगी मिर्च की खेती पानी मशीन और पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना की जानकारी बुधवार की सुबह 10 बजे किसानों को मिली जब किसान सिबटेन अंसारी पानी पटवन करने खेत पहुंचे तो देखा कि पानी मशीन क्षतिग्रस्त है साथ ही पाइप को टांगी से काटकर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। वही खेत में लगी मिर्च की खेती को भी नुकसान पहुंचाया गया। किसानों ने बताया लोन लेकर मिर्च की खेती किए थे। शरारती तत्वों ने नुकसान पहुंचाया है। बताया चार-पांच किसानों ने मिलकर 12 एकड़ में मिर्च की खेती की थी।

## स्पोर्ट्स



हार्दिक को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 2024 सीजन के मुंबई के आखिरी मैच में धीमी ओवर गति के लिए एक मैच के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था।

# आइपीएल सीजन के पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे सूर्यकुमार यादव

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली।** सूर्यकुमार यादव इंडियन प्रीमियर लीग (आइपीएल) 2025 सीजन के अपने पहले मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी करेंगे क्योंकि पूर्णकालिक कप्तान हार्दिक पांड्या एक मैच के प्रतिबंध के कारण पहले मैच में नहीं खेल पायेंगे।

हार्दिक ने बुधवार को मीडिया से कहा कि जब मैं नहीं रहूंगा तो सूर्या आदर्श विकल्प होंगे। हार्दिक को लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 2024 सीजन के मुंबई के आखिरी मैच में धीमी ओवर गति




के लिए एक मैच के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया था। चूंकि यह हार्दिक का सीजन का तीसरा अपराध था, इसलिए उन पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया और एक मैच का प्रतिबंध लगाया गया था, जो इस सीजन के शुरूआती मैच में भी जारी रहेगा।

मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने भी पुष्टि की कि फ्रेंचाइजी को भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआइ) द्वारा चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ अभियान के शुरूआती मैच के लिए हार्दिक की अनुपलब्धता के बारे में औपचारिक रूप से सूचित कर दिया गया है। हार्दिक ने कहा कि पिछले साल, जो हुआ वह खेल का हिस्सा था। हमने आखिरी ओवर में डेढ़ या दो मिनट देरी से गेंदबाजी की। उस समय, मुझे नहीं पता था कि इसके क्या परिणाम हो सकते हैं। 2023 में सूर्यकुमार यादव, जो वर्तमान में भारतीय टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम के कप्तान हैं, ने एक आईपीएल मैच में मुंबई इंडियंस की कप्तानी की थी।

# पलमा कोठा टोली में कुआं से वृद्ध का शव बरामद

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के पलमा कोठा टोली गांव में कुएं से वृद्ध व्यक्ति नरेश उरांव का घाघरा पुलिस ने शव बरामद किया। शव को कब्जे में कर घाघरा थाना लाया। घटना के संबंध में पुलिस ने बताया कि विगत 17 मार्च को नरेश उरांव घर से निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा काफी खोजबीन परिजनों द्वारा की गयी। इसके बाद आज शाम में घटना की सूचना पुलिस को ग्रामीणों और परिजनों द्वारा दी गयी कि घर से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बिना मुंडेरा के पड़े एक कुएं में एक वृद्ध व्यक्ति का शव है। इसके बाद पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पहुंच शव को कुआं से बाहर निकाला गया। परिजनों ने नरेश के रूप में उसकी पहचान किया। वही शव को कब्जे में कर पुलिस थाना चली आयी। वहीं पुलिस मामले की छानबीन में जुटी हुई है।

# गुमला को रेलवे से जोड़ने की मांग उठाने के लिए दामोदर कसेरा ने जताया सांसद का आभार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** गुमला चैंबर के पूर्व अध्यक्ष दामोदर कसेरा ने सांसद सुखदेव भगत का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि लोहरदगा सांसद सुखदेव भगत के द्वारा सांसद मे लोहरदगा से गुमला भाया कोरबा तक रेलवे से जोड़ने की मांग की है। गुमला को रेलवे से जोड़ने के मांग बरसों से की जाती रही है। जिसके लिए गुमला के व्यापारियों एवं आम नागरिकों के द्वारा रेल लाओ संघर्ष समिति बनायी गयी थी। इस बैनर के माध्यम से गुमला के रेलवे से जोड़ने के लिए संघर्ष किया गया परंतु गुमला पिछड़ा जिले होने के कारण जन प्रतिनिधियों के द्वारा विशेष रुचि नहीं रही या यह कह सकते है की जनप्रतिनिधि या



सरकार की उदासीनता के कारण अभी तक रेलवे का कार्य शुरू नहीं किया जा सका।

जबकि कई बार गुमला को जोड़ने से संबंधित सर्वे किया गया। पर स्थिति वहीं के वहीं के रह गई है। जिस प्रमुखता से सांसद के द्वारा रेल को जोड़ने से संबंधित सांसद से मांग की गयी है, इसके लिए गुमला चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा सांसद का आभार व्यक्त करते हैं। जब से श्री भगत सांसद बने है रेलवे को लेकर गंभीर है। गुमला वासियों को सांसद से काफी उम्मीद हो गयी हैं। इसके पूर्व के सांसद के द्वारा भी रेलवे को जोड़ने की मांग की गयी थी पर रेल मंत्री के द्वारा गंभीरता नहीं दिखायी नहीं तो रेलवे का अभी तक कार्य प्रारंभ हो जाता। ज्ञात हो कि गुमला जिला मुख्यालय से बीस किलो मीटर की दूरी पर अंजनी धाम है, जहां हनुमान जी का जन्म स्थल है। सैकड़ों भक्त अंजनी माता एवं हनुमान जी के दर्शन के लिए राजस्थान, उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल, उड़ीसा, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश एवं अन्य राज्यों से आते है। रेलवे होने से उनको भी आने जाने में सुविधा होगी साथ ही गुमला के व्यापार बढ़ेगा।

## बीसीसीएल के रिटायर्ड कर्मी के घर में लगी आग

**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के रिटायर्ड कर्मी मेवालाल उर्फ बजरंगी प्रमाणिक के कतरास बाजार आमटांड स्थित आवास में बुधवार को आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। इस घटना में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर राख म्हो गयी। भुक्तभोगी के मुताबिक फर्नीचर सहित करीब 20 लाख रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ है। भुक्तभोगी ने बताया कि इस दिन सुबह 10 बजे परिवार के सभी सदस्य घरेलू काम में व्यस्त थे। अचानक बिजली के तार से चिंगारी निकली और देखते ही देखते चारो और आग फैल गया। यह देख सभी लोग घर से बाहर निकले और मदद के लिए शोर मचाना शुरू कर दिया । शोर सुनकर आसपास के लोग जुट गए और आग बुझाने का प्रयास किया। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक सारा सामान जल चुका था।

# धर्मांतरण को लेकर हंगामा थाना परिसर में नोक-झोंक

## लोदना बाजार में प्रार्थना सभा के दौरान भिड़े इसाई धर्मावलंबी और विहिप कार्यकर्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

**झरिया।** लोदना बाजार में ईसाई धर्म के प्रार्थना सभा के दौरान विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और ईसाई समुदाय के लोग आपस में भिड़ गये। दोनों ओर से खूब नोंकझोंक हुई। जिससे मामला तनावपूर्ण हो उठा। इसके बाद दोनों पक्ष लोदना ओपी पहुंचे और एक-दूसरे के खिलाफ धर्म परिवर्तन का आरोप लगाया। माहौल बिगड़ते देख पुलिस ने ईसाई और विहिप समर्थकों को थाना परिसर से बाहर निकाल दिया। लगे हाथ पुलिस ने प्रार्थना रंजीत, अजीत और विक्की को हिरासत में ले लिया। दूसरी ओर, विहिप के उमाशंकर तिवारी, सोनू गिरी, लल्लू झा, धर्मेन्द्र



पुलिस की मौजूदगी में हंगामा करते लोग।

सरोज और अमित कुमार थाना परिसर पहुंचे। कहा कि किसी तरह का धर्म परिवर्तन बर्दास्त नहीं किया जाएगा। समाचार लिखे जाने तक थाना परिसर के बाहर लोग जुटे रहे। एक-दूसरे के खिलाफ कार्रवाई करने पर अड़े हुए है। वहीं, ईसाई धर्म से जुड़े विनोद साव की पत्नी बबली देवी ने बताया कि हर ईसाई धर्म से जुड़े लोग शाम को मेरे घर में प्रार्थना कर रहे थे। धर्म परिवर्तन की जो बात कही जा रही है वह गलत है। स्वेच्छा से लोग इस धर्म में जुड़ रहे है। किसी तरह की जोर जबरदस्ती नहीं की जा रही है। परिवारिक संपति विवाद को भैंसुर धर्म परिवर्तन का नाम दे रहा है। इन लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इधर, दिलीप साव का कहना है कि उसका छोटा भाई विनोद साव और उनकी पत्नी बबली हिंदू धर्म छोड़ कर ईसाई धर्म अपनाने को लेकर प्रलोभन दे रहे थे। जिसका विरोध किया तो घर में ताला मार कर जान से मारने की धमकी दी। कहा कि हिंदू धर्म में क्या रखा है। ईसाई धर्म अपनाओ बाल बच्चा भी होगा। जिसका आज हमलोगों ने विरोध किए तो मारपीट किया।

# खरियो एसबीआइ सीएसपी से हथियारबंद अपराधियों ने दिनदहाड़े लूटे दो लाख

## सीसीटीवी कैमरे का डीबीआर भी ले भागे

जाते-जाते बैंक में ताला भी लगाते गये, जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता




**तोपचांची/कतरास।** हरिहरपुर थाना क्षेत्र के खरिओं रेलवे गेट के पास स्थित एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी बैंक) में बुधवार की दोपहर तीन हथियारबंद अपराधियों ने दावा बोल दिया और बंदूक का भय दिखाकर लूटपाट की। जानकारी के अनुसार, तीनों अपराधी बैंक में घुसे और पिस्तौल दिखाकर कर्मचारियों को डराते हुए करीब दो लाख रुपये लूटकर फरार हो गए। अपराधियों ने पुलिस की जांच से बचने के लिए बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी निकालकर अपने साथ ले भागे। अपराधी अपने साथ ताला लेकर आए थे। घटना को अंजाम देने के बाद केंद्र को बाहर से ताला लगाकर बंद कर दिया। कर्मचारी केंद्र के अंदर ही थे। उधर, दिनदहाड़े हुई लूट इस की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों और बैंक कर्मियों ने तुरंत हरिहरपुर थाना पुलिस को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी राहुल कुमार झा अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और जांच-पड़ताल शुरू की। पुलिस ने बताया कि अपराधी जिस रास्ते से भागे, उस मार्ग में लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाला जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने घटनास्थल से सबूत इकट्ठा कर अपराधियों की तलाश शुरू कर दी है। क्षेत्र में लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की भी जांच की जा रही है

## 18 लाख महिलाओं को नहीं मिला मंईयां सम्मान योजना का लाभ : संतोष रवानी



**धनसार (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की मंइयां सम्मान योजना के लाभ से 18 लाख 27 हजार 385 महिलाओं के वंचित होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को भाजपा बस्ताकोला मंडल में प्रदर्शन किया गया। इस दिन अंबेडकर चौक पर झारखंड सरकार को पुतला दहन किया गया। साथ ही सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गयी। भाजपा नेताओं का कहना है कि सरकार को महिलाओं की भावना से नहीं खेलना चाहिए था। मंडल अध्यक्ष तरुण राय, महामंत्री संतोष रवानी ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार महिलाओं को आश्वासन देकर ठगने का काम कर रही है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यह सरकार झूठे वादे करने में आगे है। महिला मोर्चा की अध्यक्ष प्रतिमा गिरी ने कहा कि जब राशि नहीं देना था तो पहले ही नहीं देते। प्रदेश मीडिया प्रभारी बप्पी बाउरी ने कहा कि सत्यापन का झूठा बहाना बनाकर गरीबों को छला जा रहा है। राज्य सरकार इन सभी महिलाओं को मंइयां सम्मान दें अन्यथा सड़क पर उतर कर आंदोलन को बाध्य होंगे। इस दौरान मंडल अध्यक्ष तरुण राय, रामदेव शर्मा, रिंकू सिंह, रूपेश गुप्ता, बलराम हरि, राहुल गुप्ता, प्रतिमा गिरी, संजय दास, प्रेम गोप, काजू राय, अभिजीत बाउरी, नंदू साव, रंजीत दास उपस्थित थे।

## कलश लेकर नगर भ्रमण के साथ शुरू हुआ पांच दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** श्रीमद् संगीतमय भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तत्वाधान में बुधवार की सुबह कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें सैकड़ों लोगों ने कलश लेकर नगर भ्रमण किया। कलश यात्रा माडा कॉलोनी मैदान से निकलकर पंपू तालाब तक गई। कलश यात्रा में शामिल समाजसेवी नीरज कुमार ने बताया कि माडा कॉलोनी मैदान में पांच दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि श्रीमद संगीतमय कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन पांच दिनों तक चलता रहेगा। वहीं, अयोध्या धाम से कथावाचक स्वामी श्री रामयणनचार्य वेदान्ती जी महाराज आए है, जो अपनी कथा से लोगों को जागरूक करेंगे।

## जीतपुर में पीएफ पेंशन की बकाया राशि भुगतान को लेकर असंगठित मजदूरों ने किया प्रदर्शन



**झरिया/जोड़ापोखर (आजाद सिपाही)।** सेल कंपनी की बंद जीतपुर कोलियरी के असंगठित मजदूरों ने बुधवार को जनता श्रमिक संघ के बैनर तले कटौती की गई पीएफ और पेंशन की राशि को ऑनलाइन कर अविलंब भुगतान करने और खदान के अंदर खाली जगह का स्टोइंग कर भराई करने की मांग को लेकर कार्यालय के मुख्य गेट पर प्रदर्शन किया। संगठन के सचिव टोकनाथ तिवारी ने कहा कि मजदूरों कि काटी गई पीएफ पेंशन की राशि का कोई लेखा जोखा नहीं मिलने से इसमें घोटाले की बू आ रही है। वहीं. खदान के अन्दर कोयला उत्पादन कर खाली जगहो की स्टोरिंग नहीं किए जाने से खदान के नीचे और उपर हमेशा खतरा बनी रहती है। उन्होंने कोलियरी खदान का बैरियर के कमजोर होने की मुद्दा उठाते हुए बैरियर कैसे कमजोर हुई इसकी उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की। मजदूरों ने अधिकारियों को चेताते हुए कहा कि जब तक मजदूरों का पीएफ पेंशन की कटौती को ऑनलाइन कर राशि का भुगतान नहीं किया जाता और अन्य मांगे पूरी नहीं की जाती तबतक खदान के अंदर से एक भी सामान को नहीं उठाने नहीं दिया जाएगा। मौके पर रविन्द्र कुमार गोप, उमेश महतो ,केदार भुइंया, यादव कर्मकार, हलधर रवानी, बिटू सिंह, नरेश यादव, दुर्गा प्रसाद महतो, गौतम तिवारी, महेश तिवारी, अरविन्द कुमार, लखन पासवान आदि उपस्थित थे।

# 55 स्कूलों के 110 शिक्षकों को दिया गया स्वास्थ्य आरोग्य दूत का सम्मान

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** शहर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से बुधवार को बीएसएस बालवाड़ी स्कूल में स्वास्थ्य आरोग्य दूत का सम्मान समारोह आयोजित किया। स्वास्थ्य विभाग के स्कूल हेल्थ एंड वेलनेस कार्यक्रम के तहत बेहतर कार्य करने वाले जिले के 55 स्कूलों के 110 शिक्षकों को स्वास्थ्य अरोग्य दूत के रूप में सम्मानित किया गया। सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन और जिला शिक्षा पदाधिकारी अभिषेक झा ने सभी चयनित शिक्षकों को प्रशस्त्रि पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की। इसस अवसर पर सिविल सर्जन डॉक्टर चंद्रभानु प्रतापन ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से चलाया जा रहा यह कार्यक्रम बच्चों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने में महत्पूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने बताया कि इस पहल का प्रभाव पूरे समाज पर पड़ रहा है। लोग अपने स्वास्थ्य के प्रति अधिक संवेदनशील हो रहे हैं। डॉ प्रतापन ने कहा कि विभाग की ओर से एनीमिया और फाइलेरिया उन्मूलन जैसे कई स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। जिनका सकारात्मक परिणाम भी आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। वहीं, जिला शिक्षा अधीक्षक ने इस आयोजन के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। अच्छी शिक्षा के लिए बच्चों का स्वास्थ्य अच्छा होना बेहद जरूरी है। इसके लिए दोनों विभाग मिलकर कार्य कर रहे हैं। जिसमें शिक्षकों की भूमिक अहम है। प्रत्येक प्रखंड से पांच-पांच स्कूलों के दो-दो शिक्षकों उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया है। कहा कि यह सम्मान अन्य स्कूलों और शिक्षकों को भी प्रेरित करेगा। इस मौके पर डीआरसीएचओ डॉ रोहित गौतम, डब्ल्यूएचओ के एसएचओ डॉ अमित तिवारी आदि उपस्थित रहे।

# मंईयां सम्मान योजना राशि नहीं मिलने का मुख्य कारण आधार से बैंक खाते का नहीं जुड़ना है

आजाद सिपाही संवाददाता



**कसमार/बेरमो।** मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों को विगत दिनों होली के तोहफे के रुप में 7500 रुपए करके मिल चुके हैं। पर अधिकांश महिलाओं के खाते में अबतक उक्त राशि नहीं आने से वे काफी निराश और नाराज हैं। प्रतिदिन प्रखंड, प्रज्ञा केंद्र और बैंक के चक्कर काट रही हैं। इसे लेकर कसमार की बीडीओ नम्रता जोशी से बताया कि उन्हीं के खाते में मंईयां सम्मान योजना की राशि नहीं आई है जिनके खाते आधार से लिंक नहीं है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कुछ सटीक नहीं कहा जा सकता है, क्योंकि इसका पोर्टल अभी खुल नहीं रहा है। बीडीओ ने कहा कि इसमें चिंता करने और कहीं भाग दौड़ करने की आवश्यकता नहीं है। जिन माताओं-बहनों को मंईयां सम्मान की राशि प्राप्त नहीं हुई है, वो अपने संबंधित बैंक जाकर खाते को आधार के साथ जुड़वा लें। ताकि उक्त राशि उन्हें मिल सके।

### कसमार बीओआइ में हो रही भारी भीड़

इधर, बैंक ऑफ इंडिया (बीओआइ) की कसमार शाखा में प्रखंड के अधिकतर महिलाओं का खाता रहने के कारण मंईयां सम्मान की राशि निकालने या फिर पूछताछ को लेकर काफी भीड़ देखी जा रही है। बैंक में लिंक फेल होने और पैसा खत्म हो जाने से ग्राहको1 को घंटों लाइन में लगे रहना पड़ रहा है। अक्सर बैंक में 12 से एक बजे के बीच पैसा खत्म हो जा रहा हैं।

# केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल से मिले धनबाद के सांसद ढुल्लू

## सिंदरी की समस्याओं से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता



**सिंदरी।** धनबाद के भाजपा सांसद ढुल्लू महतो ने बुधवार को केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय की राज्यमंत्री अनुप्रिया पटेल से मुलाकात कर उन्हें सिंदरी की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराते हुए एक पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने सिंदरी की विभिन्न समस्याओं पर विस्तृत चर्चा की और वस्तुस्थिति से मंत्री को अवगत कराया, जिसमें रोजगार, आधारभूत संरचना और औद्योगिक विकास से जुड़े विषय शामिल थे। सांसद ने सिंदरी के विकास और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से रखते हुए, शीघ्र समाधान की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने सांसद ढुल्लू महतो की बातों को गंभीरता से सुना और सार्थक कार्यवाही का आश्वासन दिया। कहा कि केंद्र सरकार इन विषयों पर जल्द आवश्यक कदम उठाएगी। उन्होंने सिंदरी के विकास में हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

**जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)–सह–उपायुक्त का कार्यालय, कोडरमा**
**(जिला पंचायत शाखा)**

प्रपत्र–D

मतदान केन्द्रों की सूची का अंतिम प्रकाशन की सूचना

झारखण्ड नगरपालिका निर्वाचन एवं चुनाव याचिका निचमावली, 2012 के नियम–21 एवं 22 के अनुपालन में मैं मेघा भारद्वाज, जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका )–सह–उपायुक्त, कोडरमा VI कोडरमा/04 झुमरीतिलैया नगर परिषद् (वर्ग–ख), VI कोडरमा/07 कोडरमा नगर पंचायत एवं VI कोडरमा/08 डोमचाँच नगर पंचायत, जिला–कोडरमा के मतदान केन्द्रों की सूची जो संलग्न है को राज्य निर्वाचन आयोग, झारखण्ड राँची के पूर्वानुमोदन के पश्चात् अंतिम रूप से प्रकाशित करती हूँ।

तिथि :–18/03/2025

ह०/–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी(नगरपालिका)
–सह–उपायुक्त, कोडरमा

PR 348758 Panchayati Raj(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग**
**भवन प्रमंडल संख्या–1, राँची**
**अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–111/2024–25**

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 07.04.2025 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 08.04.2025 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 08.04.2025 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि | अग्रधन की राषि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Renovation of C type Quarter No-04, Block-05 at Audrey House, Ranchi | 536500 | 10800 | 1250 | One Month |
| 2 | Renovation of D type Quarter No-15/18 at Doranda Ranchi (High Court Pool) | 505000 | 10100 | 1250 | One Month |
| 3 | Renovation of B type Quarter No-64/124 at Doranda Ranchi | 396900 | 8000 | 750 | One Month |
| 4 | Renovation of Pharmacy Main Building (Hospital) and Boundary wall at Raj Bhawan Campus Ranchi | 1084100 | 21700 | 2500 | One Month |
| 5 | Renovation of A type Quarter No-15 (One Unit) at Booty Road Ranchi | 325350 | 6600 | 750 | One Month |
| 6 | Renovation of A type Quarter No-23 (One Unit) at Booty Road Ranchi | 292200 | 5900 | 750 | One Month |
| 7 | Renovation of B type Quarter No-20/24 (24 Set ) at Audrey House Ranchi | 400700 | 8100 | 750 | One Month |
| 8 | Renovation of Common Room, Painting work, wall Partition, wall paper and cabinet (Side DLSA Office) and other work at 40 Court Building in the Campus of Civil Court, Ranchi | 1504200 | 30100 | 5000 | One Month |
| 9 | Renovation of B type Quarter No-31/56, 56 Set at Doranda Ranchi | 302250 | 6100 | 750 | One Month |
| 10 | Renovation of C type Quarter No-203 (Block B) at Ratu Road Ranchi | 555200 | 11200 | 1250 | One Month |
| 11 | Renovation of C type Quarter No-01, Block-09 at Audrey House Ranchi | 569700 | 11400 | 1250 | One Month |
| 12 | Renovation of B type Quarter No-7 (One Unit) at New Nagra Toli, Ranchi | 387000 | 7800 | 750 | One Month |
| 13 | Renovation of A type Quarter No-A/31, 48 Set at Near Seth Sita Ram School at Doranda Ranchi (High Court Pool) | 291200 | 5900 | 750 | One Month |
| 14 | Renovation of Room No-206B, 209, 210, 211, 212, 213 and 214 in Nepal House at Doranda Ranchi | 640700 | 12900 | 1250 | One Month |
| 15 | Renovation of C type Quarter No-53 (One Unit) at Ratu Road Ranchi | 585200 | 11800 | 1250 | One Month |
| 16 | Renovation of C type Quarter No-13/18 at Secretariat Colony, Ranchi | 501550 | 10100 | 1250 | One Month |
| 17 | Renovation of Barrack No-02 (Office of the Chief Engineer (Mechanical), Irrigation Deptt. at Doranda Ranchi | 1398250 | 28000 | 2500 | One Month |
| 18 | Renovation of Officers Flat No-D-14/28 and D-16/28 with Painting work, Repair of Shed with other miscellaneous Behind Nepal House Doranda Ranchi | 1748900 | 35000 | 5000 | One Month |
| 19 | Renovation of B type Quarter No-33/56 Set at Doranda Ranchi (High Court Pool) | 463400 | 9300 | 750 | One Month |
| 20 | Renovation of B type Quarter No-C-1 (Block-C), 30 Set at Near Nepal House, Doranda Ranchi (High Court Pool) | 306700 | 6200 | 750 | One Month |
| 21 | Renovation of B Type Qtr. No.-21/24 (24 Set) at Audrey House, Ranchi. | 371500 | 7500 | 750 | One Month |
| 22 | Renovation of C Type Quarter No.-02, Block No.-11 at Audrey House, Ranchi. | 518700 | 10400 | 1250 | One Month |
| 23 | Renovation of Quarter No.-B.C.D.-51/51 at Harmu, Ranchi. | 396150 | 8000 | 750 | One Month |
| 24 | Renovation of D Type Quarter No.-D/11, Block No.-2 at High Court Colony, Behind Indira Place, Hinoo, Ranchi (High Court Pool) | 1619300 | 32400 | 5000 | One Month |
| 25 | Renovation of A Type Quarter No.-A/2, 48 Set at Near Seth Sita Ram School, Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 263150 | 5300 | 750 | One Month |
| 26 | Renovation of A type Quarter No-07/12 and 8/12 at Audrey House, Rajbhawan Pool, Ranchi | 562700 | 11300 | 1250 | One Month |
| 27 | Renovation of A type Quarter No-A/23-24, 24 Set at Neart Seth Sita Ram School at Doranda, Ranchi (High Court Pool) | 452950 | 9100 | 750 | One Month |
| 28 | Renovation of A type Quarter No-A/35, 48 Set at Near Seth Sita Ram School, Doranda Ranchi (High Court Pool) | 254800 | 5100 | 750 | One Month |
| 29 | Renovation of Outer Surface of B type Quarter No-11 to 16 (16 Set) at Kanke Road Ranchi | 690900 | 13900 | 1250 | One Month |
| 30 | Renovation of B type Quarter No-13/24 at Audrey House Ranchi | 390950 | 7900 | 750 | One Month |
| 31 | Renovation of Garrage and Staff Quarter for Senior Officer's Quarter at Booty Road, Ranchi | 983850 | 19700 | 1250 | One Month |
| 32 | Renovation of C type Quarter No-99 (One Unit) at New Nagra Toli Ranchi | 575200 | 11600 | 1250 | One Month |
| 33 | Renovation of Main Building in Officer Flat No-10 (Old) at Dindayal Nagar, Booty Road Ranchi | 1200300 | 24100 | 2500 | One Month |
| 34 | Renovation of Barrack No-1, Office Cum Laboratory of Soil Investigation Division (RWD) at Doranda Ranchi | 1383600 | 27700 | 2500 | One Month |
| 35 | Renovation of B type Quarter No-22/24 (24 Set) at Police Line, Kanke Road, Ranchi | 371100 | 7500 | 750 | One Month |
| 36 | Renovation of C type Quarter No-03, Block No-06 at Audrey House Ranchi | 592500 | 11900 | 1250 | One Month |
| 37 | Renovation of B type Quarter No-76/124 at Doranda Ranchi | 384750 | 7700 | 750 | One Month |

नोट :– निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची।

PR 348759 Building(24-25)D

राज्य में गर्मी से निपटने की तैयारियों की मुख्यमंत्री ने की समीक्षा

# सुबह सात से नौ बजे तक खुलेंगे आंगनबाड़ी केंद्र



- मुख्यमंत्री ने सुबह 11:00 बजे से 5:00 बजे तक और रात 9:00 बजे से सुबह 6:00 बजे तक बिजली कटौती नहीं करने का आदेश दिया

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने लोक सेवा भवन में राज्य में गर्मी से निपटने के लिए की गयी तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने गर्मी से निपटने के लिए सरकारी स्तर पर जारी एसओपी के मद्देनजर जिलाधिकारियों को काम करने के निर्देश दिये और जिलाधिकारियों को जहां जरूरी हो वहां एसओपी से हटकर काम करने की सलाह दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पंचायतीराज विभाग द्वारा 17 हजार से अधिक ट्यूबवेल स्वीकृत किये गये हैं। उन्होंने संबंधित विभाग को सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों में काम करने वाले श्रमिकों के लिए सुबह 11: 00 बजे से दोपहर 3: 00 बजे तक काम बंद करने के निर्देश जारी करने का निर्देश दिया। यह सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया कि सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक और रात 9 बजे से सुबह 6 बजे के बीच कोई बिजली कटौती न हो। मुख्यमंत्री ने जिलाधिकारियों को जिला स्तर पर शिकायत प्रकोष्ठ की सुनवाई के समय को बदलने और इसे सुबह 7 बजे से सुबह 10 बजे के बीच पूरा करने का निर्देश दिया। अंत में मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कार्यों के लिए हमारी सरकार में इच्छा शक्ति या धन की कोई कमी नहीं होगी। बैठक में राजस्व और आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने सभी को शून्य हताहतों के प्रति जागरूकता के साथ काम करने की सलाह दी। इस बैठक में विकास आयुक्त और अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव अनु गर्ग, गृह विभाग के अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव सत्यब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक वाई बी खुरानिया, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव निकुंज बिहारी धल, लोक शिकायत एवं लोक प्रशासन विभाग के अपर मुख्य प्रशासनिक सचिव सुरेंद्र कुमार और विभिन्न विभागों के सचिवीय स्तर के अधिकारी, मौसम विभाग भुवनेश्वर की प्रमुख मनोरमा महांति एवं विभिन्न जिलों के अधिकारियों वर्चुअल रूप से उपस्थित थे। बैठक में मुख्य सचिव मनोज आहूजा ने सभी का स्वागत किया तथा विशेष राहत आयुक्त देवरंजन कुमार सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## ट्रांसपोर्ट कारोबार में धोखाधड़ी के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** ढेंकानाल ट्रांसपोर्ट कारोबार में करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी के आरोप में दो महिलाएं गिरफ्तार और एक ट्रक जब्त। इस सिलसिले में बालिमी थाने में दो मामले दर्ज किये गये हैं। परिवहन के लिए इस्तेमाल किये गये एक ट्रक को पुलिस ने जब्त कर लिया है, जबकि आगे की जांच जारी है। गिरफ्तार की गयी महिलाएं तालचेर बड़दांड साही की संतोषी महांति और तालचेर सेंट्राल कॉलोनी की रश्मिता जेना हैं। बालिमी पुलिस ने धोखाधड़ी करने वालों के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है जो विभिन्न संस्था से परिवहन व्यवसाय की आड़ में नकली दस्तावेज, चालान, रसीदें, फर्जी एग्रीमेंट का उपयोग कर ठगी करते थे।

## तीन अलग-अलग दुर्घटनाओं में चार लोगों की मौत

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** एक ही दिन में 3 अलग-अलग जगहों पर हुए हादसों में चार लोगों की मौत। खुर्दा राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 57 पर आदर्श स्कूल के पास एक बस और कार की टक्कर हो गयी। हादसे में कार सवार दंपति की मौत हो गयी। वहीं घटनास्थल पर तनाव का माहौल है, पुलिस पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। इस तरह नबरंगपुर में भी एक भीषण सड़क हादसा हुआ। तारागांव के पास बस पलटने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। राइघर से जयपुर जा रही एसबीटी नामक निजी बस तारागांव चौंक के पास अनियंत्रित होकर पलट गयी। बस के नीचे दबने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के तरफ से निम्न कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। **क्रम सं: (1), ई–निविदा सं०–पूमरे–मुप्रअ–नि–कोडरमा–ईटीईएन–KQR-02 दो पैकेट सिस्टम, कार्य का नाम :** पीकेए यार्ड, आरजेकेई यार्ड, एसडीबीएच यार्ड, पीईएच यार्ड के यार्ड रीमॉडलिंग सहित स्थायी कार्य से संबंधित ट्रैक कार्य। एसडीबीएच–पीईएच ब्लॉक सेक्शन में ट्रैक को जोड़ना और अन्य गतिविधियाँ, कट कनेक्शन, वेल्डिंग, पी.वे सामग्री का परिवहन, गिट्टी की आपूर्ति, पीकेए–पीईएच दोहरीकरण के निर्माण के संबंध में एसईजे की स्थापना आदि। **अंकलित मूल्य (रू०) :** 199323783.98, **बोली प्रतिभूति (रू.) :** 1146600.00, **कार्य पूर्ण करने की अवधि :** 12 महीने, **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय :** 14.04.2025, 15.30 बजे। ऐसी ई–निविदा के तहत डाक/ कुरियर/ फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म (firm) के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल निविदा अस्वीकार्य होगा तथा उसके बारे में बिना किसी विचार के तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई–निविदा दस्तावेज सहित की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध हैं। **द्रष्टव्य :** निविदा सूचना में पाए गए किसी भी विसंगति विवरण के मामले में अंग्रेजी संस्करण ही मान्य होगा। प्रत्याशित निविदादाताओं को यह सलाह दी जाती है कि इस ई–निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/ शुद्धिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम पन्द्रह दिन पहले वेबसाइट http://www.ireps.gov.in का अवलोकन करें।

**उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण/कोडरमा**

पीआर/2311/सीडीएचएन/ईएनजीजी/टी/24-25/44





























































आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।